आज का मौसम
$31.0^{0}$ अधिकतम तापमान
$18.0^{0}$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.58
सूर्यास्त 06.32

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया 12:00 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

रविवार, 5 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 130, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता बनर्जी - 12





■ ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी - 12



■ भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया : जयशंकर - 13





■ गेंदबाजों के कमाल और रिजवी की पारी से दिल्ली ने मुंबई को हराया - 14





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, **अपराध से आदर्श मार्ग पर मुड़ते कारागार के कैदी** व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# ईरान के परमाणु संयंत्र के पास हमला, ट्रंप बोले-2 दिन में होर्मुज खोलो या झेलो तबाही


## ईरानी विदेश मंत्री अराघची बोले- रेडिएशन फैला तो खाड़ी देशों पर भी होगा खतरा

काहिरा, एजेंसी

पश्चिम एशिया जंग जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसका खतरा और दायरा भी बढ़ता जा रहा है। ईरान के बुशहर परमाणु प्लांट पर शनिवार को हमला हुआ। प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिसमें एक गार्ड की मौत हो गई और इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान के परमाणु प्लांट पर हुए इस हमले से रेडिएशन का भी खतरा बढ़ गया है। युद्ध के दौरान इस संयंत्र को चौथी बार निशाना बनाया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए दी गई छह अप्रैल की समय सीमा की याद दिलाते हुए कहा कि इसका पालन नहीं करने पर उसे विनाशकारी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, बुशहर परमाणु प्लांट पर हुए हमले के बाद रेडियोएक्टिव रिसाव के खतरे को लेकर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रेडियोएक्टिव रिसाव हुआ तो इसका असर केवल तेहरान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि जीसीसी देशों की राजधानियों पर पड़ेगा।

अराघची ने अमेरिकी मीडिया पर शांति वार्ता को लेकर ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। ईरान द्वारा अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद लापता हुए पायलट की तलाश अमेरिका ने शनिवार को तेज कर दी। ईरान ने भी लोगों से पायलट के बारे में जानकारी देने का आह्वान किया और इनाम का वादा किया। ईरान ने अमेरिका के 'एफ-15ई स्ट्राइक ईगल' नामक लड़ाकू विमान सहित दो विमानों को शुक्रवार को मार गिराने का दावा किया था। इस दौरान एक अमेरिकी सैन्यकर्मी को बचा लिया गया और कम से कम एक पायलट अब भी लापता है। विदेश में रहकर ईरान के इस्लामी शासन के खिलाफ मुखर तरीके से आवाज उठाने वाले कई लोगों ने बताया है कि युद्ध के बीच उनके देश की सरकार निर्वासित नेताओं के परिवार के सदस्यों को हिरासत में ले रही है और उनकी संपत्ति जब्त करने की धमकी दे रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'याद है जब मैंने ईरान को समझौता करने या होर्मुज खोलने के लिए दस दिन का समय दिया था। समय तेजी से बीत रहा है, 48 घंटे बाद उन पर कहर टूट पड़ेगा।



- परमाणु संयंत्र प्लांट में तैनात एक कर्मचारी की मौत, इमारत ध्वस्त
- ईरान ने दो अमेरिकी विमानों को गिराया, एक पायलट लापता
- मुखर ईरानियों ने देश में परिजनों को बंधक बनाए जाने का लगाया आरोप

### होर्मुज खुलवाने के प्रस्ताव पर मतदान स्थगित

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस माह की अध्यक्षता संभाल रहे खाड़ी देश बहरीन ने उस प्रस्ताव पर मतदान टाल दिया, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और उस पर ईरान के प्रभुत्व को खत्म करना था। हालांकि, रूस और चीन के कड़े विरोध के कारण पहले ही इस प्रस्ताव की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे थे। परिषद की बैठकें गोपनीय होने के कारण नाम न उजागर करने की शर्त पर राजनयिकों ने बताया कि अब इस प्रस्ताव पर मतदान अगले सप्ताह कराया जाएगा।

### ईरान में फंसे भारतीय मछुआरे आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहे

**नई दिल्ली।** ईरान में फंसे भारतीय मछुआरों का एक समूह आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहा है। केंद्र सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय नागरिकों की वापसी में सहायता के लिए आर्मेनिया के अपने समकक्ष अरारत मिर्जोयान का आभार जताया। पश्चिम एशिया में एक महीने पहले शुरू हुए संघर्ष के बाद से अब तक 1,150 से अधिक भारतीय नागरिकों आर्मेनिया और अजरबैजान के जमीनी रास्ते से ईरान छोड़ा है।

# कांग्रेस के भड़काऊ बयानों से खाड़ी देशों में भारतीयों की जान को खतरा : मोदी

तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया, ताकि उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाया जा सके और इस तरह राजनीतिक फायदा प्राप्त किया जा सके। कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के बारे में ही चिंतित हैं।

मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली में कहा, मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन भारतीयों की सुरक्षा, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में रहने वाले केरल के लोगों की सुरक्षा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं इसे सुनिश्चित करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में काम करने और रहने वाले केरल के लाखों लोगों के अलावा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गोवा, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के मछुआरे ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में फंसे हुए हैं। मोदी ने कहा, हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को इसकी कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ऐसे बयान दे रही है, जिनसे पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा होने का खतरा है और अनावश्यक दहशत फैलाई जा रही है। यह सब सिर्फ मुझ पर राजनीतिक हमले करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें सिर्फ राजनीति और सत्ता की परवाह है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भारत की जनता की कोई परवाह नहीं है।



- प्रधानमंत्री मोदी बोले- पश्चिम एशिया को लेकर दिए गए बयानों पर कांग्रेस को जनता और देश से मांगनी चाहिए माफी

### गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं

मोदी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेताओं से कई बार कहा है कि इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीय भाइयों और बहनों की सुरक्षा भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, केरल के लाखों निवासी इस क्षेत्र में काम करते हैं, फिर भी कांग्रेस नेताओं के गैरजिम्मेदाराना बयान उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। मैं कांग्रेस नेताओं से आग्रह करता हूं कि वे ऐसे बयान देने से बचें, जिनसे पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की जान को खतरा हो सकता है। हमारी सरकार के खाड़ी देशों के साथ मजबूत संबंध ही इन कठिन समय में हमारे लोगों की रक्षा करने में मददगार साबित हो रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली में 400 रुपये के लिए युवक की हत्या, तीन नाबालिग पकड़े गए

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर दिल्ली के दयालपुर इलाके में 400 रुपये को लेकर हुए विवाद के बाद 26 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 'न्यू मुस्तफाबाद' निवासी कैफ के रूप में हुई है। उस पर उसके परिचित लोगों ने शुक्रवार शाम हमला किया था। उन्होंने बताया कि कैफ को जेपीसी (जग प्रवेश चंद्र) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है। जिसके बाद अपराध एवं फॉरेंसिक दल ने मौके का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए।

# आंधी-बारिश से कई जिलों में भारी नुकसान, 4 की गई जान



कानपुर में विशाल पेड़ उखड़कर ऑटो पर गिर गया। • अमृत विचार

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम खराब, गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान
- कानपुर में 3 और मथुरा में एक की मौत, फतेहपुर सीकरी में मकान गिरने से सात लोग घायल

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

प्रदेश में शनिवार को आए तेज आंधी-तूफान, बारिश व ओलावृष्टि ने तबाही मचाई। कानपुर के काकादेव में आटो पर पेड़ गिरने से चालक और एक महिला की मौत हो गई। गुजैनी में जलभराव में बाइक फिसलने से एक युवक की जान चली गई। मथुरा में हाईटेंशन लाइन टूटकर जमीन पर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार बिजली मिस्त्री की मौत हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य यूपी समेत प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में बारिश हुई। मथुरा में तेज आंधी के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। करीब 600 बिजली के खंभे टूट गए, जिससे 200 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। वहीं, फतेहपुर सीकरी में मकान गिरने से सात लोग घायल हो गए। आगरा, मथुरा, कानपुर-बुंदेलखंड और जालौन समेत कई जिलों में गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। लखनऊ में आम की फसल को करीब 15 प्रतिशत नुकसान पहुंचा है।

### मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश में शनिवार को हो रही असमय बारिश से प्रभावित किसानों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का आकलन करें और किसानों को यथाशीघ्र राहत दिलाएं। उन्होंने कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। सीएम योगी ने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को भी निर्देशित किया। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है वे 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# गैस संकट के बीच एजेंसी से 108 सिलेंडर चोरी

**पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)।** गैस संकट के दौर में चोर नकब लगाकर नगर के मोहल्ला सिंघइया स्थित करुणा गैस एजेंसी के गोदाम में घुस गए और उसमें रखे कुल 108 एलपीजी सिलेंडर चोरी कर ले गए। इस वारदात ने एक बार फिर पुलिस की गश्त को कटघरे में खड़ा कर दिया है। माना जा रहा है कि चोरों ने सिलेंडर ले जाने में किसी वाहन का उपयोग किया, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। इससे एक बार फिर पुलिस की चौकसी और गश्त सवालों के घेरे में आ गई है।

एजेंसी मालिक अमीश कुमार सिंह ने बताया कि सुबह जब गोदाम खोला गया तो दीवार में नकब लगी हुई देखी गई। अंदर रखा स्टॉक गायब था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एजेंसी मालिक ने बताया कि इससे पहले भी गोदाम में चोरी की घटना हो चुकी है। इससे कोई भी चौकीदार गोदाम पर तैनात होने को तैयार नहीं होता। बता दें कि इस समय प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में रसोई गैस की किल्लत बनी हुई है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडरों की चोरी से स्थानीय आपूर्ति पर सीधा असर पड़ सकता है। पहले से ही लंबी कतारों में खड़े होकर सिलेंडर लेने को मजबूर उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

नगर में आए दिन होने वाली चोरी और खुलासों के न होने से लोग परेशान हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।



चोरी की जानकारी देते अमीश कुमार

- नकब लगाकर गोदाम में घुसे चोर, 90 भरे व 18 खाली सिलेंडर उड़ाए







जागरूकता

## वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी ने शुरू किया 'स्कूल चलो अभियान', स्कूली बच्चों से किया संवाद

# भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी ईश्वर ने सिर्फ शिक्षकों को दी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर (वरुणापार जोन) से नए शैक्षणिक सत्र के लिए 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया। उन्होंने समाज के हर वर्ग-शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाए।

योगी ने कहा कि शिक्षा सबसे पवित्र कार्य है और हर बच्चे को शिक्षित करना समाज व राष्ट्र की समृद्धि के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जब एक बच्चा साक्षर होता है, तो समाज सशक्त और राष्ट्र समृद्ध होता है, जबकि निरक्षरता गरीबी और पिछड़ेपन को जन्म देती है। भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी ईश्वर ने केवल शिक्षकों को दी है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। पिछले नौ वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में लगभग 60 लाख नए बच्चों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले ड्रॉपआउट दर 19 प्रतिशत थी।



**वाराणसी :** स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ अवसर पर एक बच्ची को स्कूल बैग, किताब व उपहार देते मुख्यमंत्री योगी।

### 'घर-घर दस्तक' का आह्वान

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से एक से 15 अप्रैल तक 'स्कूल चलो अभियान' के तहत घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालय खुलने से पहले गांव-मोहल्लों में जाकर अभिभावकों से संवाद करें और सुनिश्चित करें कि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। योगी ने कहा कि राज्य सरकार अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। इस धनराशि का प्रभाव भी दिखाई देना चाहिए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.36 लाख से अधिक विद्यालयों को बुनियादी सुविधाओं से लैस किया गया है, जिसकी सराहना नीति आयोग ने भी की है।

## न्यूज ब्रीफ

### मृत कार्यकत्री के परिजनों से मिले डीएम-सीडीओ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शनिवार को मृतका आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीती के घर पहुंचकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह और अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। अधिकारियों ने परिवार के दुख में शामिल होते हुए ढांढस बंधाया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह परिवार के साथ खड़ा है और हरसंभव मदद दिलाई जाएगी। शासन और प्रशासन की ओर से जो भी सहायता संभव होगी, वह उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि परिवार को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने भी परिजनों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में प्रशासन परिवार के साथ है। अधिकारियों ने कहा कि परिवार को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

### आंधी और बूंदाबांदी ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**कलान, अमृत विचार :** शुक्रवार रात आई तेज आंधी और बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी और कटी पड़ी फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। गेहूं की फसल जहां पककर तैयार थी और कई जगह कट भी चुकी थी। वहीं अचानक हुई बारिश से फसल भीग गई। इससे उसकी थ्रेसिंग में दिक्कत आने की संभावना है। मकरंदपुर, झकरेली, रोहननगला, जहानाबाद, खमरिया, पिडाराउत्तर और सुखनैया समेत कई गांवों में सरसों की फसल भी प्रभावित हुई है। गेहूं की सूखी फसल भी बूंदाबांदी के कारण नम हो गई है। आंधी और बादल छाए रहने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि अचानक आए इस मौसम परिवर्तन से भारी नुकसान की आशंका है। भागीरथी गंगा कटरी क्षेत्र के विक्रमपुर, छिदकुरी, मोती नगला, आंधी देही, मरथरा, टढ़ई भुनीखेड़ा, नौसना, मढ़ैया, बेहटी, गढ़िया, छवि, पुन्नी नगला और भुडेली सहित कई गांवों में तंबाकू की कटाई चल रही थी, जो बारिश में भीग गई। इससे बिक्री पर असर पड़ने की संभावना है। साथ ही तेज आंधी के कारण गेहूं की फसल एक खेत से दूसरे खेत में उड़कर चली गई, जिससे किसानों को और नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### परामर्श केंद्र में दो दंपती का कराया समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन परिसर में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में कुल पांच पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। इसमें दो दंपती के बीच समझौता कराया गया। परामर्श के बाद दोनों दंपति आपसी सहमति से साथ रहने को तैयार हो गए और उन्हें सकुशल विदा किया गया। थाना कांट क्षेत्र के एक दंपति, जिनका विवाह करीब एक वर्ष पूर्व हुआ था, के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। महिला पिछले पांच माह से मायके में रह रही थी और उसने आरोप लगाया कि उसका पति अपनी भाभी की बात अधिक मानता है। दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया गया, जिसके बाद दोनों ने साथ रहने का निर्णय लिया। इसी तरह थाना सिंधौली क्षेत्र के एक दंपति, जिनका विवाह करीब आठ माह पूर्व हुआ था। उनके बीच भी विवाद था। महिला का आरोप था कि पति किसी के कहने पर उस पर शक करने लगा था। परामर्श केंद्र में बातचीत कराकर दोनों को समझाया गया, जिसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया। इस दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उप निरीक्षक मधु यादव, मुख्य आरक्षी चन्द्रकान्ता, सिपाही मोनिका कुमारी, साकेत कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# झोलाछाप के खिलाफ चलेगा अभियान

## सीएचसी-पीएचसी स्तर पर बनी टीमें करेंगी कार्रवाई, सीएमओ व एसीएमओ करेंगे निगरानी

- डिग्री के आधार पर की जाएगी झोलाछाप की पहचान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में लगातार अपनी जड़ें मजबूत कर रहे झोलाछाप के खिलाफ जिले भर में अभियान चलाया जाएगा। सीएमओ डॉ. विवेक मिश्र ने इसके संकते दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में जहां-जहां झोलाछाप प्रैक्टिस कर रहे हैं उन्हें चिंहित कर कार्रवाई की जाएगी।

जिले में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल लगातार फैलता जा रहा है, जबकि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई भी कर रही हैं। अमृत विचार अभियान के दौरान यह सामने आया कि छापेमारी और निगरानी के बावजूद बड़ी संख्या में झोलाछाप खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। अधिकारियों का कहना है कि समय-समय पर झोलाछाप के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीमें भी सक्रिय रहती हैं। सीएचसी और पीएचसी स्तर पर भी निगरानी के लिए टीमों का गठन किया गया है, जो ऐसे लोगों पर नजर रखती हैं और शिकायत मिलने पर छापेमारी करती हैं। इसके बावजूद सवाल यह उठ रहा है कि जब लगातार कार्रवाई की जा रही है, तो जिले में सैकड़ों झोलाछाप कैसे फल-फूल रहे हैं। ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में बिना डिग्री के इलाज करने वाले लोग धड़ल्ले से काम कर रहे हैं और मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि छापेमारी के बाद कुछ दिन तक सख्ती रहती है, लेकिन फिर हालात पहले जैसे हो जाते हैं। ऐसे में प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं और प्रभावी निगरानी व स्थायी समाधान की मांग तेज हो गई है।

### संदिग्धों की डिग्री जांचेगा स्वास्थ्य विभाग

जिले में झोलाछाप पर लगाम लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग अब सख्त कदम उठाने जा रहा है। संदिग्ध डॉक्टरों की डिग्री की जांच कर असली और नकली की पहचान की जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाने की तैयारी की गई है, जिससे बिना मान्यता के इलाज करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले में ऐसे कई लोग हैं जो बिना वैध डिग्री के मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर उनकी शैक्षिक योग्यता और प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। डिग्री सत्यापन के बाद ही तय होगा कि संबंधित व्यक्ति डॉक्टर है या झोलाछाप। इस अभियान के तहत सीएचसी और पीएचसी स्तर पर टीमें गठित कर क्षेत्रवार जांच कराई जाएगी। संदिग्ध लोगों की सूची तैयार कर उनके क्लीनिक और चिकित्सकीय दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जहां भी अनियमितता पाई जाएगी, वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित और सही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। साथ ही झोलाछाप के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उनके नेटवर्क को खत्म करने की दिशा में यह कदम अहम माना जा रहा है।

### सख्ती देख दुकान बंद कर देते हैं झोलाछाप

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सख्ती देखकर झोलाछाप अपनी दुकानें बंद कर देती हैं। ऐसे में अगर टीम कार्रवाई के लिए निकलती भी है तो भी कार्रवाई नहीं हो पाती। जब सख्ती कम हो जाती है तो झोलाछाप दोबारा प्रैक्टिस करने लगते हैं। इसके अलावा कई बार एक झोलाछाप पर कार्रवाई होती है तो वह प्रैक्टिस बंद कर देता है। इसके बाद दूसरा व्यक्ति बतौर झोलाछाप काम करना शुरू कर देता है। जिसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को काफी बाद में हो पाती है।




> झोलाछाप के खिलाफ हम समय-समय पर अभियान चलाते रहते हैं। जल्द ही जिले में दोबारा अभियान चलाकर झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> -डॉ. विवेक मिश्र, सीएमओ

### स्कूल चलो अभियान रैली में उमड़ा जनसैलाब

**पुवायां, अमृत विचार :** विकास खंड पुवायां में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर सब पढ़ें, सब बढ़ें जैसे नारों से पूरे क्षेत्र का माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया और गांव-गांव में लोगों को बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। रैली में मुख्य अतिथि विधायक चेतराम मौजूद रहे। उनके साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरजन लाल, नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि पुनीत शर्मा और खंड शिक्षा अधिकारी के.के. शुक्ला सहित कई लोग शामिल हुए। विधायक चेतराम ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है और अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजना चाहिए। मुख्यमंत्री की ओर से स्कूल चलो अभियान रैली का लाइव प्रसारण भी देखा गया, जिससे कार्यक्रम में और उत्साह बढ़ गया। रैली का संचालन गौरव त्रिपाठी ने किया। शिक्षक प्रेमचंद्र वर्मा, पल्लवी, अंबुज, राकेश रोशन, रजनी, रिया, अरविंद, छोटे लाल, सुखपाल, प्रदीप, मंगल आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत कर्मचारियों ने बैठक में उठाईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मासिक बैठक में पेंशनरों के मुद्दों पर हुई चर्चा
- टर्म ऑफ रेफरेंस में पेंशनरों को शामिल करने की मांग

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक में पेंशन संबंधी कई समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आठवें वेतन आयोग में टर्म ऑफ रेफरेंस में पेंशनरों को शामिल करने की एक स्वर में मांग उठाई गई। साथ ही सदस्यता नवीनीकरण तथा सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया।

शनिवार को लोधीपुर स्थित एक मन्नत लॉन में एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष जोगेश कुमार पाली की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उप्र लखनऊ के आह्वान पर 21 अप्रैल को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला प्रशासन को इस निर्णय से जल्द अवगत करा दिया जाएगा। प्रदर्शन में आठवें वेतन आयोग में टर्म ऑफ रेफरेंस में पेंशनरों को शामिल कराना मुख्य उद्देश्य होगा। इसके अतिरिक्त पेंशनर्स की समस्याओं और सदस्यता नवीनीकरण / सदस्यता अभियान आदि बिंदुओं पर विचार किया गया।

बैठक में एमएमए खान, राम लड़ैते यादव, राम सेवक शर्मा, विष्णु प्रकाश गुप्ता, ओमकार सिंह, नन्हे लाल, बनवारी लाल, नेवाजी, सुशील कुमा सक्सेना, अवतारी सिंह, कमल किशोर अग्निहोत्री, बाल कृष्ण त्रिपाठी, राम किशोर शर्मा, शराफत अली मंसूरी, राजाराम पाल, चन्द्रपाल गंगवार, इफ्तिखार अहमद, संध्या राठौर, सर्वेश कुमार गुप्ता, पंकज बाजपेई, अशफाक हसन खां, प्रताप नारायण अवस्थी, रामशरण राव, छेदा लाल विशारद, रामवीर सिंह, रमाकान्त, नरेश शर्मा, रामदास भास्कर, रामदास वर्मा, रामपाल, सन्त विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। अंत में पेंशनर्स अशोक मिश्रा, राम शरण द्विवेदी, तसलीम के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

# मंदिर-झील सौंदर्यीकरण का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने जलालाबाद स्थित भगवान परशुराम मंदिर और उससे जुड़ी झील के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। यह कार्य भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना आध्यात्मिक परिपथ-1 के तहत कराया जा रहा है, जिससे परशुरामपुरी को प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंदिर परिसर और झील क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखी और कार्यदायी संस्था के अभियंताओं व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय में पूरे किए जाएं। उन्होंने साप्ताहिक कार्य योजना बनाने और जरूरत के अनुसार मजदूर बढ़ाने के भी निर्देश दिए।



जलालाबाद में परशुराम मंदिर पहुंचे डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

डीएम ने कहा कि परियोजना से जिले में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने परिसर की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और आगंतुकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। निरीक्षण के बाद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने मंदिर में पूजा अर्चना की। संबंधित विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दोषियों पर की जाए कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने जनपद की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न गंभीर समस्याओं को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा को 6 सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिसमें एक सप्ताह में प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई।

शनिवार को जिलाध्यक्ष रफी उल हसन के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए। जनसमस्याओं को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद के कई निजी विद्यालयों द्वारा पुस्तकों की खरीद को लेकर एक सुनियोजित एकाधिकार (मोनोपोली) स्थापित कर लिया है, जिससे अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि विद्यालयों द्वारा कोर्स, पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म को जबरन विद्यालय परिसर या उनसे जुड़े दुकानों से ही खरीदने का दबाव बनाया जाता है। ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग की गई कि इन अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाई जाए।



कलेक्ट्रेट परिसर में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते एनएसयूआई पदाधिकारी।

- फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र प्रकरण की निष्पक्ष हो जांच

ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में कई स्थानों पर स्कूल, कॉलेज, अस्पताल एवं धार्मिक स्थलों के समीप संचालित शराब की दुकानों को तत्काल प्रभाव से हटाया या स्थानांतरित किया जाए। फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, महानगर अध्यक्ष अनुभव कटारिया, जिला उपाध्यक्ष प्रत्युष कुमार मिश्रा, आमिल खान, सिकंदर अली, अंकित सक्सेना, शाश्वत मिश्रा, अचल गुप्ता, हर्ष गंगवार, अयान अकील, परवेज अहमद, सरताज खान, अभिनव, अब्दुल्ला, जमाल खान आदि थे।

### ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार के आरोप जांच की मांग

**पुवायां, अमृत विचार:** खुदागंज क्षेत्र के ग्राम रौतापुर कला के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर सरकारी धन के दुरुपयोग और घटिया निर्माण कार्य कराने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि खड़ंजा और इंटरलॉकिंग कार्यों में मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है और पुराने खड़ंजे की ईंटें निजी उपयोग में ली जा रही हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत सचिव की मिलीभगत से अनियमितताएं की जा रही हैं और शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और सरकारी सामग्री को जब्त कर सही कार्य कराने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में अभिनय वर्मा, ओमशंकर, सदनपाल व विश्राम सागर सहित कई लोग शामिल हैं।

### आंधी से 150 गांवों की बिजली गुल उपभोक्ता परेशान

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** शुक्रवार देर रात तेज हवा और आंधी के चलते बादशाहनगर विद्युत उप केंद्र से जुड़े करीब डेढ़ सौ गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे घरों में लगे टीवी, कूलर और पंखे बंद हो गए और मोबाइल स्विच ऑफ हो गए। इससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बिजली न आने पर लोगों को मोबाइल चार्ज करने के लिए डीजल इंजन से चलने वाली आटा चक्कियों पर लगे अल्टीनेटर का सहारा लेना पड़ा। उप खंड अधिकारी राजेश कुमार का सीयूजी नंबर बंद मिला, जबकि जेई अरविंद कुमार ने बताया कि लाइन पर काम चल रहा है और जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# जिले से बाहर भूसा ले जाने पर लगाया प्रतिबंध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीएम ने जारी किया आदेश गोवंशों के भरण-पोषण को लेकर प्रशासन सख्त

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आदेश जारी कर जिले की सीमा से बाहर भूसे के परिवहन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग के निर्देशों के तहत जारी आदेश में कहा कि अप्रैल में गेहूं की कटाई शुरू होने के साथ भूसे की पर्याप्त उपलब्धता रहेगी और टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही भूसे का क्रय कर भंडारण किया जाएगा। समीक्षा में सामने आया कि भूसे का प्रयोग अन्य व्यावसायिक इकाइयों में होने के कारण जिले से बाहर परिवहन किया जाता है। गोवंशों के भरण-पोषण पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का पालन कराने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी व खंड विकास अधिकारियों को कार्रवाई सुनिश्चित को कहा है।

### डिपो में महिला प्रकोष्ठ का गठन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रान्तीय महामंत्री गिरीश चन्द्र मिश्रा के आह्वान पर शाहजहांपुर डिपो में शाखा अध्यक्ष राजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इस दौरान गोला डिपो से क्षेत्रीय संयोजक संविदा प्रमोद मिश्रा की ओर से सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें नीता श्रीवास्तव को शाखा अध्यक्ष, कविता सिंह को शाखा मंत्री और अर्पिता वर्मा को संगठन मंत्री बनाया है। साथ ही रिचा अग्निहोत्री को उपाध्यक्ष, गौरी शमी को संयुक्तमंत्री और मोहम्मद अंशारी को संगठन सचिव नियुक्त किया है। कार्यक्रम में प्रतिमा, नसीम बानो, पूनम देवी, स्वाती, रजनी मिश्रा, अर्चना मिश्रा, विनोद मिश्रा, साहेवराम यादव, सुशील त्रिवेदी, प्रदीप दीक्षित, मृदुल कुमार और गौरव त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### राज्यपाल को प्रगतिशील किसान ने भेंट किया काला आलू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने लखनऊ स्थित राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात कर अपने कृषि फार्म में उगाए गए कुफरी नीलकंठ काला आलू भेंट किया। इस दौरान राज्यपाल ने काले आलू की सराहना करते हुए अधिकारियों को बुलाकर परिचय कराया और किसानों की आय बढ़ाने व खेती को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि अगले सीजन में काला आलू राजभवन में ही उगाया जाएगा, जिसके लिए बीज कृषक कौशल मिश्रा उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने किसानों को आर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित करने पर भी विशेष जोर दिया और कौशल मिश्रा से कहा कि वे अपने अनुभव अधिक से अधिक किसानों के साथ साझा करें, ताकि अन्य किसान भी खेती में अच्छा काम कर अपनी आमदनी बढ़ा सकें।



### एसपी ने कांट थाने का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी सौरभ दीक्षित ने कांट थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कार्यालय, मालखाना, मैस और बैरक आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए। शिकायतों पर पारदर्शिता बनाए रखा जाए। महिला हेल्प डेस्क कार्य प्रणाली का निरीक्षण करके दिशा निर्देश दिए। महिला सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया जाए। मैस में भोजन की गुणवत्ता तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस कर्मचारियों को रहने के लिए बैरक में और बेहतर सुविधा बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने वाहन पार्किंग व अभिरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के समय थाना प्रभारी आदि स्टाफ मौजूद रहा।





### उद्यम विकास और कौशल-निर्माण में योगदान के लिए किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व विद्या प्लाईवुड के डायरेक्टर अशोक अग्रवाल को हाल ही में एमएसएमई मंत्रालय और अरुणाचल यूनिवर्सिटी की संयुक्त सम्मान सभा में सम्मानित किया गया। समारोह में अरुणाचल यूनिवर्सिटी की ओर से उन्हें शॉल और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर उद्यम विकास और कौशल-निर्माण में उनके योगदान को मान्यता दी। अशोक अग्रवाल ने बताया कि आईआईए प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा पूर्वोत्तर भारत में एमएसएमई विकास के लिए आइस-ब्रेकर सिद्ध होगा और विकास के नए रास्ते खोलेगा। आईआईए के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने किया।

### रिटायर्ड बैंक प्रबंधक का निधन शोक जताया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** यूनियन बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक सैयद अब्दुल रहमान का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। महानगर के मोहल्ला बाड़ूजई द्वितीय निवासी सैयद अब्दुल रहमान (71) की शुक्रवार रात में तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें निजी और सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। उनके निधन पर जीएफ कालेज के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खां, अब्दुल बारी खां, मशहूद अहमद खां, आफाक उल्ला खां, सैयद अनीस अहमद, सैयद रईस अहमद, सैयद मोहम्मद असलम, सैयद मोहम्मद अजमल, रऊफ खां, डा कैसर वली खां, सैयद वकारूल हसन, डॉ. इमरान, हारून हनफी, सैयद जुहैब रिजवी, सैयद मोहम्मद अहमद, नबील खां, सुल्तान अहमद खां आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है। देर शाम मोहल्ले के आबाई कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया।



# आकांक्षी नगर योजना के तहत मिनी स्टेडियम के लिए भूमि आवंटन की उठी मांग

संवाददाता, निगोही

- सभासदों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन खेल मैदान की बताई जरूरत

**अमृत विचार :** नवसृजित नगर पंचायत निगोही में आकांक्षी नगर योजना के तहत स्वीकृत मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में सभासदों ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर स्टेडियम निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है।

सभासदों ने बताया कि नगर विकास अनुभाग-4 के शासनादेश दिनांक 21 मार्च के तहत मिनी स्टेडियम के निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है और इसके लिए धनराशि भी आवंटित की जा चुकी है। ज्ञापन में बताया गया कि स्टेडियम निर्माण के लिए नगर पंचायत निगोही क्षेत्र के राजस्व ग्राम हमजापुर की गाटा संख्या 252, क्षेत्रफल 0.4980 हेक्टेयर भूमि उपयुक्त है। यह भूमि वर्तमान में क्रीड़ास्थल के लिए सर्वहितैषी उच्च माध्यमिक विद्यालय हमजापुर के नाम पट्टे पर आवंटित है, लेकिन वहां किसी प्रकार का खेल मैदान विकसित नहीं किया गया है। सभासदों ने आरोप लगाया कि उक्त पट्टा गलत तथ्यों के आधार पर आवंटित किया गया और पट्टेदार की ओर से वहां मिट्टी का अवैध खनन कर बेचा गया, जो पट्टे की शर्तों का उल्लंघन है। उन्होंने संबंधित अभिलेखों का हवाला देते हुए डीएम से पट्टा निरस्त कर उक्त भूमि को नगर पंचायत निगोही को मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए आवंटित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के युवाओं को खेल सुविधा और शासन की योजना का लाभ मिल सके।

### निधन पर जताया शोक, जनप्रतिनिधियों ने दी सांत्वना

**कलान, अमृत विचार :** नगर पंचायत थाना रोड निवासी ब्लॉक प्रमुख रुचि वर्मा के पति राहुल वर्मा का 24 मार्च की रात ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया था। राहुल वर्मा पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा के पुत्र थे। शनिवार को अपराह्न करीब 3 बजे डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम एफआर अरविंद कुमार, एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह, तहसीलदार सृजित कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी उनके आवास पहुंचे। साथ ही विधायक हरप्रकाश वर्मा, विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह, मिर्जापुर के ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, नगर पंचायत कलान के चेयरमैन हरनारायण गुप्ता और नगर पंचायत के चेयरमैन शकील अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

# आर्य समाज मंदिर के वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन किया यज्ञ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आर्य समाज मन्दिर टाउन हाल रोड का 149 वां वार्षिकोत्सव दूसरे दिन भी जारी रहा। शनिवार को प्रातः काल में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के बाद वैदिक भजनोपदेशिका गीता आर्या ने वेद मन्त्रों का पाठ किया। उन्होंने बताया कि गौ घृत से यज्ञ करने से अभीष्ट सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। मुंसवन संस्कार में गौ धृत व दुग्ध का बहुत बड़ा योगदान होता है। जबकि आज गाय की दुर्दशा हो रही है, जो हमें जीवन देती है।

- गौ घृत से यज्ञ करने से अभीष्ट सुख समृद्धि की प्राप्ति होना बताया

गीता आर्या ने आगे कहा कि राम कृष्ण व अन्य सभी महापुरुषों का गाय से ही सम्बन्ध रहा है। बदायूं से पधारे विजय देव नैष्ठिक ने कहा कि हमारे जैमिनी ऋषि से लेकर ब्रह्मा तक सभी का यज्ञमय जीवन था, किन्तु आज यज्ञों में पशुबलि देकर यज्ञ का स्वरूप बिगाड़ दिया गया है। पशुबलि के कारण महात्मा बुद्ध ने वेद मार्ग को छोड़कर बौद्ध मत चलाया, क्योंकि वह दयालु प्रवृत्ति के थे। पण्डितों ने उन्हें वेद में पशुबलि का उल्लेख बताया। इसलिए वह इनसे अलग हो गए। बलि का अर्थ होता है भाग, त्याग। जबकि महाभारत के बाद लोग बलि का अर्थ ही हिंसा समझ बैठे। कार्यक्रम में जितेन्द्र नाथ आर्य, आनन्द योगेश्वर, संजय, वेदपाल सिंह, सुशीला देवी, गायत्री दीक्षित, गीता सिंह, गौरव, सत्येन्द्र शास्त्री, सुनीता कोविद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने अभियान चलाकर काटे चालान

**तिलहर अमृत विचार** : नगर के व्यस्त बाईपास चौराहे पर शनिवार दोपहर को कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर हाईवे पर सवारी बैठाने वाले चार पहिया वाहनों और मोटरसाइकिलों के चालान काटे। अचानक चले इस अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कई वाहन चालक मौके से खिसक गए। निगोही मार्ग पर अक्सर टेंपो सड़क पर खड़े कर भूसे की तरह सवारियां भरी जाती हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और पहले भी छुटपुट हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। शनिवार को मौजपुर चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार अपनी टीम के साथ पहुंचे और बाईपास चौराहे पर समोसे की दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिलों के चालान काटने शुरू कर दिए। इस दौरान सड़क के बीच खड़ी एक चार पहिया गाड़ी और एक टेंपो का भी चालान किया गया।

### अग्नि सुरक्षा के लिए किया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : अग्निशमन अधिकारी बीडी पटेल ने बताया कि अधिकारियों के आदेशानुसार जिले में संचालित स्कूल व कॉलेजों का फायर आडिज, अग्नि सुरक्षा एवं इवेक्वेशन के संबंध में चेकिंग अभियान चलाकर अध्यापक, अध्यापिकाओं, छात्र एवं छात्राओं को अग्नि सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया।

### फायरिंग में व्यक्ति हुआ घायल, वीडियो वायरल

**शाहजहांपुर अमृत विचार** : मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव लेही निवासी रोली देवी ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके देवर विपिन का गांव के कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है। शनिवार की सुबह 9 बजे गांव के कुछ लोगों ने उसके देवर को खेत पर घेर लिया। उसके देवर ने फोन करके बताया कि गांव के कुछ लोग उसके साथ मारपीट कर रहे है। वह और उसका पति दिनेश उसे बचाने के लिए खेत पर गए। आरोप है कि आरोपियों ने तमंचे से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। उसके पति दिनेश के गोली छूते हुए निकल गयी। उसका पति घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग करते हुए भाग गए। वह अपने पति को मदनापुर सीएचसी पर ले गयी। डाक्टर ने घायल दिनेश को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। इस घटना से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में युवक हाथ में तमंचा और डंडे लिए दिखायी दे रहे है। मदनापुर थाना के उप निरीक्षक सचिन कुमार राणा ने बताया कि झगड़े की सूचना मिली थी, जिसमें दिनेश घायल हो गया है। घायल को मेडिकल भेज दिया है और फायरिंग की जांच की जा रही है। बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से दो की मौत

## परिजनों ने लगाया जाम, धरना देने की वजह से डेढ़ घंटे तक बंद रहा मंडी गेट

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत के बाद शनिवार को परिजनों का गुस्सा उफान पर पहुंच गया। आक्रोशित परिजन नवीन गल्ला मंडी गेट पर पहुंच गए और आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर धरना देकर गेट बंद कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक मंडी गेट जाम रहने से क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार रात नेशनल हाईवे स्थित नवीन गल्ला मंडी के पास सर्विस रोड पर हुए इस हादसे में मंसूरपुर गोटिया गांव निवासी विपिन और उमेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। परिजनों के मुताबिक दोनों युवक कपसेंडा में लगे मेले में दुकान लगाकर देर रात घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से



कार्रवाई की मांग को लेकर जाम लगाकर बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- नेशनल हाईवे स्थित नवीन गल्ला मंडी के पास हुआ हादसा

फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

शनिवार सुबह घटना से नाराज परिजन और ग्रामीण मंडी गेट पर एकत्र हो गए और धरना शुरू कर दिया। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि शुक्रवार रात ही गल्ला मंडी परिसर में सघन तलाशी ली जाती तो ट्रैक्टर ट्राली बरामद हो सकती थी, लेकिन पुलिस की ढिलाई के



मृतक विपिन।



मृतक उमेश।

चलते आरोपी फरार हो गया। इस दौरान परिजनों और पुलिस के बीच तीखी नोंकझोंक भी हुई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिसकर्मियों द्वारा सख्ती दिखाने पर हिंदू युवा वाहिनी के नगराध्यक्ष संजीव कुमार ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे जनविरोधी रवैया बताया।

सूचना पर पहुंची क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव और कोतवाल ने



धरना देने की वजह से बंद मंडी गेट।

स्थिति को संभालते हुए परिजनों को समझाया और कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान एक दरोगा द्वारा परिजनों को धमकाने पर सीओ ज्योति यादव ने मौके पर ही फटकार लगाई, जिसके बाद माहौल शांत हुआ। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन धरना समाप्त कर मंडी गेट खोलने को तैयार हुए। सीओ ज्योति यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी वाहन की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सिंधौली/शाहजहांपुर, अमृत विचार** : युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। वह कई बीमार चल रही थी। स्वजन की मांग है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाए।



मृतक मीरावती।

गांव मूड़ा फत्तेपुर निवासी 22 वर्षीय मीरावती को पिछले वर्ष जनवरी में फालिश अटैक पड़ गया था। तब से असहाय मीरावती चलने फिरने में भी असमर्थ थी। पिता सियाराम सहित मां राजबेटी का भी चार साल पहले निधन हो जाने के कारण अकेली रह गयी थी। गांव के ही उसके फूफा राजकुमार उसकी देखभाल करने लगे थे। माता पिता की मृत्यु के बाद 12 बीघा जमीन मीरावती के नाम आ गई थी। शनिवार की सुबह सोकर उठे फूफा राजकुमार के द्वारा आवाज देने पर भी कोई जबाव नहीं मिलने पर मृत्यु की जानकारी हुई। मृतका के चाचा मुनीष ने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर शव का पीएम कराने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि स्वजन की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# इंदलपुर गांव में आग लगने से गेहूं की फसल जली



आग से जली फसल का निरीक्षण करते विधायक चेतराम और अधिकारी।

संवाद, पुवायां

**अमृत विचार:** विकास खंड बंडा के ग्राम इंदलपुर में भीषण आग लगने से किसानों की खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसानों में हाहाकार मच गया और उनकी महीनों की मेहनत पल भर में खत्म हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुवायां के विधायक चेतराम मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों से मुलाकात कर हाल जाना।

विधायक चेतराम ने खेतों में पहुंचकर जली हुई फसल का मौके पर ही आकलन कराया और अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रभावित किसानों के प्रपत्र शीघ्र तैयार कराकर उन्हें जल्द से जल्द

- विधायक ने मौके पर पहुंचकर लिया नुकसान का जायजा

मुआवजा दिलाया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। विधायक ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी है और किसी भी किसान को नुकसान की भरपाई से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि राहत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्रा, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, बंडा थाना के उप निरीक्षक सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान शैलेंद्र चौहान, फतेहचंद्र वर्मा, रामभजन वर्मा, नेतराम वर्मा, प्रकाश चंद्र वर्मा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## होटल में संचालक से अभद्रता और पुलिस से की नोकझोंक

**तिलहर, अमृत विचार** : बाईपास चौराहे के पास देर रात एक होटल में मामूली कहासुनी ने विवाद का रूप ले लिया। होटल पर खाना खा रहे दो युवकों और पुलिसकर्मियों के बीच कहासुनी के बाद हंगामा हो गया। मामला बढ़ने पर पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और कोतवाली ले गई।

दोनों युवक होटल संचालक से रोटी जल्दी देने को लेकर अभद्र व्यवहार कर रहे थे। इसी दौरान होटल पर मौजूद दरोगा और एक सिपाही ने युवकों को टोका, जिस पर दोनों युवक दरोगा से ही भिड़ गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन विवाद और बढ़ गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और दरोगा से कहासुनी हो गई थी। दोनों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की जा रही है।

# बस पर पथराव, चालक परिचालक से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : जलालाबाद में सवारियों को आगे उतारने पर कुछ सवारियां नाराज हो गई। सवारियों ने बस पर हमला कर दिया। इस दौरान सवारियों ने रोडवेज बस चालक को पीटकर घायल कर दिया। चालक को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गए। पुलिस ने चालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जौनपुर जिले के थाना बदलापुर के गांव नवादा निवासी उमाशंकर ने जलालाबाद थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि लीडर रोड डिपो की बस का चालक है। शुक्रवार की रात साढ़े सात बजे हल्द्वानी से प्रयागराज बस लेकर जा रहा था।

जलालाबाद में मुख्य चौराहे पर आया, जहां जाम लगा होने के कारण चालक ने बस आगे ले जाकर रोकी। इस दौरान बस

- सावारियां आगे उतारने पर हुआ विवाद, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

से एक यात्री चालक को गाली देने लगा, कहा कि आगे जाकर बस क्यों रोकी। विरोध करने पर चालक उमा शंकर के साथ मारपीट की। आरोपी ने अपने भाई को बुला लिया। दोनों भाई मारपीट करने लगे। बस के सामने पत्थर लेकर खड़े हो गए। आरोप है कि आरोपियों ने परिचालक परवजे अहमद निवासी गौसाई तालाब थाना शहर कोतवाली जिला मिर्जापुर के साथ मारपीट की। दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी दानिश व सामिर निवासी वर्कजई थाना जलालाबाद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बंडा थाना क्षेत्र के एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि एक युवक ने उसे शादी का झांसा दिया और अपने जाल में फंसा लिया। आरोपी युवक अपने एक मिलने वाले के पास ले गया। जहां उसके साथ एक सप्ताह तक दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे पत्नी बनाकर रखा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी के परिवार वालों ने शादी करने से मना कर दिया और दहेज की मांग करने लगे। पीड़िता ने आरोपी निखिल, हरिओम, संजय निवासी बंडा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस मामले की विवेचना कर रही थी। पुलिस ने आरोपी निखिल को देवकली तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपी की तलाश कर रही है। टीम में बंडा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय, महिला उप निरीक्षक आशा रानी, सिपाही बाबूराम आदि थे।

# मरीज की मौत, लापरवाही का आरोप

संवाददाता निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : ढकिया तिवारी गांव में एक व्यक्ति के अचानक पेट में दर्द उठा। परिवार वाले गांव में ही झोलाछाप के पास ले गए। झोलाछाप ने उसे दवा खिलाने के बाद दो इंजेक्शन लाए। परिवार वाले उसे घर लेकर आए तो उसकी तबीयत और अधिक खराब हो गयी। परिवार वाले उसे सीएचसी पर ले गए। यहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव ढकिया तिवारी निवासी 45 वर्षीय पवन कुमार सिंह की शनिवार को दिन में 11 बजे अचानक पेट में दर्द उठा। परिवार वाले गांव में ही उसे एक झोलाछाप के पास ले गए। झोलाछाप ने मरीज को देखा और दवा खिलवायी। दवा खिलाने के बाद उसके दो इंजेक्शन लगाए। झोलाछाप ने परिवार वालों से कहा कि मरीज को घर ले जाओ और ठीक हो जाएगा। परिवार मरीज पवन को घर लेकर आए तो उसकी



घटना के बाद निगोही अस्पताल में मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

- ग्रामीण के पेट में उठा दर्द तो झोलाछाप के पास ले गए थे परिजन

तबीयत और अधिक खराब हो गयी। परिवार वाले उसे निगोही सीएचसी पर ले गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, झोलाछाप को पता चला कि मरीज पवन की मौत हो गई है। वह अपनी दुकान बंद करके गांव छोड़कर भाग गया। परिवार वालों ने थाना पर सूचना दी। पुलिस सीएचसी पर पहुंची। परिवार वालों ने झोलाछाप पर आरोप लगाया कि उसके इंजेक्शन लगाने के बाद मरीज की तबीयत और अधिक खराब हो गयी। मरीज को सीएचसी पर लेकर आ रहे थे कि रास्ते में ही मौत हो गयी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मचा। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नगदी और जेवरात चोरी, भाई पर शक

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार** : नगर के मोहल्ला इंदिरानगर में घर का दरवाजा तोड़कर चोरों ने नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। परिवार के साथ पीड़ित ससुराल से घर लौटा तो चोरी की जानकारी हो पाई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पीड़ित की तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला इंदिरानगर निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह किराना की दुकान घर में करने के साथ ही पानी पुरी बेचने का काम करता है। वह परिवार के साथ अपनी ससुराल कस्बा बंडा में गया हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे वह घर लौटा तो घर का दरवाजा टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाने पर सामान बिखरा हुआ पड़ा था बक्सा



सूचना पर पहुंची डायल 112।

- पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे किए चेक, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस कर रही जांच-पड़ताल

के ताले टूटे मिले। बक्से में छह लाख रुपये की कीमत के रखे जेवरात और किराना सामान बिक्री के डेढ़ लाख रुपये गायब थे। इससे चोरी की घटना की जानकारी हो पाई। सूचना मिलते ही यूपी 112 डायल पुलिस व थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे रहे और पड़ोस में रह रहे सगे भाई पर चोरी का आरोप है। दोनों भाइयों में जमीनी विवाद है। पीड़ित की ओर से मिली तहरीर पर जांच चल रही है। उधर, पीड़ित प्रमोद कुमार ने बताया कि साढ़े सात लाख रुपये का नुकसान हो गया है। साथ ही तीन रजिस्ट्री बैनामा, बैंक पासबुक, आधार आदि जरूरी दस्तावेज चोरी हो गए। पीड़ित प्रमोद कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही नगदी, जेवरात बरामदगी की मांग की है। खुटार थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है जांच कराई जाएगी। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक कराए जाएंगे। जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है।

## लखनऊ-बरेली की फोरेंसिक टीम ने की जांच-पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : रोजा थाना क्षेत्र में 19 दिसंबर 2020 एक मोबाइल की दुकान में आग लगने पर अधजला शव बरामद हुआ था। उस समय शव की पहचान नहीं हो सकी थी। बाद में रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला फत्तेपुर रेती निवासी सुमन ने कड़े ने कड़े के आधार शव की शिनाख्त अपने पुत्र अभिषेक के रूप में की थी। उसने रामचंद्र मिशन थाना में बेटे की गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस डीएनए जांच के लिए नमूने लखनऊ भेजे थे। रिपोर्ट में शव की पहचान अभिषेक के रूप में पुष्टि हुई। पुलिस तहरीर के आधार पर गुमशुदगी को हत्या में मुकदमा तरमीम कर दिया था। उसका आरोप था कि उसके बेटे अभिषेक विवाद मोहल्ले में शानू के साथ ढाबे पर हुआ था। जहां बोलेरो चालक नईम व एक अन्य युवक मौजूद थे। आरोप था कि अभिषेक को मार डालने के बाद खोखे में आग लगाकर शव को डाल दिया था। रामचंद्र मिशन पुलिस ने नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के कोई क्लू न मिलने पर छोड़ दिया था। घटना से पहले अभिषेक के मोबाइल पर एक काल आई थी। उसका मोबाइल नहीं मिला। पुलिस न ही सीआरडी जुटा पाई। लखनऊ और बरेली से आई फोरेसिंग टीम के डॉ. आदर्श कुमार, जेपी गुप्ता आदि ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया और साक्ष्य जुटाकर वापस चली गयी। रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विवेचना चल रही है।

## युवती को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : पीलीभीत के थाना बीसलपुर के एक व्यक्ति ने बंडा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री का गांव के ही सौरभ के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 09 मार्च को आरोपी उसकी लड़की को बिना बताए थाना बीसलपुर पहुंची। आरोपी की उम्र कम बताकर शादी कराने की बात कहकर उसकी बेटी को उसके सुपुर्द कर दिया था। उसनी अपनी बेटी को अपनी बड़ी लड़की के यहां बंडा क्षेत्र के एक गांव में छोड़ दिया था। आरोप है कि उसकी बेटी को आरोपी सौरभ अगवा करके ले गया है। उसकी बेटी उसकी बड़ी बेटी के घर से 40 हजार रुपये और जेवर ले गई है। बंडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## केरल में फंदे से लटका मिला कटरा के युवक का शव

संवाददाता मीरानपुर कटरा / शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : मोहल्ला नादिरशाह निवासी यासीन उर्फ पप्पू का पुत्र तसलीम उर्फ मोनू केरल में रहकर सिलाई का काम करता था। बताया जाता है कि बीते बुधवार को रात करीब 9 बजे उसने कमरे में छत के पंखे से रस्सी का फंदा बांधकर आत्महत्या कर ली। जब साथियों ने उसे फंदे पर लटकता देखा, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची केरल पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और तलाशी ली। मृतक की तलाशी के दौरान उसकी जेब से 30,330 रुपये बरामद हुए। केरल पुलिस ने पूरी पारदर्शिता बरतते हुए बरामद नकदी और युवक का सामान उसके साथ रहने वाले परिचित व परिजन की सुपुर्दगी में दे दिया है। तसलीम की मौत की खबर जैसे ही उसके पैतृक निवास मीरानपुर कटरा पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ले के लोग शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। परिजनों के मुताबिक, युवक का शव केरल से एंबुलेंस के जरिए घर के लिए रवाना कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक शव मीरानपुर कटरा नहीं पहुंचा है।



तसलीम उर्फ मोनू।

# 35 में 10 शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार** : अप्रैल के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। बैठक शुरू होते ही उन्होंने अधिकारियों की उपस्थिति जांची, जिसमें विभिन्न विभागों के 11 अधिकारी गैरहाजिर पाए गए। इस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई और व्यवस्था पर सवाल उठाए।

गैरहाजिर अधिकारियों में सीडीपीओ निगोही के स्थान पर अन्य कर्मचारी के आने पर सीडीओ ने सख्ती दिखाते हुए उनकी लाइव लोकेशन मंगवाकर जांच की। इस दौरान उपमुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, सहायक अभियंता



अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाती महिला।

जल निगम, सहायक अभियंता नलकूप, बीडीओ मदनापुर, खंड शिक्षा अधिकारी खुदागंज, सीडीपीओ निगोही, एडीओ पंचायत मदनापुर, एडीओ कृषि निगोही, एडीओ कृषि मदनापुर और एडीओ समाज कल्याण निगोही अनुपस्थित रहे। समाधान दिवस में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। खिरिया सक्टू गांव के विनोद आनंद ने चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर एसडीएम सदानंद सरोज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने एसडीएम सदानंद सरोज को सभी गैरहाजिर अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी दीक्षा भंवरे, एसडीएम सदानंद सरोज, सीओ ज्योति यादव, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार मनु माथुर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओमेंद्र राठौर, आपूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### जमीन पर कब्जा करने का आरोप, लगाई गुहार

**तिलहर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव अमनपुर निवासी महिला रामवती पत्नी गोधन ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी जमीन पर जबरिया कब्जे का आरोप लगाया है। महिला ने शिकायत में बताया कि उनकी भूमि पर चीनी मिल की ओर से कब्जा किया गया है, जिससे वह परेशान हैं और अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग कर रही हैं। पीड़ित महिला ने सीडीओ को बताया कि वह विधवा हैं और उनके पास जीविका का कोई दूसरा साधन नहीं है। जमीन ही उनके गुजारे का एकमात्र सहारा है, जिस पर कब्जा होने से उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द जमीन कब्जा मुक्त कराने की मांग की है, ताकि वह अपना जीवन यापन कर सकें। महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने उप जिलाधिकारी को मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम सदानंद सरोज ने महिला को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके साथ न्याय किया जाएगा और जल्द ही जमीन की पैमाइश कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत शाहजहांपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना खुटार में दर्ज मुकदमे में नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी शान मोहम्मद पुत्र शाबिर उर्फ साबिर निवासी मोहल्ला सिल्ला थाना हरदुआगंज जिला अलीगढ़ को न्यायालय ने 20 वर्ष के कठोर कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला साल 2024 से संबंधित है, जिसमें आरोपी ने वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म किया था। न्यायालय एडीजे-42 में साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सजा सुनाई गई। पुलिस ने बताया कि आगे भी जघन्य अपराधों में आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

# राजीव को बनाया वरिष्ठ जिला महामंत्री



वरिष्ठ जिला महामंत्री बनने पर राजीव सक्सेना का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : उद्योग व्यापार संगठन की बैठक कार्यालय पर आयोजित हुई। इसमें जिलाध्यक्ष जसविन्दर सिंह ने संगठन को गति देने के उद्देश्य से राजीव सक्सेना को वरिष्ठ जिला महामंत्री नियुक्त किया। इस प्रस्ताव को बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

नवनियुक्त वरिष्ठ जिला महामंत्री राजीव सक्सेना का पदाधिकारियों ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वाह संगठन और व्यापारी हित में पूरी निष्ठा के साथ करेंगे।

- जिलाध्यक्ष ने संगठन को मजबूती देने को किया मनोनयन
- बैठक में प्रस्ताव पारित कर जिम्मेदारी सौंपी गई

जिलाध्यक्ष जसविन्दर सिंह ने कहा कि जिला बड़ा होने के कारण संगठन को कस्बा और तहसील स्तर तक मजबूत किया जाएगा। इसके लिए सक्रिय व्यापारियों को जोड़कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। बैठक में रीता शर्मा, नीलम हांडा, शालू अरोड़ा, सोनी गुप्ता, सर्वेश राठौर, मुनीर, जहीर खां, श्रीशचंद्र शुक्ला, सनी राठौर, अनिकेत सागर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सफलता के लिए ज्ञान व कौशल आवश्यक

## एसएस और बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


एसएस कॉलेज में भौतिकवादी युग में तनाव प्रबंधन : कारण, प्रभाव एवं समाधान पुस्तक का विमोचन करते मुख्य अतिथि व प्रोफेसर।

- भौतिकवादी युग में तनाव प्रबंधन : कारण, प्रभाव एवं समाधान पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग और बरेली कॉलेज बरेली के वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एसएस कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान भौतिकवादी युग में तनाव प्रबंधन : कारण, प्रभाव एवं समाधान पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

शनिवार को कालेज सभागार में वर्तमान भौतिकवादी युग में तनाव प्रबंधन विषयक सेमिनार के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए बरेली कॉलेज, बरेली के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो० भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए ज्ञान और व्यावहारिक कौशल की आवश्यकता होती है। इसलिए छात्र-छात्राओं को परीक्षा में प्राप्तांकों को लेकर तनावग्रस्त नहीं होना चाहिए।

मुख्य अतिथि वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो० अनूप अग्रवाल ने कहा कि धन के पीछे भागना तनाव को आमंत्रित करना है। उन्होंने कहा कि अमीर लोग गरीबों की अपेक्षा अधिक तनाव ग्रस्त होते है। वह अपने तनाव को कम करने के लिए भारी शुल्क चुकाकर मनोवैज्ञानिकों से परामर्श लेते है। मुख्य वक्ता बरेली कॉलेज के प्रो. ओमकार ने कहा कि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए तनाव प्रबंधन आवश्यक है। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि धनार्जन से अस्थायी सुख मिल सकता है किन्तु स्थायी शांति नहीं। इससे पूर्व डॉ अनुराग ने विषय स्थापना करते हुए कहा कि जीवन में उतने ही भौतिक संसाधनों का संग्रह करना चाहिए जितने आवश्यक हों। वर्तमान समय में यद्यपि भौतिक साधनों के महत्व से इंकार नहीं किया जा सकता किन्तु यह ध्यान रखना चाहिए कि जीवन भौतिक साधनों के अर्जन और संग्रह के लिए नहीं है अपितु जीवन के लिए भौतिक साधन होते हैं।

सेमिनार में चार तकनीकि सत्र भी आयोजित किये गए, जिनके अंतर्गत छात्र-छात्राओं तथा शोधार्थियों ने 52 शोध पत्र पढ़े। इस अवसर पर 44 शोध पत्रों पर आधारित "भौतिकवादी युग में तनाव प्रबंधन : कारण, प्रभाव एवं समाधान" शीर्षकीय पुस्तक का विमोचन भी किया। जिसका संपादन वाणिज्य विभाग के प्रो० कमलेश गौतम और श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी ने किया।

पुस्तक के सम्पादक एवं कार्यक्रम संचालक प्रो० कमलेश गौतम ने कहा कि यह पुस्तक तनाव के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं व्यावहारिक कारणों को स्पष्ट करने के साथ उनके प्रभावों और निवारण के लिए व्यावहारिक उपाय भी सुझाती है। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मचकेंद्र सिंह ने कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों के अतिरिक्त जन सामान्य के लिए भी उपयोगी होगी।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद सरस्वती जी के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। डॉ गौरव सक्सेना और डॉ अजय वर्मा ने अंगवस्त्र भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ० देवेंद्र सिंह, डॉ० विजय तिवारी, डॉ बरखा सक्सेना, अखंड प्रताप सिंह, व्याख्या सक्सेना, बृज लाली, अपर्णा त्रिपाठी, पोथी राम सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में डॉ गौरव सक्सेन ने आभार व्यक्त किया।

## ट्रेन से कटकर गोवंश की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** काठगोदाम एक्सप्रेस से स्टेशन के निकट पुल के पास गोवंश की कटकर मौत हो गयी। ट्रेन करीब 10 मिनट खड़ी रही। काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस शनिवार की शाम पांच बजे लखनऊ की ओर जा रही थी। स्टेशन के निकट पुलिस चौकी के पीछे स्थित पुल के पास गौवंश की ट्रेन की चपेट में आकर कटकर मौत हो गयी। लोको पायलट ने कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। ट्रेन को रोक दिया गया। रेल कर्मचारी मौके पर गए और मरे जानवर को रेल पटरी से किनारे किया। ट्रेन दस मिनट बाद लखनऊ के लिए रवाना हुई।

# सेक्टरवार आंबेडकर जयंती मनाएगी सपा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


जिला कार्यालय पर मासिक बैठक को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां।

**अमृत विचार :** जिला व महानगर समाजवादी पार्टी की संयुक्त मासिक बैठक शनिवार को मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों को खाद न मिलने और स्मार्ट मीटर से लाइट कटने तथा गैस की किल्लत और महानगर के मोहल्ला गदियाना की आंगनवाड़ी कार्यकत्री प्रीति पर अधिकारियों के दबाव से हुई मृत्यु व परिवार वालों को न्याय दिलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

इस मौके पर तनवीर खां ने कहा कि आगामी 14 अप्रैल 2026 को संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती जनपद की सभी छः विधानसभाओं में अखिलेश यादव के निर्देश पर सेक्टरवार मनाई जाएगी। उन्होंने कहा 10 अप्रैल को मतदाता सूचियों का प्रकाशन हो रहा है। उसक़ो सभी पार्टी के नेता, बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी एवं कार्यकर्ता भलीभांति देख लें और मतदाता सूचियों के बाद 11 अप्रैल 2026 से सभी पार्टी कार्यकर्ता, बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, बूथ अध्यक्षों को वोट बढ़ाने का काम करना है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के मिशन को आगे बढ़कर 2027 में पीडीए और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएं। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की लगातार अनदेखी की जा रही है और गेहूं के क्रय केंद्र अभी तक नहीं खुलवा पाई है। संचालन सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह ने किया। बैठक में सभा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नीरज मिश्रा, अति उल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जितेंद्र प्रसाद गौतम, अरविंद पाल, गोपाल अग्निहोत्री, सरदार राजवीर, अवधेश कुमार पाल, मिश्रीलाल पटेल, जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष उत्पल यादव, महावीर सिंह यादव, संतोष कुमार पाल, विपेंद्र यादव, मोनू कुरैशी, सुबहान खान, धनपाल सिंह यादव, शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कश्यप स्वाभिमान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार कश्यप के जिले में आगमन पर पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर उनका स्वागत किया और फूल मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष कानपुर से महर्षि कश्यप जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शाहजहांपुर पहुंचे।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार कश्यप सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। महर्षि कश्यप जयंती का कार्यक्रम रविवार को आर्य महिला इंटर कॉलेज में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। शिवनंदन सागर, मदन लाल कश्यप सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बेमौसम आंधी-बारिश से गिरे पेड़, फसल पर संकट


थरिया-परौर मार्ग पर गिरे पेड़। • अमृत विचार

**परौर, अमृत विचार:** शुक्रवार रात अचानक बदले मौसम ने परौर क्षेत्र में भारी असर डाला, जहां तेज आंधी और बूंदाबांदी से खेतों में खड़ी गेहूं सहित अन्य फसलें झुक गईं और किसानों को नुकसान की आशंका बढ़ गई। आंधी का सबसे ज्यादा असर थरिया-परौर मार्ग पर काकोड़ा के पास देखने को मिला, जहां कई बड़े पेड़ सड़क पर गिर गए और मार्ग पूरी तरह बंद हो गया, जिससे राहगीर और स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि पेड़ों के गिरने से बिजली लाइनें भी प्रभावित हुईं और आवागमन बाधित हो गया। लोगों ने खुद पेड़ हटाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। किसानों ने फसल नुकसान का सर्वे कर मुआवजा देने और प्रशासन से जल्द सड़क व बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

# पीलीभीत में जंगली हाथियों की धमक बरकरार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व से निकलकर रिहायशी इलाकों में दस्तक दे रहे जंगली हाथियों से निपटने के लिए अब वन महकमे ने कर्नाटक के प्रख्यात हाथी मॉनिटरिंग एक्सपर्ट डॉ. रुद्रादित्य को बुलाया है। मॉनिटरिंग एक्सपर्ट ने बीती रात हाथी प्रभावित इलाकों का दौरा करने के साथ वनकर्मियों समेत किसानों को हाथी भगाने के तकनीकी उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। फिलहाल मॉनिटरिंग एक्सपर्ट अभी जनपद में ही रहेंगे और हाथी प्रभावित इलाकों के किसानों को हाथियों के प्रति जागरूक करेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला और महोफ रेंज के आसपास पिछले तीन माह से डेरा डाले दो जंगली हाथियों ने अब रिहायशी इलाकों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। बीते तीन दिन से हाथियों की चहलकदमी पीलीभीत रेंज के मरौरी सेक्शन के अंतर्गत आने वाले गांव महुआ एवं सिरसा सरदहा के खेतों में देखी जा रही है, जिससे किसानों में खासा दहशत का माहौल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने हाथियों की मॉनिटरिंग और उन्हें सुरक्षित तरीके से आबादी से दूर रखने के लिए विशेष प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में अब वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने कर्नाटक के प्रख्यात हाथी मॉनिटरिंग एक्सपर्ट डॉ. रुद्रादित्य को बुलाया है।

## जांच में लव जिहाद का मामला निकला झूठा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुलिस की जांच में लव जिहाद का मामला झूठा निकला है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ, जो निगोही की एक दुकान का बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ युवक दुकान के अंदर बैठी तीन लड़कियों की वीडियो रिकार्डिंग करते दिखाई दे रहे है। वीडियो बनते देखकर एक लड़की ने चेहरा छिपाते हुए विरोध किया। इसके बाद तीनों लड़किया दुकान से निकलकर सड़क पर आ जाती है।

वायरल वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लिया।। एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने लड़कियों और उनके साथ आए लड़कों से पूछताछ की। जांच में आया कि वह एक-दूसरे को पहले से जानते थे। दुकान में पार्टी में आए थे। लव जिहाद का मामला झूठा है। किसी भी पक्ष की कोई शिकायत नहीं आयी है।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## डोडा छिलका के साथ दो गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 8 किलो 200 ग्राम डोडा छिलका और एक कार बरामद हुई। चेकिंग के दौरान सहसवान के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव भदरौलिया निवासी सुधीर कुमार उर्फ संतोष पुत्र राजबहादुर और दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव गलौथी निवासी भूरे पुत्र बृजपाल को टेढ़ाघाट पुल के पास से पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है और कार यूपी 24 एटी 6955 सीज कर दी गई है।

## सरकार बनाने का लिया संकल्प



बसपा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**वितरोई, अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर शनिवार को बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के गांव ढकपुरा मीरापुर में बूथ गठन व सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अगले विधानसभा क्षेत्र में बसपा सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष बदायूं भाई रक्षपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व जिला महासचिव अरविंद प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष बसपा बिल्सी चमनलाल गौतम, विधानसभा प्रभारी पुष्पेंद्र सागर, विधानसभा प्रभारी मानपाल सिंह, विधानसभा महासचिव सतीश कुमार एडवोकेट, विधानसभा कोषाध्यक्ष कप्तान सिंह, सेक्टर सचिव सुनील कुमार एवं कप्तान सिंह सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने एवं सदस्यता अभियान को तेज करने पर जोर दिया गया साथ ही कार्यकर्ताओं ने अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

# जून-जुलाई में होगा विकास कार्यों का लोकार्पण

### वित्तीय वर्ष समाप्ति के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों के लिए विभागों को दिए हैं प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधायक और सांसद निधि से बनेगी सीसी रोड और प्रवेश द्वार
- विधायक और सांसद निधि से कार्य कराने के लिए हर साल मिलते हैं पांच-पांच करोड़

**अमृत विचार:** बीते वित्तीय वर्ष के अंत में विकास कार्य कराने के लिए माननीयों की ओर से प्रस्ताव भेजे गये हैं। इनमें सीसी रोड, बारात घर, प्रवेश द्वार सहित यात्री शेड आदि शामिल हैं। कई काम अधूरे पड़े हैं तो कई की अभी तक शुरुआत तक नहीं हो सकी है। मार्च माह में दिए गए प्रस्ताव पर माननीय जून या जुलाई माह तक लोकार्पण कर पाएंगे। फिलहाल शिलान्यास किया जा रहा है।

क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए विधायक निधि के तहत पांच करोड़ और सांसद निधि के तहत सात करोड़ का बजट हर साल मिलता है। मिली धनराशि को ग्राम्य विकास विभाग के जरिये विकास कार्यों पर खर्च किया जाता है। जनप्रतिनिधियों की ओर से संबंधित विभाग को ऑनलाइन प्रस्ताव भेजे जाते हैं। वित्तीय वर्ष में विधायक निधि की प्रथम किस्त मई माह में और दूसरी किस्त अक्टूबर माह में विभाग को प्राप्त हुई थी। इसमें प्रथम किस्त की धनराशि को जनप्रतिनिधियों के जरिये विकास कार्यों में समय पर खर्च कर ली गई। लेकिन दूसरी किस्त की मिली धनराशि के प्रस्ताव देरी से भेजे गए। भेजे गए प्रस्ताव संबंधित विभाग से देरी से स्वीकृत किए गए। मार्च माह के अंतिम दिनों में सभी जनप्रतिनिधियों के ओर से भेजे गए प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि जारी कर दी गई है। पूर्व से स्वीकृत कई कामों में दूसरी किस्त जारी की गई। तो कई नए स्वीकृत किए गए हैं। ऐसे में 30 मार्च को स्वीकृत होने वाले कार्यों का जनप्रतिनिधियों के जरिये शिलान्यास किया जा रहा है। इसका लोकार्पण जून या फिर जुलाई माह में हो सकेगा।

**सपा सांसद के स्वीकृत हुए 19 कार्य :** ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग के अनुसार सांसद के प्रस्ताव पर पांच करोड़ से अधिक धनराशि विकास कार्य पूर्व में स्वीकृत हो गए थे, उनमें काम चल रहा है। मार्च माह के अंतिम दिनों में 19 प्रस्ताव भेजे गए थे। इनमें इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, हाई मास्ट लाइट आदि शामिल हैं। यह कार्य एक करोड़ 65 लाख 56 हजार सौ रुपए से होने हैं।

**37.78 लाख से बनेंगे सीसी रोड :** राज्यसभा सदस्य की ओर से वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में तीन सीसी रोड और इंटरलॉकिंग के कार्य कराने को प्रस्ताव भेजे गए थे। यह कार्य 37.78 लाख की लागत से होने हैं। जो अभी तक शुरू नहीं हो सके हैं।

**दातागंज विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे 25 सीसी रोड़ :** दातागंज के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की विधायक निधि की दूसरी किस्त खर्च नहीं हो सकी। वित्तीय वर्ष के अंत में 2.52 करोड़ के प्रस्ताव विभाग को भेजे गए। इस धनराशि से विधानसभा क्षेत्र में 25 सीसी रोड का निर्माण होना है। वहीं 1.48 करोड की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं। जो अभी तक अधूरे पड़े हैं।

**शेखूपुर विधानसभा में 2.68 करोड़ से हो रहा विकास :** शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के दौरान पूर्व से जारी कार्यों के लिए विभाग की ओर से 92.38 लाख रुपए की दूसरी किस्त जारी की गई है।

### धनराशि खर्च करने में आगे रहे बिल्सी विधायक

बिल्सी विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि मिलने के बाद से जनप्रतिनिधि के द्वारा समय पर विकास कार्य कराए जाते रहे। वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक मात्र 12 रुपए ही शेष बचे थे। शेष बची धनराशि से तीन सीसी रोड बनाने के लिए प्रस्ताव भेजे गए थे। इनका शिलान्यास किया जा रहा है।

### बदायूं विधानसभा क्षेत्र के लिए पहली किस्त जारी

डीआरडीए के अधिकारी के अनुसार बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 15 सीसी रोड का निर्माण हो रहा है। इन कार्यों के लिए 86 लाख की दूसरी किस्त जारी की है। मार्च माह के अंतिम दिनों में 6 कार्य स्वीकृत हुए हैं। यह कार्य 38 .55 लाख रुपए से होने हैं। इसकी प्रथम किस्त जारी की गई है।

### समय पर नहीं आ सके प्रस्ताव

बिसौली और सहसवान जनप्रतिधि भी विकास कार्य कराने के लिए समय पर प्रस्ताव नहीं भेज सके। इनके द्वारा भी करीब एक करोड़ से अधिक धनराशि के प्रस्ताव वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में भेजे गए थे। इनका लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के जरिये जुलाई माह में हो पाएगा।

> वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में सभी जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव आए थे। उन्हें स्वीकृत करते हुए कार्यदायी संस्था को धनराशि जारी कर दी गई है। कुछ में काम शुरू हो चुका है, कुछ में होने वाला है। पूर्व से जारी कार्य में दूसरी किस्त जारी की गई थी। यह सभी कार्य एक-दो माह में पूरे हो जाएंगे।
>
> **अखिलेश चौबे**, परियोजना निदेशक

# रायपुर में स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली




रायपुर में जागरूकता रैली निकालते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ग्रामीणों ने दिया बच्चों को पढ़ाने का आश्वासन

**अमृत विचार :** विकासखंड उझानी के ग्राम रायपुर स्थित संविलयन प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को प्रधानाध्यापक कंचन गुप्ता व कर्मियों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली। रैली में शामिल बच्चों ने गांव में गली-गली घूमकर नए सत्र में नामांकन कराने के लिये अभिभावकों को प्रेरित किया। शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल में दाखिला कराने को कहा। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा ही बच्चे को आगे बढ़ा सकती है। शिक्षित होकर बच्चे अपना व अपने परिवार और देश का नाम रोशन करते हैं, इसलिए बच्चों को शिक्षित बनाएं। इस मौके पर ग्रामीणों ने भी बच्चों को पढ़ाने का आश्वासन दिया।

# अंडरपास से निकलकर खंभे से टकराई बाइक, दो दोस्तों की मौत

संवाददाता, विजय नगला



मृतक रोहित



मृतक अमित

- बीती रात विशारतगंज क्षेत्र के अंडरपास के पास हुआ हादसा
- बरेली अस्पताल में हुई दोनों युवकों की मौत

**अमृत विचार :** बरेली क्षेत्र के कस्बा विशारतगंज से बिनावर आते समय दो दोस्तों की बाइक एक खंभे से टकरा गई। हादसे में दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बरेली के अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद दोनों के परिजनों में कोहराम मचा है।

कस्बा बिनावर निवासी रोहित (25) पुत्र महेंद्र शर्मा की जिला बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के कस्बा विशारतगंज निवासी अमित (24) पुत्र रामसेवक से दोस्ती थी। शुक्रवार देर रात वह दोनों एक बाइक से बिनावर आ रहे थे। वह दोनों विशारतगंज क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग स्थित अंडरपास से गुजरे। बाहर निकलते ही खंभे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर के बाद भमोरा पुलिस पहुंची। दोनों घायलों को बरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजनों में चीत्कार मच गया। शवों का बरेली में पोस्टमार्टम कराया गया।

# सीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

**करियामई, अमृत विचार :** विकास खंड इस्लामनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत करियामई में बन रहे सीसी मार्ग को लेकर गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। गांव के मुख्य मार्ग पर शिव मंदिर से रामस्वरूप के घर तक करीब 150 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण एमएलसी निधि से कराया जा रहा है। इस कार्य को ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। शिकायतकर्ता सुबोध कुमार शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण में नाम मात्र की बजरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट भी निम्न गुणवत्ता की लगाई जा रही है। कई स्थानों पर बिना बजरी के ही निर्माण किया गया है।

# यूरिया की जगह नैनो पर भरोसा कर रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



नैनो के इस्तेमाल के बाद मिर्च फसल का निरीक्षण करते किसान और इफ्को के पदाधिकारी।

- खरीफ और रबी में किसानों ने खरीदी 83 हजार से अधिक नैनो यूरिया और डीएपी की बोतल
- दानेदार के मुकाबले नैनो का इस्तेमाल करने वाले किसानों को उत्पादन में मिला लाभ

**अमृत विचार:** दानेदार यूरिया पर निर्भर किसानों को नैनो यूरिया (तरल) के रूप में बेहतर विकल्प मिला है। इसके उपयोग से न केवल उत्पादन बढ़ा है बल्कि फसल की गुणवत्ता भी अच्छी हुई है। दानेदार यूरिया से नैनो काफी सस्ती है जिससे लागत में भी कमी आई है। दानेदार यूरिया को छोड़ नैनो पर किसानों को भरोसा होने लगा है।

इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि फसलों में नाइट्रोजन की कमी को पूरा करने के लिए किसान यूरिया का प्रयोग करते हैं। सफेद दाने के रूप में उपलब्ध यूरिया का आधे से कम हिस्सा पौधों को मिलता है। बाकी हिस्सा मिट्टी और हवा में चला जाता है। नैनो यूरिया को विभिन्न प्रकार के परीक्षण के बाद किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। आलू, धान, गेहूं, गन्ना, सब्जी, दलहन-तिलहन सहित सभी फसलों पर अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। आधा लीटर तरल यूरिया की शीशी एक एकड़ खेत के लिए काफी है। इसके प्रयोग से पर्यावरण, जल व मिट्टी का प्रदूषण नहीं होता। दानेदार यूरिया से मिट्टी के साथ पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। नैनो पूरी तरह से सुरक्षित है।

### ऐसे नैनों का होता है प्रयोग

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि 15 लीटर की पानी में 30-60 मिलीलीटर नैनो यूरिया मिलाकर एक फसल पर दो बार छिड़काव करते हैं। पत्तियों के माध्यम से यह पौधों में प्रवेश कर उत्पादन व उत्पादकता दोनों बढ़ाती है।

### 83,722 बोतल की हुई खरीदारी

इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि दानेदार यूरिया के स्थान पर किसान नैनो पर भरोसा कर रहे हैं। इससे उत्पादन अच्छा हो रहा है। लागत भी कम आ रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ और रबी सीजन में दो साल के मुकाबले सबसे अधिक 83 हजार 722 नैनो की बोतल किसानों के द्वारा खरीदी गई। उन्होंने बताया कि म्याऊं ब्लॉक क्षेत्र के गांव ढका निवासी किसानों के द्वारा गेहूं की फसल में नैनो का इस्तेमाल किया था। फसल का उत्पादन पहले की तुलना में बढ़ा है वहीं गांव मिर्जापुर के किसानों ने मिर्च फसल में नैनो का उपयोग किया है। पौधा काफी हरा भरा है।

# राष्ट्र ही राम है और राम ही हैं राष्ट्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




महोत्सव को संबोधित करते मुख्य अतिथि सुनील राठौर। ● अमृत विचार

- श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित हुआ राम महोत्सव

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की ओर से मीराजी चौकी स्थित श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में राम महोत्सव मनाया गया। भगवान श्रीराम और भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ हुआ। भगवान राम की धनुष के लिए भाव भंगिमा का प्रदर्शन किया गया। मुख्य वक्ता सुनील राठौर ने कहा कि राम के जीवन में जो 14 साल का बनवास काल है वही उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम बनाता है।

उन्होंने कहा कि राम ने एक आदर्श पुत्र, भाई, मित्र, पति हैं। समाज में समरसता कैसी होनी चाहिए और राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए युद्ध भी कितना अनिवार्य है यह सभी बिंदु उस 14 वर्ष के वनवास के कालखंड में राम ने प्रदर्शित किया। समाज को उनसे सीखने की आवश्यकता है। राम हमारी आस्था के साथ-साथ गौरव भी हैं। राम राष्ट्र की पहचान भी हैं। राष्ट्र में ही राम है और राम में ही राष्ट्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद गंगवार ने की। मुख्य अतिथि इशांत शर्मा, जिलाध्यक्ष नीरज रस्तोगी रहे। जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह, राजेश बाबू, नीरज गोचर, संदीप रस्तोगी उर्फ दीपू भैया आदि मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता डीएन शर्मा ने किया।

# छात्राओं को आत्मनिर्भरता के लिये किया प्रेरित



कविता प्रस्तुत करती राजकीय महाविद्यालय की छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित काव्यपाठ व गीत गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने भारत की सशक्त महिलाओं व वीरांगनाओं को समर्पित प्रेरणादायक कविताएं प्रस्तुत कीं। जो स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और अन्य कवयित्री महिलाओं के जीवन वृतांत पर आधारित थीं। प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताया। छात्राओं को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण को लेकर प्रेरित किया। कविताओं के माध्यम से नारी शक्ति की महिमा, संघर्ष और विजय की गाथाएं बयां करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ रविंद्र सिंह यादव, डॉ. रशीदा खातून आदि उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

संवाददाता, वजीरगंज




सम्मान समारोह को संबोधित करते बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी पीसी श्रीवास्तव।

- वजीरगंज के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में आयोजित हुआ सम्मान समारोह व वार्षिक उत्सव

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र वजीरगंज के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय वजीरगंज में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह व वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब शहंशाह अब्बास, बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक (डीसी) पीसी श्रीवास्तव, दिनेश कुमार पाल, कृष्ण कुमार प्रजापति ने कार्यक्रम का आरंभ किया। छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं में लवली, रिया, शुशांत, रश्मि और द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण कनक, बुद्ध रतन, मीनाक्षी, संध्या और तृतीय श्रेणी उत्तीर्ण हुए स्वाति, अलीशा, पंछी, आफरीन को पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक स्वच्छ व साफ पुरस्कार में लक्ष्मी व अनुष्का को पुरस्कृत किया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र में अलशिफा, शफक, लक्ष्मी, आकांक्षा, काजल, अनामिका व आशिफा को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद आईसीटी कंप्यूटर लैब का उद्घाटन हुआ। अब बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा दी जा सकेगी। जिला समन्वयक ने कहा शिक्षा प्राप्त करने वाला हर छात्र मेधावी है। किसी न किसी कार्य में अव्वल है। चाहे वह शिक्षा, खेल या कोई क्षेत्र हो। प्रधानाध्यापक अनामिका वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन में हिलाल बदायूंनी व संजय सिंह का योगदान रहा। रीना शर्मा, प्रवेश, आशा रानी, महालक्ष्मी सक्सेना, प्रगति कमल, कमलेश, दिव्या चौहान, सपना वार्ष्णेय, अंबिका, जरीन खान, अमित गुप्ता, राजेश, योगेंद्र सागर, सुजीत सक्सेना, नरेश, गुरुदेव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

उदासीनता | एनआरएचएम से बनाए जा रहे पचास स्वास्थ्य केंद्र पर बजट का संकट

# अधर में लटका स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जनपद में बनाए जा रहे 50 स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य अधर में लटका है। शासन से पैसा नहीं मिलने से काफी समय से निर्माण कार्य रुका है। जिम्मेदारों का कहना है कि अप्रैल माह के अंत में दूसरी किस्त मिलने की उम्मीद है।

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने को एनआरएचएम की ओर से जिले में करीब 50 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण पिछले साल फरवरी में शुरू किया गया था। निर्माण करने वाली संस्था ने लगभग 70 प्रतिशत काम कर दिया। इसके बाद धन की कमी के चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। अब 50 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण काफी समय से अटका है। निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण स्वास्थ्य विभाग भी चिंतित है। एनआरएचएम के अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का काफी काम पूरा कर लिया गया है लेकिन अब पैसा नहीं मिल रहा है। पहली किस्त में जो काम हो गया उतने पर ही रुका है। निर्माण के अन्य कार्यो के लिए धन की जरूरत है। अब दूसरी किस्त मिलने पर ही निर्माण और अन्य कार्य पूरे कराए जाएंगे। विभागीय लोगों ने कहा कि इस समय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर की कुर्सी खाली है। इसलिए सरकार से लिखा-पढ़ी नहीं की जा रही है। यहां पर डीपीएम रहे डा. कमलेश शर्मा का पिछले दिनों अम्बेडकरनगर को ट्रांसफर हो गया। इसके बाद यहां किसी की नियुक्ति नहीं की गई है।

### सीएमओ ने किया निरीक्षण, गैर हाजिर मिले डाक्टर

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा ने शनिवार को बिसौली-सीएचसी सहित अन्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जिसमें डॉक्टर गैरहाजिर मिले। बिसौली और सैदपुर में गंदगी मिलने पर फटकार लगाई। शनिवार को प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह आठ बजे पहुंच गए। वहां पर उस समय तक कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा। सीएमओ ने मौजूद मरीजों से पूछताछ की, सीएचसी पर गंदगी देख उन्होंने कड़ी फटकार लगाई और डॉक्टर के आने का समय पूछा। मरीजों ने बताया कि डॉक्टर हर दिन दस बजे ही आते हैं। इसके बाद प्रभारी सीएमओ ने सैदपुर सीएचसी का निरीक्षण किया। यहां पर भी डॉक्टर नहीं मिले। इस क्षेत्र के कस्बा मुड़िया धुरेकी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां पर सुबह कुछ देर में डॉक्टर मौजूद मिले। सीएमओ ने कहा कि इस तरह लापरवाही करने पर माफ नहीं किया जाएगा। मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। प्रभारी सीएमओ ने बताया कि सीएचसी और पीएचसी पर सुबह आठ बजे डॉक्टरों और स्टाफ को पहुंच जाना चाहिए लेकिन आज निरीक्षण में कई डॉक्टर गैर हाजिर मिले। उन लोगों को नोटिस दिया जाएगा और उनसे देरी से आने पर जवाब मांगा जाएगा।

### डीपीएम की कुर्सी है खाली

डीपीएम नहीं होने से विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में केवल आधा दर्जन बाबू शेष हैं जो बिना अधिकारी के कुछ नहीं कर पा रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कराए जाने को अब शासन को पत्र लिखा जाएगा जिसके बाद इस माह के अंत तक दूसरी किस्त मिलने की उम्मीद की जा रही है।

# बीडीओ पद पर चयन पर हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



रजनीश कुमार का स्वागत करते गांव के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सहसवान-क्षेत्र के ग्राम सिरसा खुर्द निवासी इंद्रपाल सिंह के पुत्र रजनीश कुमार का खंड विकास अधिकारी पद पर चयन होने पर गांव में फूलमाला से उनका स्वागत किया गया। लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

शनिवार को रजनीश कुमार सुभाष गौड़ के आवास पर पहुंचे, जहां उनका फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ अभिनंदन कर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि 25 वर्षीय युवा की इस उपलब्धि से पूरे गांव और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी सहित संभ्रांत लोग मौजूद रहे। सभी ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही, बधाई देने वालों में सुभाष गौड, अमित शर्मा, डॉक्टर सचिन शर्मा, दीपक शर्मा, अनुराग दीक्षित, विवेक सक्सेना, विद्याराम शर्मा, बिजेंद्र यादव, आराम सिंह यादव, अमन, कौशर अली, रिजवान, मोरपाल, जावेद, ठाकुर ओमकार सिंह, मुरारी लाल, पुष्पेंद्र ठाकुर, सत्येंद्र ग्राम प्रधान समेत कई लोग शामिल रहे। रजनीश कुमार ने अपने माता-पिता भाई-बहन को पुष्प माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। चयनित हुए रजनीश कुमार ने बताया कि कठिन मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता मिली है। खासकर पढ़ने वाले बच्चों को संदेश दिया कि अच्छी संगत में रहकर तैयारी करें। सफलता जरूर मिलेगी। इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इस सफलता पर उन्होंने कहा कि इसका श्रेय दोस्तों व माता-पिता व गुरुजनों को जाता है।

# घर में घुसकर हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास

**बदायूं, अमृत विचार :** घर में घुसकर हत्या करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश रिंकू ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा कोतवाली बिसौली क्षेत्र के मालियान निवासी मोहम्मद मियां पुत्र मोहम्मद उमर ने 5 फरवरी 2019 को तहरीर देकर बताया कि उनके भाई की मौत हो गई है। भाभी और भतीजा फारूक घर पर रहते हैं। उस दिन सुबह 9 बजे पता चला कि घर के बैठक का दरवाजा खुला हुआ है। बैठक में सो रहे फारूक पुत्र तौफीक के सिर पर वार कर हत्या कर दी गई है। भाभी और भतीजे की किसी से रंजिश नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की। न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलपन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 22 मार्च 2026, रविवार 5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, निजी अस्पताल किया सील

## बिसौली के निजी अस्पताल में पहुंची पुलिस, गुस्साये लोगों को किया शांत

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** कस्बे के एक निजी हेल्थ केयर सेंटर पर प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इसके बाद भारी हंगामा हो गया। अस्पताल संचालक महिला मौके से भाग गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर निजी अस्पताल को सील कर नोटिस चस्पा कर दिया है। सीएमओ ने कार्रवाई करने की बात कही है।

कस्बे के बिल्सी रोड स्थित शिव शक्ति हेल्थ केयर सेंटर के नाम से पूजा यादव का प्राइवेट अस्पताल है। इस अवैध अस्पताल में प्रसव किए जाते हैं। क्षेत्र के महिला मरीज यहां भर्ती किए जाते हैं। उपचार और प्रसव के नाम पर मोटी रकम भी वसूली जाती है। शनिवार को क्षेत्र के एक गांव की गर्भवती महिला को इस अस्पताल में भर्ती किया गया जहां पर महिला



नोटिस चस्पा करता कर्मचारी

- प्रभारी सीएमओ ने जांच के बाद कार्रवाई का दिया निर्देश

ने कुछ देर बाद शिशु को जन्म दिया। बताते हैं कि प्रसव के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। इसी बीच शिशु की मौत हो गई। कुछ देर के बाद प्रसूता की भी मौत हो गई। इसके बाद पीड़ित परिवार ने हंगामा कर दिया। उसके गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। तब तक अस्पताल का स्टाफ और महिला संचालक वहां से भाग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को किसी तरह शांत किया। सूचना मिलने पर सीएमओ के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की एक टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम में शामिल नितिन कुमार ने बताया कि महिला की मौत चंदौसी में हुई है। फिर भी लोगों के आक्रोश को देखते हुए कार्रवाई की गई है। मृतका व उसके पति का नाम पता नहीं चला है। अस्पताल का पूरा स्टाफ गायब है। सीएमओ के आदेश पर अस्पताल को सील कर दिया गया है और नोटिस चस्पा कर सात दिन का समय दिया गया है। अगर सात दिन में जवाब नहीं दिया गया तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम को भेजा गया है। फिलहाल अस्पताल सील कर दिया गया है। संचालक महिला व स्टाफ नहीं मिला। नोटिस चस्पा कर जवाब मांगा गया है।

### विकास क्षेत्र समरेर में नेत्र परीक्षण करके वितरित की दवाएं

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समरेर पर शनिवार को नेत्र शिविर लगाया गया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों नेत्र रोगियों की आंखों को चेक कर दवा दी गई। नेत्र चिकित्सक डा. पीयूष मोहन अग्रवाल ने बताया कि नेत्र शिविर में करीब 114 मरीज देखे गए सभी को दवा दी गई। इनमें 31 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद निकला। उन्हें नियमित दवा लेने को कहा गया है। नेत्र मरीजों को अस्पताल से निशुल्क दवा दी गई।

## एक ने रंगदारी, दूसरे ने आग लगने का लगाया आरोप

**बिसौली, अमृत विचार :** नगर बिसौली में युवक को पिस्टल दिखाकर दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। वहीं दूसरे युवक ने घर में आग लगाने की तहरीर दी। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

शिव कॉलोनी निवासी अमित शर्मा ने तहरीर देकर बताया कि पूर्व सभासद मोहित उर्फ मोनू महाजन 29 मार्च को गाड़ी से रोडवेज बस अड्डा पहुंचे। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए पिस्टल दिखाकर रुपये मांगे। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

वहीं नगर के बुद्ध बाजार के बजरंग चौक निवासी पूर्व सभासद मोहित कुमार उर्फ मोनू महाजन ने दो लोगों पर गुरुवार को उनके घर पर आग लगाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया। तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उनकी पत्नी मेघा का आरोप था कि उन्होंने अमित पंडित और कुछ लोगो को घर से निकलकर भागते देखा था। मनोज अग्रवाल पर भी शामिल होने का आरोप लगाया।

## गिरफ्तारी की मांग को थाने के गेट पर पढ़ा हनुमान चालीसा



गेट पर हनुमान चालीसा पढ़ते बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को समझाते पुलिसकर्मी।

**संवाददाता, ओरछी**

- कस्बा फैजगंज बेहटा में 29 मार्च को अनुसूचित वर्ग के परिवार पर किया था हमला

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा कस्बा में हिस्ट्रीशीटर और उसके बेटों के जरिये अनुसूचित वर्ग के परिवार पर हमले का प्रकरण तूल पकड़ रहा है। शनिवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने के गेट पर हनुमान चालीसा का पाठ कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर और उसके बेटों ने 29 मार्च को अनुसूचित वर्ग के परिवार के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जबकि दो आरोपी फरार चल रहे हैं। परिवार को पीटने का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है। इसकी वजह से लोगों में खासा गुस्सा है। बजरंग दल के कार्यकर्ता शनिवार को थाना फैजगंज बेहटा के गेट पर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की। पुलिस कर्मियों के समझाने पर भी वे नहीं माने। बाकी के दो आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा ने शेष आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

## तहसील दिवस में शिकायतों का अंबार, दस का निस्तारण



फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम एसएसपी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिसौली**

**अमृत विचार:** तहसील में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा के समक्ष 73 शिकायती पत्र आए। इनमें से दस का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष के निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व, पुलिस, विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 73 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## युवती के लापता होने पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव की युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 18 साल की बेटी 25 फरवरी की सुबह लगभग आठ बजे घर से कहीं चली गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी है। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। युवती के पिता ने बताया कि मोहल्ला निवासी पप्पू उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने पप्पू पर रिपोर्ट दर्ज की। मामले की जांच उपनिरीक्षक कपिल कुमार को सौंपी गई है।

# बिसौली चीनी मिल ने किया बकाये का भुगतान

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- 25 करोड़ 4 लाख बकाया
- न्योली पर किसानों का बकाया है सात करोड़

**अमृत विचार :** शासन की सख्ती के बाद चीनी मिलों ने गन्ना किसानों का भुगतान शुरू कर दिया है। बिसौली चीनी मिल ने आज गन्ना किसानों को एक करोड़ 60 लाख का भुगतान किया है जिसके बाद भी मिल पर किसानों का 25 करोड़ 4 लाख का गन्ना मूल्य बकाया है। न्योली शुगर मिल ने अब तक 7 करोड़ का भुगतान किया है।

जनपद की सबसे बड़ी चीनी मिल बिसौली की यदु शुगर मिल है। इस मिल का जनपद के 60 प्रतिशत किसानों का गन्ना बेचा जाता है। यदु शुगर मिल पर पिछले साल का गन्ना मूल्य बकाया था जिससे क्षेत्र के किसानों ने उक्त चीनी मिल को इस साल बहुत कम गन्ना दिया जिससे मिल 27 जनवरी को बंद हो गयी। मिल ने कुल 36 करोड़ का गन्ना खरीदा। जिसमें से मिल प्रबंधन अब तक कुछ भुगतान कर चुका है। इस बार शासन की सख्ती है जिससे सभी चीनी मिलें भुगतान को लेकर चिंतित हैं। कुछ चीनी मिलों ने किसानों का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया है जबकि चार चीनी मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपये बकाया है। इसमें बिसौली चीनी मिल ने दो दिन पूर्व गन्ना किसानों को 1 करोड़ 60 लाख का भुगतान किया है जिसके बाद मिल पर अब 25 करोड़ 4 लाख का बकाया है। जबकि न्योली शुगर मिल ने इस बार करीब 14 करोड़ का गन्ना खरीदा जिसमें से सात करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

करीमगंज चीनी मिल पर किसानों का 4 करोड़ बकाया है। जबकि सहकारी चीनी मिल शेखूपुर पर गन्ना किसानों का करीब 13 लाख 50 हजार का बकाया है।

वसंत कालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य पूरा करने को 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। बिसौली चीनी मिल में अभी तक करीब 48 प्रतिशत ही लक्ष्य के सापेक्ष गन्ना की बुवाई हुई है। गन्ना विभाग सभी चीनी मिलों से शत- प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का दबाव बना रहा है। इसके लिए गन्ना किसानों को बेहतर गन्ने की बीज भी मुहैया कराया जा रहा है। इसके बाद भी लक्ष्य पूरा होता दिखाई नहीं देता।

### चार चीनी मिलों ने किया पूरा भुगतान

जनपद का गन्ना खरीदने वाली दूसरे जिलों की चार चीनी मिलों ने गन्ना किसानों का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया है। जिसमें मझावली, फरीदपुर, रूपापुर और एक अन्य चीनी मिल ने किसानों को पूरा भुगतान कर दिया है। इन चारों चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के साथ-साथ भुगतान शुरू कर दिया था जिससे मिलों पर बकाया अब नहीं रहा। शासन के निर्देशों के तहत इन चारों चीनी मिलों ने अपने क्षेत्रों में गन्ना किसानों के साथ वसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है।

> वसंतकालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य पूरा करने को सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया गया है। इसमें बिसौली चीनी मिल का गन्ने का रकबा काफी कम हो रहा है जो चिंता का विषय है। मिल पर लक्ष्य पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है। संभवत: काफी हद तक लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।
>
> – **अशर्फी लाल**, जिला गन्ना अधिकारी।

# जांच कर बीडीओ ने डीएम को सौंपी आख्या

**संवाददाता, इस्लामनगर**



विद्यालय में जांच करते खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार। ● अमृत विचार

- मनरेगा से बनी बाउंड्री का दोबारा भुगतान, प्रधानाध्यापक पर गबन का लगा था आरोप
- प्रधान की शिकायत पर बीडीओ ने की थी जांच

**अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र के गांव अगरास में सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर पहले से बनी चारदीवारी का दोबारा भुगतान करने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की। डीएम के निर्देश पर बीडीओ ने विद्यालय पहुंचकर पत्रावलियां चेक की। बताया जा रहा है कि जांच आख्या डीएम को सौंपी गई है। आख्या के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

गांव के प्रधान दिवाकर शर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया था कि संविलयन विद्यालय अगरास में वित्तीय वर्ष 2023-24 में चहारदीवारी निर्माण के लिए लगभग 4.42 लाख रुपये की धनराशि शासन द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से विद्यालय खाते में भेजी गई थी। इस धनराशि को प्रभारी प्रधानाध्यापक लोकेश कुमार और एसएमसी अध्यक्ष छोटेलाल के संयुक्त हस्ताक्षरों से निकाल लिया गया। कहा कि उस चारदीवारी का निर्माण वह पहले ही मनरेगा और ग्राम निधि के माध्यम से करीब एक वर्ष पहले करा चुके थे। इसके बाद भी चारदीवारी के नाम पर रुपये निकाल लिए गए।

प्रधान ने बताया कि जब इस संबंध में एसएमसी अध्यक्ष से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक ने यह कहकर धन निकाला कि ग्राम प्रधान बाउंड्री निर्माण नहीं होने दे रहे हैं जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है।

प्रधान का आरोप है कि निकाली गई धनराशि के बावजूद विद्यालय में कोई नया कार्य नहीं कराया गया है और न ही कम्पोजिट ग्रांट का सही उपयोग हुआ है। जिसके चलते रुपयों के गबन की आशंका है। शिकायत पर बीडीओ नितिन कुमार ने गुरुवार को जांच की थी।

## दो शिकायतों का हुआ निराकरण

**बिल्सी, अमृत विचार:** तहसील लोक सभागार में पहले शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम एफआर वैभव शर्मा उपस्थित रहे। उनके समक्ष 27 शिकायती पत्र आए। इसमें से दो का मौके पर निराकरण किया गया। साथ ही, शेष शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

- समाधान दिवस में आईं 27 शिकायतें, कार्रवाई होगी

इस मौके पर एसडीएम प्रेमपाल सिंह, एई लोक निर्माण विभाग रोहन सिंह, एसडीओ जयप्रकाश राजपूत, पूर्ति निरीक्षक धीरज गुप्ता, नायब तहसीलदार मोहित आदिअधिकारी उपस्थित रहे।

## वृद्धावस्था पेंशन भुगतान में हो रही दिक्कतें

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- वृद्धावस्था पेंशन में आवेदन के लिए किया गया है बदलाव
- कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति या शैक्षिक अर्हता होगी मान्य
- जिले में 78 हजार से अधिक बुजुर्ग ले रहे हैं वृद्धावस्था पेंशन का लाभ

**अमृत विचार:** सरकार की ओर से वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन में बदलाव किया गया है। किए गए बदलाव की वजह से आवेदन करने वाले बुजुर्गों को दिक्कत हो रही है। शैक्षिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र न होने की वजह से बुजुर्गों को ग्राम प्रधान और सचिव के पास चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

सरकार की ओर से वृद्धावस्था पेंशन योजना में आवेदन प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को आयु प्रमाण के तौर पर परिवार, कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति मान्य की गई है। या फिर शैक्षिक अर्हता से संबंधित ऐसा प्रमाण जिसमें जन्मतिथि अंकित है उसे अपलोड करना है। आधार कार्ड में दर्ज आयु का प्रमाण पत्र नहीं माना जा रहा है। आवेदन प्रक्रिया में बदलाव होने की वजह से नए आवेदन करने वाले बुजुर्गों को दिक्कत हो रही है। उन्हें आयु प्रमाण के तौर पर परिवार, कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति के लिए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी के यहां पर चक्कर लगाने पड़े रहे हैं। इससे

## भाई की अस्थियां लेकर न्याय की गुहार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** दातागंज क्षेत्र का एक और शर्मसार करने का मामला सामने आया है जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। न्याय की गुहार लगाने एक किसान अपने भाई की अस्थियां लेकर समाधान दिवस में पहुंच गया। किसान ने कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा वह भाई की अस्थियों को साथ ही रखेंगे।

जिला शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी ओम सिंह पुत्र मंगल सिंह शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अपने सौतेले भाई प्रकाश चंद्र की अस्थियां लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रकाश चंद्र सहखातेदारों के साथ खेती करते थे।

प्रकाश चंद्र की गांव पट्टी नंदू के परगना सलेमपुर में जमीन है। आरोप है कि उस जमीन फर्जी बैनामा उनके ही सगे भाई छविराम की पत्नी राधिका देवी ने अलापुर क्षेत्र के नरेश पाल के नाम पर प्रकाश चंद्र बनकर करा लिया था। बाद में फर्जीवाड़े का पता चला। शिकायत करने पर दातागंज कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई लेकिन आठ महीने बीतने के बाद भी पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की। प्रभावशाली लोगों का हाथ होने की वजह से आरोपी उन पर केस वापस लेने का दबाव बनाते हैं। ओम सिंह के अनुसार इसी सदमे की वजह से उनके भाई प्रकाश चंद्र की हार्टअटैक से मौत हो गई थी।



संपूर्ण समाधान दिवस में अस्थियां लेकर पहुंचे शाहजहांपुर निवासी ओम सिंह।

- शिकायतकर्ता का कहना न्याय मिलने तक साथ में ही रखेंगे अस्थियां

## लापरवाही बरतने पर मूसाझाग के दारोगा लाइन हाजिर

**बदायूं, अमृत विचार :** एसएसपी कार्यालय के बाहर महिला के विषाक्त पदार्थ खाने के मामले में दारोगा पर लाइन हाजिर की कार्रवाई की गई है। मूसाझाग थाना क्षेत्र की नगर पंचायत गुलड़िया के वार्ड पांच निवासी रामभरोसे शर्मा का परिवार दो दिन पहले ट्रैक्टर-ट्राली में सामान भरकर एसएसपी कार्यालय पहुंचा था।

उन्होंने बताया कि गांव निवासी अर्पित पटेल उर्फ भोला ने गांव में उनका जीना दुश्वार कर दिया है। वह आए दिन घर में घुसकर मारपीट करता है। उसने झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया है। एसएसपी अंकिता शर्मा ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसके बाद कार्यालय से बाहर आकर रामभरोसे की पत्नी सुनीता शर्मा ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# यूजीसी को वापस लेने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद अवध प्रांत की एक बैठक तहसील बिल्सी के ग्राम मूसेपुर में हुई। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्रा ने की। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने किया। बैठक में यूजीसी को वापस लेने की मांग की गई।

बैठक में यूजीसी प्रमोशन आफ इक्विटी रेग्युलेशन इन हायर एजुकेशन को सरकार से वापस लेने की मांग की गई। जन सामान्य मंच के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक के बाद बिल्सी, बिसौली तहसील के कई गांवों का भ्रमण कर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद से जुड़ने का लोगों से आवाहन किया गया।

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणों के साथ घोर अत्याचार, अन्याय और शोषण हुआ है और हो रहा है लेकिन सरकार ने यूजीसी लाकर उन्हें ही जन्मजात अत्याचारी, अन्यायी और शोषणकर्ता सिद्ध कर दिया है।

यह नियम धार्मिक, अमानवीय और असंवैधानिक है। इस कानून को वापस लिया जाय। मंडल सचिव कैलाश चंद्र मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणों ने हमेशा अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ संघर्ष किया है। वह न्याय, सदाचार और दूसरों की भलाई के लिए कार्य करता आया है। उसे दोषी करार देकर ऐसा नियम बिल्कुल नहीं बनाना चाहिए।

बैठक में संयोगिता शर्मा, सूर्य कीर्ति शर्मा, शेष चन्द्र शर्मा, राम दत्त शर्मा,नरेश चंद्र शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, रिंकू शर्मा,अमरीश शर्मा, सुबोध शर्मा, अंकित शर्मा, कौशल शर्मा, राम शरण शर्मा व नत्थू लाल पाठक आदि मौजूद रहे।



ब्राह्मण परिषद की बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# आंधी-बारिश से ध्वस्त हुई शहर व गांवों की बिजली आपूर्ति

## बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल को तरसे लोग, दूसरे दिन ठीक की गई लाइनें, नहीं चले बिजली उपकरण, जर्जर लाइनें टूटने से पैदा हुआ संकट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बीती रात आई आंधी तूफान से भारी नुकसान हुआ है। आंधी में जिले भर की बिजली 14 से 18 घंटे तक गुल रही जिससे लोगों के सामने पेयजल का संकट पैदा हो गया। बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई व खंभे टूट गए। पेड़ टूटकर तारों पर गिर गये, जिससे पूरे जिले में अंधकार छाया रहा। दूसरे दिन शाम को कुछ स्थानों की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी, जबकि बाकी स्थानों पर लाइनों को दुरूस्त कराने का काम चलता रहा।

पिछले दो दिन से आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे कुछ तेज हवा चली, तभी बिजली गुल हो गई। बिजली ठप होते ही अंधकार छा गया। इस दौरान जिले भर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रात को शुरू हुई आंधी ने तूफान का रूप ले लिया। खेतों में काम कर रहे किसान घरों की ओर दौड़ पड़े। घुप्प अंधेरा होने से और तेज आंधी के चलते स्थिति भयाभय हो गई। छतों पर रखी टीन और छप्पर उड़ गए। आंधी में बिजली के खंभे टूट कर गिर गये। बिल्सी रोड स्थित कुरऊ बिजली घर क्षेत्र में कई पेड़ तारों के ऊपर गिर गये। लाइन क्षतिग्रस्त हो गयीं। कादरचौक क्षेत्र में ककोड़ा रोड पर कई स्थानों पर लाइनों के तार टूट गए। इस्लामनगर क्षेत्र में करीब दर्जन भर पेड़ उखड़ कर सड़क पर गिर गए। आंधी के चलते रात एक बजे तक लोग घरों से बाहर नहीं निकले। जगह-जगह सड़कों पर पेड़ उखड़ कर गिरने से यातायात भी बाधित हुआ। हालांकि रात में ही पेड़ों को हटा दिया गया जिससे यातायात सुचारू रहा। इसके बाद पूरी रात बिजली गुल रही। करीब पच्चीस लाख लोग अंधेर में रहने को मजबूर हो गए। दूसरे दिन शनिवार को भी बिजली नहीं आयी। करीब कुछ स्थानो पर अपरान्ह दो बजे बिजली आपूर्ति शुरू हुई, जबकि कुछ स्थानों पर देर शाम तक काम जारी रहा।

शहर में पनबड़िया बिजली घर से आने वाली लाइन कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गयी जिसकी मरम्मत शाम तक की गई। शाम पांच बजे तक आधे शहर की बिजली गुल रही। जगह-जगह काम जारी रहा। लालपुल क्षेत्र में दो जगहों पर तार टूटे जबकि सलारपुर क्षेत्र में बिजली घर के निकट ही लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, इसलिए इन क्षेत्रों में बिजली गुल रही।


लाइन पर टूटी पड़ी पेड़ की टहनी। ● अमृत विचार


आंधी में टूटा पड़ा खंभा।


लाइन को ठीक करता कर्मचारी।


> शुक्रवार की रात को आई तेज आंधी से लाइनों को भारी नुकसान हुआ है। अधिकांश लाइनों को दुरुस्त कर सप्लाई शुरू कर दी गई है जबकि कुछ स्थानो पर अभी भी काम जारी है जो देर शाम तक पूरा कर लिया जाएगा। जहां पर खंभे टूटे हैं वहां कुछ समय और लग सकता है।
> **चंद्रशेखर कुमार-अधीक्षण अभियंता**

## बिल्सी क्षेत्र में 14 घंटे तक गुल रही बिजली

संवाददाता,बिल्सी

- आधा दर्जन पोल हुए क्षतिग्रस्त
- रात भर अंधेरे में परेशान होते रहे स्थानीय लोग

**अमृत विचारः** शुक्रवार की रात आई तेज आंधी ने नगर की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार दिया। उझानी पावर स्टेशन से बिल्सी नगर क्षेत्र के बिजलीघर को आ रही मुख्य लाइन पर उझानी बाईपास मार्ग पर करीब आधा दर्जन बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पूरे नगर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात भर अंधेरे में समय बिताना पड़ा, वहीं पेयजल संकट भी गहरा गया। बिजली न होने के कारण घरों में लगे सबमर्सिबल और मोटरें बंद रहीं, जिससे सुबह तक पानी की समस्या बनी रही। दोपहर करीब दो एक बजे 14 घंटे बाद बिजली विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए उलैया पावर स्टेशन से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के बिजलीघर के माध्यम से आपूर्ति सुचारू कराई, जिसके बाद लोगों को राहत मिली।



### न्यूज ब्रीफ

#### मंदिर पर में हुई बाला जी की प्राण प्रतिष्ठा

**ओरछी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कनुआ खेड़ा में स्थित हनुमान मंदिर पर शनिदेव और बालाजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई। गांव की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव भर में घूमी। इसके बाद देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

#### कार्डधारकों को होगा खाद्यान्न वितरण

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि माह अप्रैल का खाद्यान्न का निशुल्क वितरण 6 से 20 अप्रैल के मध्य किया जाएगा। अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 21 किग्रा गेहूं, 14 किग्रा चावल सहित कुल 35 .00 किग्रा खाद्यान्न दिया जाएगा। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 03 किग्रा गेहूं, 02 किग्रा चावल सहित प्रति यूनिट 5 किग्रा खाद्यान्न वितरित किया जाएगा।

#### बेटी को डांटने पर युवक ने मां को पीटा

**दबतोरी, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव परसिया में बच्चे को डांटना शुक्रवार को दादी को भारी पड़ गया। शराब के नशे धुत बेटे ने अपनी मां को ही पीट दिया। शनिवार को जब इस घटना का बड़े बेटे को पता चला तो जमकर मारपीट हुई।गांव निवासी बुजुर्ग पार्वती ने अपने छोटे बेटे शेर सिंह की बेटी को किसी बात पर डांट दिया। जब शेर सिंह को पता चला तो शराब के नशे में देर शाम अपनी मां पार्वती के साथ मारपीट की। शनिवार को पार्वती के बड़े बेटे सुरेंद्र को घटना का पता चला तो अपनी पत्नी सोमवती के साथ घर पहुंचे। छोटे भाई से मां से मारपीट का विरोध किया। दोनों भाइयों में नोक-झोंक हुई। दोनों भाई और उनकी पत्नी में जमकर लाठी डंडे चले। घटना में शेर सिंह, उनकी पत्नी सीमा व सुरेंद्र उसकी पत्नी सोमवती गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाना बिसौली में तहरीर दी।

#### शुरू नहीं हो पा रही गेहूं खरीद

**दातागंज,अमृत विचार :** मंडी में खुले गेहूं क्रय केंद्रों पर वारदाने के अभाव में किसानों से खरीद शुरू नहीं हो सकी। क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है । दातागंज मंडी समिति में चार क्रय केंद्र खोले गए हैं जो बदहाल पड़े हैं। न बैनर लगा है न कांटा बाट है और न कोई कर्मचारी पहुंच रहा है। मंडी समिति में गेहूं खरीद संबंधी प्रक्रिया शुरू न होने से किसानों को खरीद संबंधी जानकारी नहीं मिल पा रही है। सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू होने का लाभ आढ़ती उठा रहे हैं।

## परिषदीय स्कूलों के बच्चों में बांटी किताबें



परिषदीय स्कूलों के बच्चों को किताबें बांटते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** स्कूल चलो अभियान के तहत शनिवार को पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता तथा विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक परिषदीय स्कूलों के बच्चों में किताबें बांटी। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि स्कूल शिक्षा ज्ञान का आधार,चरित्र निर्माण और भविष्य की नींव है। यह केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता, अनुशासन और जीवन जीने की कला सिखाती है। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कहा कि स्कूल चलो अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराना है। सदर विधायक ने परिषदीय स्कूलों के बच्चों में किताबें बांटी। साथ ही स्कूल चलो अभियान के तहत प्रचार प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक गुलनवाज आदि उपस्थित रहे।

## 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाएं, हुई बारिश

- जगह-जगह टूटे पेड़ और होर्डिंग, रोड पर थमी रही वाहनों की रफ्तार
- प्रशासन ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, किसानों की बढ़ गई चिंता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


**अमृत विचारः** बीती रात धूल भरी आंधी के बीच गरज-चमक के साथ बारिश का कहर देखने को मिला। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली हवाओं ने की वजह से बिजली के खंभे और पेड़ टूट गए। होर्डिंग और टिन शेड उड़ गए। करीब 40 मिनट तक बारिश और आंधी का दौर चलता रहा। आंधी और बारिश की वजह से जहां शहर सहित देहात क्षेत्र की विद्युत सप्लाई ठप हो गई, वहीं रोड पर टूटे पड़े पेड़ों की डाल की वजह से यातायात प्रभावित रहा। साथ ही खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बिछ गईं। कटी हुई फसल भी गईं। वहीं आंधी और बारिश से तापमान में खास अंतर नहीं आया। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के बदले हुए रुख को देखते हुए प्रशासन की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रशासन की ओर से आंधी और बारिश होने की संभावना व्यक्त करते हुए सावधानी बरतने की लोगों को सलाह दी है।

पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढाव बना हुआ था। गर्म हवाओं के साथ उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी। मौसम में आए बदलाव को देखते हुए प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया था। जिसमें 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई थी। मौसम विभाग की चेतावनी के तहत शुक्रवार की रात अचानक से आसमान में काले बादल छा गए, और देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगी।

50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाओं के धूल के गुब्बार उड़ने लगे। धूल के गुब्बार उडने से यातायात प्रभावित हो गया। चालक वाहनों को लेकर रोड पर साइड से खड़े हो गए। आने-जाने लोग भी सुरक्षित स्थानों की तलाश करने लगे। तेज हवाओं की वजह से शहर में कई स्थानों पर लगे होर्डिंग उड़ गए तो ग्रामीण क्षेत्रों में झोपड़ीनुमा मकान गिर गए। घरों की छतों पर पड़ी टीनशेड भी उड़ गई। रोड पर पेड़ टूट कर गिर गए। इसी बीच, हल्की बारिश भी शुरू हो गई। आंधी और बारिश आने के चलते शहर सहित देहात क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया गया। करीब 40 मिनट तक तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होती रही। रात करीब 10:30 बजे शुरू हुई बारिश करीब 11:15 बजे रुकी। देर रात हुई बारिश का प्रभाव शनिवार को देखने को मिला। वातावरण में नमी रही। सुबह से बादलों वाली धूप खिली रही। साथ ही 15 से 20 किलोमीटर घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। तापमान में भी नरमी देखी गई। हालांकि तापमान में खास अंतर देखने को नहीं मिला। बारिश की वजह से तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार की देर रात हुई बारिश से फसलों को लाभ पहुंचा है। आंधी और बारिश की वजह से खेतों में कटी पड़ी फसल भीग गई। खड़ी फसल गिर गई। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि रात के समय हुई बारिश से मक्का आदि फसलों को लाभ हुआ है लेकिन सब्जियों को नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि दो दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रशासन ने बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है।

**यातायात रहा बाधित :** बारिश की वजह से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग के साथ कादरचौक, दातागंज, उसावां मार्ग पर पेड़ की टहनियां टूट कर गिर गईं जिससे यातायात बाधित हो गया।


खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार


टूटी पड़ी पेड़ की डाली।

### बेल वाली सब्जियों को पहुंचा नुकसान

कृषि अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात आई आंधी से खेतों में लगी बेल वाली सब्जियों और आम को नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगी सब्जियों की फसल तेज हवाएं चलने से गिर गई या सब्जियां काफी टूट गई हैं। पेड़ पर लगे आम का बौर गिर गया जिससे किसानों को नुकसान पहुंचा है।

## प्रधानाध्यापक पर प्रधान ने लगाए मनमानी के आरोप

संवाददाता,बिल्सी

**अमृत विचारः** तहसील दिवस में ग्राम नगला डल्लू के प्रधान लोचन सिंह ने स्कूल प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र एसडीएम को सौंपा है।

ग्राम प्रधान का कहना है कि विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक का व्यवहार बच्चों व अभिभावकों के प्रति ठीक नहीं है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिकायत में आरोप है कि प्रधानाध्यापक नियमित रूप से समय पर स्कूल नहीं आतीं और विद्यालय का संचालन भी सही ढंग से नहीं हो रहा। इतना ही नहीं, वह अपने पति को भी साथ लेकर स्कूल आती हैं और अधिकतर समय बातचीत में व्यस्त रहती हैं, जिससे बच्चों को पर्याप्त शिक्षा नहीं मिल पा रही। मिड-डे मील को लेकर भी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। बताया गया कि मानक के अनुरूप भोजन नहीं बनता और राशन की बचत कर उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रधान ने उक्त मामले में संबंधित अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

## उधार के रुपये वापस मांगने पर जानलेवा हमला

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव के एक गांव में उधार के रुपये मांगने पर कुछ लोगों दुकानदार पर जानलेवा हमला किया। दुकानदार समेत दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दो लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

मामला गांव दुगरैय्या का है। गांव निवासी मोहम्मद मियां परचून की दुकान चलाते हैं। उन्होंने गांव निवासी राज मोहम्मद, ताज मोहम्मद और जहांगीर को रुपये उधार दिए थे। उन्होंने शुक्रवार देर शाम उन लोगों से रुपये वापस मांगे। आरोप है कि उन लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दिया। जिनका विरोध किया तो उन लोगों ने अपने परिवार के एक दर्जन लोगों के साथ लाठी-डंडे और पत्थर लेकर दुकानदार की दुकान पर चढ़ाई कर दी और जमकर मारपीट की। दुकान पर ईंट-पत्थर बरसाए जिससे मोहम्मद मियां का हाथ टूट गया और उनके भाई खालिद भी घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों भाइयों का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने दोनों पक्ष के एक-एक युवक का शांतिभंग में चालान किया। मोहम्मद मियां का आरोप है कि वह अपने भाई के साथ थाने गए। पुलिस ने उन्हें हवालात में बंद करके चालान कर दिया। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि दोनों पक्ष के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।


घायल खालिद।


घटना में घायल मोहम्मद मियां।


पथराव के बाद दुकान के बाहर पड़े ईंट

## शायरीन सय्यद ने किया स्कूल टॉप, मिला सम्मान

संवाददाता, सैदपुर

**अमृत विचारः** कस्बा में स्थित नूरी रज़ा मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. शफीकुर्रहमान बरकाती ने कहा कि शिक्षा इंसान का सबसे कीमती जेवर है, जिससे उसकी जिंदगी संवरती है। समाज में उसका सम्मान बढ़ता है। अतिथियों के द्वारा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में आयत गय्यूब, आयत नूर, सलोनी, साकिब, अर्पण, अमित, साधना, साहिबा ,अफनान, मुईन, आरिफा, रोमन खान रिफ़ा खान शामिल रहे। द्वितीय स्थान पर हैदर, अली, अरमान अली, आमीनिका, हिफजान, रज़ा, आसिया, अयान खां, शनिव अली, हिमांशु पाल, फराज़, फैज़ कुरैशी और साइमा बी रहे। मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य एसएच कुरैशी मौजूद रहे।

**लापरवाही** इंदिरा चौक से पुलिस लाइन चौराहे तक जाम से परेशान रहे लोग

## जाम से नहीं मिली मुक्ति, चौराहों पर फंसे वाहन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में शनिवार को जगह-जगह जाम देखने को मिला। पुलिस लाइन चौराहे से इंदिरा चौक और कलेक्ट्रेट तक आने-जाने में पसीने छूट गए। जाम के चलते लोग परेशान रहे। यातायात की दिनों-दिन बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के लोगों को जाम से निजात मिलती नहीं दिख रही है। अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था से हर दिन सड़कों पर जाम से जूझना पड़ता है। कामकाजी लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। फिर भी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए कोई प्रभावी नहीं उठाए जा रहे हैं। होमगार्ड स्वयंसेवकों के कंधों पर ट्रैफिक व्यवस्था है जिससे हर दिन जाम से जूझना पड़ता है। शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। रोडवेज से दिल्ली आगरा को जाने वाली बसें पुलिस लाइन चौराहे से लेकर कलेक्ट्रेट तक कई जगह फंसी रहीं। जाम के चलते बसें नहीं निकल सकीं। ऑटो और ई रिक्शा सड़कों पर बेतरतीब दौड़ रहे।


जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### होमगार्ड के सहारे रहती है ट्रैफिक व्यवस्था

ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी भी अपने होमगार्ड जवानों को आगे कर देते हैं। होमगार्ड ट्रैफिक को कंट्रोल करने का प्रयास करते हैं लेकिन नहीं होता है। एक चौराहे पर एक ट्रैफिक सिपाही और दो होमगार्ड लगाए जाते हैं जो ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित होते हैं। पुलिस लाइन चौराहे पर कई ट्रैफिक सिपाही और दरोगा भी मौजूद रहते हैं फिर भी जाम से निजात नहीं मिलती है। इंदिरा चौक और पुलिस लाइन चौराहे शहर के मुख्य चौराहे हैं, अगर इन स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाई जाए तो काफी हद तक सुधार हो सकता है।

### इससे शहरी यातायात बाधित होता रहा

पुलिस लाइन चौराहे पर एक साथ दर्जनों बसें और ऑटो पहुंच गए। इधर-उधर निकलने के प्रयास में जाम लग गया। इसके बाद इंदिरा चौक से लेकर पुलिस लाइन और कलेक्ट्रेट चौराहे तक जाम ने परेशान कर दिया। परशुराम चौक से कलेक्ट्रेट चौराहा वाला रोड भी जाम से अछूता नहीं रहा। इस रोड पर जिला महिला और पुरुष अस्पताल हैं इसलिए अस्पताल को जाने वाले वाहन भी जाम में फंसे रहे। काफी देर बाद जाम खुल सका। कलेक्ट्रेट चौराहे से लालपुल रोड पर भी करीब एक घंटे तक सौ से अधिक वाहन जाम में फंसे रहे। जाम को किसी तरह खत्म कराया गया जिसके बाद लोगों को कुछ राहत मिली।

## गैस एजेंसी संचालक पर लगाये आरोप

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचारः** ब्लॉक क्षेत्र की भारत गैस एजेंसी संचालक पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि एजेंसी संचालक के जरिये प्राइवेट लड़कों को रखकर गांव-गांव से महिलाओं के आधार कार्ड एकत्रित किए जा रहे हैं। उनके फिंगरप्रिंट लेकर गैस कनेक्शन दे दिया जा रहा है। इसकी जानकारी तब हो रही है जब किताब उनके पास पहुंच रही है। इससे ग्रामीणों में रोष है।

उझानी ब्लॉक क्षेत्र के गांव संजरपुर के ग्रामीणों का कहना है कि एजेंसी से जुड़े लोग गांव में जाकर महिलाओं को बहला-फुसलाकर उनके दस्तावेज ले आते हैं और बिना स्पष्ट जानकारी दिए गैस कनेक्शन कर देते हैं।

गांव निवासी शांति देवी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एजेंसी से आए लोग कागज लेकर गए थे। उनकी जानकारी के बिना गैस कनेक्शन कर दिया गया। अब उन्हें कादरचौक से संजरपुर के लिए गैस सिलेंडर लाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सिलेंडर दिए जाने के में भी हीलाहवाली की जा रही है।


बंद पड़ह गैस एजेंसी

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

FACULTY
Required for
B.Ed., BBA
BA(Drawing)
M.Sc. (Home Sc.)
Librarian, Helping Staff
Qual. & Exp. as per Govt/
University norms.
Apply within 15 days
pushpinstitute@gmail.com
Pushp Institute, Pilibhit
(Aff. to Rohilkhand Uni. BLY)

आवश्यकता है
प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाओं, चपरासी, गार्ड, माली, सफाई कर्मचारी की
B.K.S. मैमोरियल इंग्लिश स्कूल
रजपुरी ढकनी फरीदपुर (बरेली)
सम्पर्क करें : 9412196717

सूचना
Army No. 15564398W HAV Babu Ram 62 Engrs. Regt./IWT PL C/o 56 APO के रिकार्ड में पत्नी का नाम गलती से Saveta तथा जन्मतिथि 01.01.1980 दर्ज हो गई है जबकि सही नाम Savita तथा जन्मतिथि 28.06.1978 है। अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम व जन्मतिथि दर्ज है।

सूचना
मैंने अपने पुत्र मुदस्सिर शनब खान उर्फ मुन्ना को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। मो. शनब खां पुत्र मो. शेर खां निवासी मोहल्ला बुखारी टोला, कस्बा खीरी टाउन, थाना खीरी, जिला- खीरी

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# रिकॉर्ड : वित्तीय वर्ष में रेल मंडल ने 1012.56 करोड़ कमाए

## मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को कार्यालय में आयोजित पत्रकारों से वार्ता के दौरान दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में यात्री राजस्व का अब तक का उच्चतम स्तर 1012.56 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की। जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.5% अधिक है। वहीं गैर-किराया राजस्व का उच्चतम स्तर 8.78 करोड़ रुपये हासिल किया। यह भी पिछले वर्ष की तुलना में 65% अधिक है। रेल मंडल में मास्टर प्लान के अन्तर्गत हरिद्वार और देहरादून स्टेशनों पर सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा कई स्टेशनों पर एस्केलेटर, नये वेटिंग हॉल बनाए गए हैं। रुड़की व देवबंद नई रेल लाइन में दो स्टेशन भी बढ़े हैं।

यह बातें मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को कार्यालय में आयोजित पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। वह वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रेल मंडल की उपलब्धियों की जानकारी दे रहीं थीं। उन्होंने बताया कि आय के मामले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में यात्री राजस्व का अब तक का उच्चतम स्तर हासिल करते हुए 1012.56 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की गई। जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.5% अधिक है। वहीं गैर-किराया राजस्व में 8.78 करोड़ रुपये जो पिछले वर्ष की तुलना में 65% अधिक है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में, पार्किंग से होने वाला उच्चतम राजस्व 2.99 करोड़ रुपये है जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 25% और 156% अधिक है। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक / इन्फ्रा प्रेमशंकर झा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) सुशील कुमार भी मौजूद रहे।



निरीक्षण करते वरिष्ठ उप महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अरविंद नौटियाल व साथ में मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव। ● अमृत विचार



पत्रकारों से वार्ता करतीं डीआरएम विनीता श्रीवास्तव।

### लोडिंग से भी बढ़ी रेलवे की आय

डीआरएम ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में लोडिंग 2023-24 में 5.93 मीट्रिक टन से बढ़कर 2024-25 में 6.18 मीट्रिक टन और 2025-26 में 6.30 मीट्रिक टन हो गई है। इसमें सीमेंट लोडिंग में : 133% की वृद्धि हुई। चालू वर्ष में 6.5 रैक लोड किए गए जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 24.25 रैक थी। वैगन लोडिंग में भी 133% की वृद्धि हुई और यह 2,486 वैगन तक पहुंच गई। चीनी की लोडिंग में 24% की वृद्धि हुई है, इस वर्ष 113.5 रैक लोड किए गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 91.5 रैक लोड किए गए थे। वैगन लोडिंग में 23% की वृद्धि हुई, यह 4,863 वैगन तक पहुंच गई। मक्का की लोडिंग में 98% की वृद्धि दर्ज की गई, इस वर्ष 50.5 रैक लोड किए गए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 25.5 रैक थी। वैगन लोडिंग 79% बढ़कर 1,891 वैगन तक पहुंच गई। ऑटोमोबाइल लोडिंग में 38% का सुधार हुआ, जिसमें 179 वाहन शामिल हैं।

### यात्री सुविधाओं में भी अग्रणी

उन्होंने बताया कि मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर 150 यूटीएस और 40 पीआरएस केंद्र हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 14 यूटीएस-कम-पीआरएस काउंटर भी स्थापित किए गए हैं। खानपान सुविधाओं के तहत मंडल में वर्तमान में 6 रिफ्रेशमेंट रूम, 30 मल्टीपर्पस स्टॉल/ट्रॉली, 14 मिल्क स्टॉल, 18 वाटर वेंडिंग मशीन और 242 कैटरिंग यूनिट संचालित हैं। इसके अलावा 11 स्टेशनों पर 13 एटीएम, 16 स्टेशनों पर 27 पार्किंग यूनिट, 6 स्टेशनों पर 7 पे-एंड-यूज़ शौचालय भी है।

### 22 जिलों व 25 लोकसभा क्षेत्रों में फैला दायरा

डीआरएम ने बताया कि मुरादाबाद मंडल का दायरा प्रदेश और उत्तराखंड के 22 जिलों व 25 लोकसभा क्षेत्रों में फैला हुआ है। यह लगभग 1402 किलोमीटर के रेल नेटवर्क में 150 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस व 43 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों के माध्यम से 150 स्टेशन और 48 हॉल्ट पर प्रतिदिन लगभग 3 लाख यात्रियों को सेवा देता है। उद्योग क्षेत्र में रेल मंडल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खाद कारखानों, चीनी मिलों आदि को सेवा प्रदान करते हुए राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति में अग्रणी है।

### सफाई कार्य में होगा सुधार

डीआरएम ने यात्रा के दौरान ट्रेनों के शौचालयों व बोगी में सफाई विशेषकर वंदे भारत के सवाल पर कहा कि सफाई पर पूरा ध्यान रहता है। कमी होने पर रेल वन ऐप पर शिकायत कर सकते हैं। आन बोर्ड क्लीनिंग स्टाफ रखे गए हैं। बरेली, रोजा स्टेशन वाटर स्टॉक सेंटर बनाए गए हैं क्योंकि पानी की उपलब्धता पर ही सफाई व्यवस्था टिकी है। ट्रेनों में क्लीनिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुरादाबाद में रेलवे की नई कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

### रुद्रपुर-कर्णप्रयाग चारधाम परियोजना महत्वपूर्ण

मंडल रेल प्रबंधक ने रुद्रपुर-कर्णप्रयाग रेल परियोजना कब तक पूरा होगा के सवाल पर कहा कि रुद्रपुर-कर्णप्रयाग चारधाम रेल परियोजना उत्तराखंड के साथ ही रेल मंडल के लिए काफी महत्वपूर्ण है। रेल लाइन बिछाने में टनल्स के अवरोध काफी हद तक दूर हो गए हैं। हरिद्वार में अर्द्धकुंभ की तैयारियां चल रही हैं। 11 रेलवे स्टेशनों को अपग्रेड किया जा रहा है।

### स्टेशनों का हो रहा कायाकल्प

डीआरएम ने बताया कि मास्टर प्लान के अन्तर्गत हरिद्वार और देहरादून रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्य प्रस्तावित हैं। यात्रियों की आवाजाही के लिए एस्केलेटर, नये वेटिंग हाल, रुड़की और देवबंद नयी रेल लाइन में दो स्टेशन बढ़े हैं। आठ रेलवे स्टेशन पर सोलर एनर्जी सिस्टम लगाया गया है।

### वर्तमान वैश्विक परिदृश्य का पड़ा असर

डीआरएम ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य से मुरादाबाद रेल मंडल भी थोड़ा प्रभावित हुआ। कंटेनर के रेट बढ़े। गैस संकट से निपटने के लिए इंडक्शन उपलब्ध कराया गया, हालांकि रेल मेंटीनेंस का काम निर्बाध चल रहा है।

### रेल अधिकारियों ने मुरादाबाद-धामपुर-मुरादाबाद रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अरविंद नौटियाल और मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को मुरादाबाद-धामपुर-मुरादाबाद रेलखंड का निरीक्षण कर अमृत भारत योजना अंतर्गत विकसित धामपुर स्टेशन की सुविधाओं की समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान दोनों रेल अधिकारियों ने अप एवं डाउन दोनों मार्गों को गहनता से देखकर संरक्षा मानकों का सूक्ष्म परीक्षण किया। इसी क्रम में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित धामपुर रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, वीआईपी कक्ष सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता की समीक्षा की। यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुगम बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता (कैरेज एवं वैगन) सत्येंद्र कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) चेतन तनेजा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (चतुर्थ) रवि विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी तहरीर में जनपद लखीमपुर खीरी के कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मेखापुर निवासी वीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि वह अपनी कार से परिवार के साथ शुक्रवार सुबह 5:40 बजे बीसलपुर पुलिस चौकी मोड़ पर पहुंचे। इस दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार परिवार को चोट आई और कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक को चौकी पर खड़ा करा लिया था। अब तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्कूल से सामान समेट ले गए चोर, दी तहरीर

**मझोला, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय गिधोर की प्रधानाध्यापिका बबीता ने मझोला चौकी में दी तहरीर में बताया कि तीन अप्रैल की रात चोरों ने स्कूल में दस्तक दी। कार्यालय, रसोई घर के ताले तोड़कर चोर घुसे और अनाज चोरी कर ले गए। अभिलेख भी फाड़ दिए। दूसरे दिन घटना का पता चला। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### युवक ने की खुदकुशी की कोशिश

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मायके में रह रही पत्नी के ससुराल चलने से इनकार करने पर एक युवक ने खुदकुशी करने की कोशिश की। घटना गजरौलाकलां क्षेत्र में हुई। माधोटांडा क्षेत्र का एक युवक अपनी ससुराल पत्नी को लेने के लिए गया था। उसकी शादी पांच माह पहले हुई थी। पत्नी ने युवक के साथ जाने से मना कर दिया। इसी के चलते युवक ने ससुराल के कमरे में जाकर फंदे से लटककर जान देने की कोशिश की। उसे परिवार के लोगों ने फंदे से उतारकर अस्पताल भर्ती कराया है।

### बच्ची से छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पत्नी संग काम पर गए थे। दो मार्च की शाम चार बजे गांव का महेंद्र पुत्र रामपाल नशे की हालत में घर में घुस गया और दस साल की पुत्री से छेड़छाड़ की। शोर पर आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### अल्ट्रासाउंड न होने पर महिलाएं गुस्साई, हंगामा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शनिवार दोपहर लाइन में काफी देर लगे रहने के बाद भी अल्ट्रासाउंड न होने पर गर्भवती व उनके तीमारदार गुस्सा गए। सभी ने हंगामा कर दिया। बताते हैं कि महिला गार्ड के न होने के चलते अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे थे। मरीजों का कहना था कि दूर दराज से आने के बाद इंतजार में खड़े रहे लेकिन परेशान किया जाता रहा। इसकी जानकारी मिलने पर मेडिकल कालेज की प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने सुरक्षा गार्ड कक्ष के बाहर भिजवाए। महिला गार्ड की ड्यूटी लगाई और फिर अल्ट्रासाउंड शुरू किए गए।

### ड्यूटी से गायब मिली स्टाफ नर्स

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ईंटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्टाफ नर्स निशा के ड्यूटी पर न मिलने पर सीएचसी अधीक्षक ने स्पष्टीकरण तलब किया है। एमओआईसी डॉ. छत्रपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को निरीक्षण के दौरान पीएचसी पर तैनात नर्स ड्यूटी पर नहीं मिली। जिस पर जवाब तलब किया गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

# कई अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापामारी, एक सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. लईक अहमद अंसारी ने टीम के साथ जिले में छापामारी कर कई अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चेक किया। इस दौरान एक सेंटर संचालक पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं दिखा सका। टीम ने सेंटर को सील कर दिया। वहीं, जिन सेंटरों पर कमियां मिली हैं, उनके संचालकों को चेतावनी दी गई है।

नोडल अधिकारी ने शुक्रवार को कुंडरा कोठी स्थित मन्नत अल्ट्रासाउंड, जीवन ज्योति अल्ट्रासाउंड, रिछा के हर्ष कला अल्ट्रासाउंड, बहेड़ी में ग्लोबल, हिंद, यूनिक, मैक्स, लाइफ लाइन, अरोरा, नियाजी और विद्या अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान हिंद अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर टीम ने सेंटर को सील कर दिया। संचालक को तीन दिन के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। दस्तावेज न दिखाने पर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, निरीक्षण के समय मैक्स और लाइफ लाइन अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद मिले। विभाग ने सभी संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे शासन के मानकों के अनुरूप ही सेवाएं संचालित करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# गोरखपुर-लालकुआं साप्ताहिक ट्रेन का संचालन 10 से

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने 05009/05010 गोरखपुर-लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन गोरखपुर से 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को और लालकुआं से 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को करने का फैसला लिया है। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार 05009 गोरखपुर-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 17.05 बजे चलकर बस्ती 18.20, गोंडा 20.10, सीतापुर जंक्शन 23.00 बजे, दूसरे दिन लखीमपुर 00.05 बजे, गोला गोकरननाथ 00.37 पहुंचेगी।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों का नाथ नगरी में आगमन 6 को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● आर्ट ऑफ लिविंग परिवार त्रिवटी नाथ मंदिर में करा रहा ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन

**अमृत विचार :** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से नाथ नगरी के त्रिवटी नाथ मंदिर में एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। जहां पर एक हजार वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष छह अप्रैल को पहुंचेंगी। जिन्हें आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में देशभर में ले जाया जा रहा है।

बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम से स्वामी भव्य तेज इसे बरेली लेकर पहुंचेंगे। 6 अप्रैल की सुबह 8.30 बजे से प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में कार्यक्रम शुरू होगा। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग 6 अप्रैल को नाथ नगरी में एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक घटना की साक्षी बनने जा रही है। पूरे देश की यात्रा के अंतर्गत श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष जो 100 वर्षों तक तमिलनाडु में गुप्त रूप से संरक्षित रहे, इस पावन नगरी में पहुंचेंगे। यह यात्रा 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है, जो लंबे समय से भारतीय आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कर रही है। जिसका मूल मंत्र है तनाव मुक्त मन, हिंसा मुक्त समाज। यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। 1000 वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों को लेकर यात्रा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से होते हुए प्रदेश में झांसी, कानपुर, आगरा, मेरठ, मुरादाबाद होते हुए 6 अप्रैल को बरेली पहुंचेगी।

आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक सौरभ मेहरोत्रा ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर जिले की एक नई पहचान स्थापित करेगा। श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों का आगमन शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम त्रिवटी नाथ मंदिर में प्रात 8:30 से 1:00 बजे तक आयोजित होगा। सोमनाथ शिवलिंग पूजा, आर्ट ऑफ लिविंग भजन-संकीर्तन और दर्शन होगा। इस मौके पर पार्थो कुनार, श्वेता कुनार, रीना अग्रवाल, अमित, सौरभ, वृजवासी, मंदिर ट्रस्ट नवीन गोयल, गोपाल, अशोक मौजूद रहे।

**गजनवी ने मंदिर को किया था ध्वस्त, 900 वर्षों तक सुरक्षित रखकर हुई पूजा**

वीडीएस कोआर्डिनेटर बरेली गोपाल भारण अग्रवाल ने कहा कि इतिहास के अनुसार वर्ष 1026 ईसवीं में आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। लेकिन, आस्था की ज्योति निरंतर प्रज्वलित रही। पवित्र शिवलिंग के अवशेषों को अग्निहोत्री पुजारियों ने 900 वर्षों तक गुप्त रूप से सुरक्षित रखकर पूजा-अर्चना की, जो पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित होते रहे। सन् 1925 में कांची के शंकराचार्य ने भविष्यवाणी की कि इन अवशेषों को उचित समय पर ऐसे योग्य आध्यात्मिक नेतृत्व को सौंपा जाए। जिनके नाम में शंकर हो। जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीताराम शास्त्री ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ये अवशेष गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर को सौंपे थे।

# पहली बार टीबी रोगियों की जानकारी जुटाएंगी आंगनबाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● दस्तक अभियान के लिए आंगनबाड़ियों को दी जा रही ट्रेनिंग

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के 'दस्तक' अभियान के तहत पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को टीबी मरीजों की पहचान और उनकी जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए तीन सौ बेड अस्पताल में उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।

संचारी रोग जागरूकता के लिए एक अप्रैल से गांवों में काम शुरू हो गया है। जिन गांवों में पहले मलेरिया और डेंगू का प्रकोप था, वहां दवा का छिड़काव और साफ सफाई की जा रही है। वहीं 10 अप्रैल से दस्तक अभियान की शुरूआत होनी है। अब तक अभियान के दौरान मलेरिया, डेंगू, कुपोषित बच्चों की जानकारी जुटाई जाती थी, मगर अब शासन ने इसमें टीबी के मरीजों की जानकारी भी जोड़ दी है। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को टीबी के लक्षण, पहचान और मरीजों तक पहुंचने के तरीके बताए जा रहे हैं। साथ ही मलेरिया और फाइलेरिया जैसी बीमारियों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है, ताकि घर-घर जाकर सही आंकड़े जुटाए जा सकें। समय रहते मरीजों को इलाज मिल सके। सीएमओ विश्राम सिंह कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां स्वास्थ्य विभाग की अहम कड़ी हैं, जिनके माध्यम से गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाया जा सकता है।

# घर का ताला तोड़कर की जेवरात-नगदी चोरी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव बीलना में दिनदहाड़े बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और हजारों की नकदी चोरी कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित ने कार्रवाई को लेकर तहरीर दी है।

दरअसल थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव बीलना में सलीम का परिवार रहता है। सलीम गैस बेल्डिंग का काम करता है। शनिवार को उनकी रिश्तेदारी में वलीमा था। इसी सिलसिले में सलीम अपने परिवार के सभी सदस्यों को लेकर दावत में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। दोपहर में किसी समय चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे लाखों के जेवरात और हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दावत से लौटने पर परिजनों ने घर के दरवाजे और अलमारी के ताले टूटे हुए देखे। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था, जिससे चोरी का पता चला। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरों की तलाश में जुट गई है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



घटनास्थल पर जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

# दरगाह शाहदाना वली पर उर्स का आगाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दरगाह शाहदाना वली पर शनिवार से छोटे उर्स की शुरुआत हो गई। पहले दिन का आगाज कुरानख्वानी से किया गया। दिनभर दरगाह पर अकीदतमंद हाजिरी के लिए पहुंचते रहे।

दरगाह के मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि दरगाह शाहदाना वली पर छोटे उर्स सतरहवीं की शुरुआत बाद नमाजे फजर कुरानख्वानी से हुई। मस्जिद के इमाम मौलाना मुशाहिद रजा खा ने दरगाह शरीफ पर सलातो सलाम का नजराना पेश किया। अलग-अलग जगहों से जायरीन दरगाह पर चादर पोशी व गुल पोशी करने पहुंचे। दरगाह के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी बब्बू मिया ने जायरीन के लिए लंगर का इंतजाम किया। रात में इशा की नमाज के बाद मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ, जिसमें दूरदराज से आए मौलाना इमरान बरकाती, मौलाना सय्यद रेहान, मौलाना भूरा, आजम बरसाती ने कलाम पेश किए। कार्यक्रम सूफी रिजवान रजा खां कादरी की निगरानी में हुआ। रविवार को रात 10 बजे महफिल ए शमा का आयोजन होगा। गफूर पहलवान, अब्दुल सलाम नूरी, सलीम रज़ा, गुल्लन खान, जावेद खां, भूरा साबरी, यूसुफ इब्राहिम, इरफान घोसी, वसी अहमद, सईद खां आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती गिरे, पति की मौत

संवाददाता सैदनगली (अमरोहा)

**अमृत विचार:** संभल मार्ग पर सड़क हादसे में रिश्तेदारी से लौट रहे दंपति की बाइक को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।



मृतक रागिब।

यह हादसा शुक्रवार की देर शाम संभल मार्ग पर हुआ। दरअसल थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी रागिब (45) पुत्र तहसीन अपनी पत्नी तबस्सुम के साथ संभल जिले के गांव सिरसी से रिश्तेदारी से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक संभल मार्ग पर दोनों जनपदों की सीमा के पास रमपुरा के निकट पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रागिब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी तबस्सुम गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल तबस्सुम को परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी को रोता-बिलखता छोड़ गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

### नेशनल हाईवे पर पलटी टैक्टर ट्राली से टकराई कार, पांच लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

**संवाददाता गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर पलटी टैक्टर ट्राली से शनिवार तड़के अर्टिगा कार की भिड़ंत हो गई। जिसमें कार सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। अभी इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। जनपद मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र के गांव रहरी गुलड़िया निवासी मुशर्रफ अली सऊदी अरब से अपने वतन लौट रहे थे। उनकी पत्नी नौशाबा, सास शायदा, बेटा अब्दुल कादिर किराए की अर्टिगा कार से उन्हें लेने दिल्ली एयरपोर्ट जा रहे थे। कार को डिलीरी के जोगीपुरा निवासी नासिर चला रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी अर्टिगा कार शनिवार तड़के करीब 3रू45 बजे नेशनल पर शहर के मोहल्ला नाईपुरा में पहुंची कि यहां पहले से पलटी लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। तेज गति होने की वजह से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार सभी पांचों लोग घायल हो गए। मौके पर मची चीख-पुकार के बीच घायलों को आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल चलो अभियान और प्रवेश उत्सव का किया भव्य शुभारंभ

**बरेली, अमृत विचार :** अर्बन हाट स्थित ऑडिटोरियम में शनिवार को स्कूल चलो अभियान व प्रवेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से अभियान की शुरुआत की, जिसका सजीव प्रसारण यहां भी दिखाया गया। जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। मेधावी व प्रांतीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हरूनगला के छात्र हर्षित को उनके साइंस प्रोजेक्ट के लिए विशेष रूप से सम्मान मिला। स्कूल चलो अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता सैदनगली (अमरोहा)

**अमृत विचार:** थाना सैदनगली क्षेत्र के एक गांव में आम के बाग में पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव पंडका निवासी परवीन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई काविन्द्र (24) पुत्र कल्लू सिंह शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे घर पर था। आरोप है कि गांव के ही दो युवक उसे किसी काम का बहाना बनाकर अपने साथ ले गए। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान काविन्द्र का शव गांव के पास स्थित आम के बाग में एक पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि मृतक इंटर पास था और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। वह चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। घटना के बाद मां जसमाली का रो-रोकर बुरा हाल है। शनिवार को मृतक के भाई ने रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# नवाचार और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस कॉलेज में आयोजित हैकाथॉन 4.0 का तीसरा अंतिम दिन उत्साह, प्रतिस्पर्धा और नवाचार के माहौल में सम्पन्न हुआ। सुबह 10 बजे अंतिम मूल्यांकन चरण प्रारंभ हुआ, जिसमें दो अलग-अलग निर्णायक मंडलों ने प्रतिभागी टीमों का मूल्यांकन किया। इन निर्णायक मंडलों में शिक्षाविदों के साथ-साथ उद्योग विशेषज्ञ भी शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट्स का तकनीकी, व्यावहारिक और नवाचार के आधार पर आकलन किया। मूल्यांकन के बाद विजेताओं का चयन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति और प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता टीमों को सम्मानित किया।

# सहारनपुर में मदरसे के छात्र की पिटाई के आरोप में दो शिक्षक गिरफ्तार

**सहारनपुर, एजेंसी:** जिले में दारुल उलूम जकारिया मदरसा के 10 वर्षीय एक छात्र की पिटाई के आरोप में शनिवार को दो मदरसा शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ जिसमें एक शिक्षक बच्चे के पैर पकड़े और दूसरा शिक्षक उसे डंडे से पीटता दिखता है। इस दौरान बच्चा शिक्षकों से दया की गुहार लगाता दिखा। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया।

क्षेत्राधिकारी (गंगोह) अशोक सिसोदिया ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया और बच्चे की पिटाई करने वाले दोनों शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी पहचान जुनैद (28) और शोएब (30) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि यह घटना गंगोह कस्बे के दारुल उलूम जकारिया मदरसे में हुई और इस संबंध में उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, खानपुर गुर्जर गांव निवासी कारी साजिद हसन नाम के एक व्यक्ति ने गंगोह थाने में घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

# मेरठ में देसी शराब पीने से तीन की मौत, ठेका सील

## रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की हो सकेगी पुष्टि

- तीनों मृतकों के विसरा नमूने लेकर उन्हें सील कर फॉरेंसिक लैब भेजा गया

**मेरठ, एजेंसी:** मेरठ के दौराला क्षेत्र में संदिग्ध देसी शराब के सेवन से तीन लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित शराब ठेके को सील कर दिया है और नमूनों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मृतकों की पहचान दौराला क्षेत्र निवासी बाबूराम प्रजापति, जितेंद्र कुमार (45) और अंकित कुमार (40) के रूप में हुई है। बाबूराम अपने घर पर सरसों पिराई का स्पेलर चलाते थे और जितेंद्र कुमार उनके साथ काम करता था जहां यह घटना हुई। देर रात में ही तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिये गये थे जिन्हें आज उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे अंकित कुमार सरसों का तेल लेने के लिए बाबूराम प्रजापति के स्पेलर पर पहुंचे थे और अपने साथ लाए शराब के पाउच से तीनों ने साथ बैठकर शराब पी। इसके कुछ ही मिनट बाद तीनों की हालत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां देर रात डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला शराब सेवन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। तीनों मृतकों के विसरा नमूने लेकर उन्हें सील कर फोरेंसिक लैब भेजा गया है। साथ ही संबंधित शराब ठेके को भी सील कर दिया गया है और हर पहलू से जांच की जा रही है।

घटना के बाद परिजनों ने शराब में मिलावट का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वीके सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय मौके पर पहुंचे और परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में शराब की गुणवत्ता की निगरानी में लापरवाही बरती जा रही है और अवैध शराब का कारोबार जारी है। इससे पहले भी आसपास के इलाकों में एक्सपायर या संदिग्ध शराब मिलने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शराब के जहरीले या उपयोग की अवधि समाप्त होने की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि संबंधित पाउच की पैकेजिंग तिथि 11 फरवरी 2026 पाई गई है और उसी खेप के अन्य पैक भी बेचे गए हैं, जिनसे किसी अन्य स्थान से ऐसी शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विसरा सुरक्षित रखा जा रहा है। मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य, फॉरेंसिक, सर्विलांस और गोपनीय शाखा की चार टीम गठित की गई हैं।



## कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

"अति अल्पकालीन नीलामी सूचना–02/स0अ0–II/2025–26"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 के नियन्त्रणाधीन तहसील पूरनपुर, जिला–पीलीभीत के अन्तर्गत निम्नलिखित भूमि को एक वर्ष (फसल खरीफ व रवी 1434) फसली वर्ष 2026–27 के लिये मात्र कृषि कार्य हेतु सार्वजनिक नीलामी दिनांक 16.4.2026 को पूर्वान्ह 12.30 बजे निरीक्षण भवन, बाईफरकेशन जनपद पीलीभीत के प्रांगण में की जायेगी, जो व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वे निश्चित समय व तिथि पर दस रूपये का स्टाम्प पेपर, पहचान पत्र/आधार कार्ड की छाया प्रति तथा निर्धारित धरोहर राशि जमा कर नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं, उच्चतम बोलीदाता को नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि बोली के तुरन्त बाद एकमुश्त नकद जमा करनी होगी। नीलामी को बिना कारण बताये स्वीकार व अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली को होगा। नीलामी हेतु निर्धारित तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | लॉट सं0 | स्थल का नाम | ग्राम | अग्रिम धरोहर हेतु F.D.R. की राशि | गाटा सं0 | क्षेत्रफल (है0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01 | हरदोई शाखा किमी0 19.500 दांयी पटरी | उदयकरनपुर | रू0 3,000.00 | 113 (नवीन गाटा सं0–69) | 0.939 |
| 2 | 02 | हरदोई शाखा किमी0 31.500 दांयी पटरी (दंदौल कोठी की भूमि) | दंदौल | रू0 4,000.00 | 116 | 3.343 |
| 3 | 07 | सबसीडियरी हरदोई शाखा किमी0 19.00 बांयी पटरी | उदयकरनपुर | रू0 1,000.00 | 68 (नवीन गाटा सं0–217ख) | 0.117 |
| 4 | 08 | सबसीडियरी हरदोई शाखा किमी0 19.00 बांयी पटरी | उदयकरनपुर | रू0 2,000.00 | 147 (नवीन गाटा सं0–288) | 0.400 |

नीलामी शर्तें:–

1. नीलामी बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को उपरोक्त विवरण के अनुसार धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बंधक हो, जमा करनी होगी, तभी टोकन नम्बर दिया जायेगा, टोकन नम्बर प्राप्त करने वाले बोलीदाता ही नीलामी में सम्मिलित होंगे तथा वे ही बोली बोलने के हकदार होंगे। नकद धनराशि किसी भी स्थिति में जमा नहीं की जायेगी।
2. उपरोक्त भूमि स्वीकृति की तिथि से खरीफ व रवी 1434 फसली (एक वर्ष) वर्ष 2026–27 के लिये मात्र कृषि कार्य के लिये दी जायेगी, उसके बाद नीलाम क्रेता (ठेकेदार) का कोई अधिकार नहीं होगा। इस भूमि पर नीलाम क्रेता ईख (गन्ना) की फसल नहीं बोएगा, वह ऐसी फसल लगायेगा जो रवी 1434 फसली की समाप्ति से पूर्व काट कर ले जा सके।
3. उच्चतम बोलीदाता को अपनी बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होने के तुरन्त बाद एक मुश्त नकद जमा करनी होगी अन्यथा उसके द्वारा जमा धरोहर राशि (एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0) शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और उपरोक्तानुसार क्रमशः द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर दिया जायेगा।
4. नीलामी स्वीकृति के उपरान्त ही नीलाम क्रेता उपरोक्त भूमि पर जुताई बुवाई कर सकेगा।
5. नीलाम क्रेता को नीलामी स्वीकृति प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर नीलामी राशि पर नियमानुसार जी0एस0टी0, 8.5 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क तथा रू0 100.00 का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर अनुबन्ध हेतु जमा करना होगा।
6. नीलाम क्रेता द्वारा नहरी भूमि पर किसी भी प्रकार का स्थाई/अस्थाई निर्माण कार्य नहीं किया जायेगा और भूमि अन्य व्यक्ति को हस्तगत नहीं करेगा, अन्यथा नीलामी निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व नीलाम क्रेता का होगा।
7. नीलाम क्रेता द्वारा नहरी भूमि से मिट्टी आदि किसी प्रकार का खनन नहीं किया जायेगा, नहरी भूमि पर स्थित किसी भवन, नाली, वृक्ष आदि किसी सम्पत्ति को क्षति नहीं पहुँचाई जायेगी।
8. किसी प्रकार का मतभेद होने पर अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
9. प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता बोली बोलने से पूर्व उपरोक्त नीलामी स्थल का भली–भॉति निरीक्षण कर लें, नीलामी के बाद कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

UP - 249148 दिनांक: 02/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली




## कार्यालय ग्राम पंचायत सैदपुर खजुरिया विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत–सैदपुर खजुरिया विकास खंड–बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026–27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी–राम–जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 9 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**श्रीमती लाडो इशरत (प्रधान)** **श्री विवेक गंगवार (सचिव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भरतौल विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत–भरतौल विकास खंड–बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026–27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी– राम –जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 9 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**श्रीमती प्रवेश (प्रधान)** **श्री विवेक गंगवार (सचिव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिमरा अजूबा बेगम विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत–सिमरा अजूबा बेगम विकास खंड–बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026–27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा /वीबी–राम–जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 9 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**श्री संजय सिंह (प्रधान)** **श्री विवेक गंगवार (सचिव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिथरी चैनपुर विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत–बिथरी चैनपुर विकास खंड–बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026–27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी– राम–जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 9 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**ममता कुमारी (प्रधान)** **श्री विवेक गंगवार (सचिव)**


# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने कोल्ड ड्रिंक, एसी व साइकिल जब्त की

**बहराइच, एजेंसी:** जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक, एसी और साइकिल बरामद की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। 42वीं वाहिनी के उप सेनानायक दिलीप कुमार ने बताया कि दो अप्रैल की रात रुपईडीहा स्थित बीआईटी जांच चौकी पर नियमित जांच के दौरान नेपाल की ओर जा रहे एक पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया गया लेकिन चालक अवरोधक तोड़कर भागने का प्रयास करने लगा।

उन्होंने बताया कि जवानों ने वाहन को करीब 50 मीटर आगे जाकर रोक लिया। जांच में वाहन से कोल्ड ड्रिंक के 175 कार्टन बरामद किए गए। प्रत्येक कार्टन में नौ बोतलें थीं, इस तरह कुल 1,575 बोतल बरामद हुईं। कुमार ने बताया कि चालक सीमा शुल्क से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। एसएसबी ने वाहन सहित बरामद माल जब्त कर नानपारा स्थित सीमा शुल्क कार्यालय को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि उसी दिन सीमा स्तंभ संख्या 656 के पास एसएसबी की गश्ती टीम ने साइकिल के जरिए नेपाल ले जाए जा रहे दो एसी बरामद किए। कार्रवाई के दौरान एसएसबी ने एक तस्कर नानपारा निवासी मुन्नू को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी भाग गया। अधिकारी ने बताया कि बरामद दोनों एसी और दो साइकिल सीमा शुल्क विभाग को सौंप दी गई हैं।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 2828/7निविदा(सी0डी0–2)(ई–टेण्डर)–08/2025–26 दिनांक 30/03/2026

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र साईट/पोर्टल पर दिनांक 08.04.2026 से दिनांक 16.04.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 16.04.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवष्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद बदायूँ में हरदतपुर औरंगाबाद ठप्पा जैमनी मार्ग से नगला वरन मार्ग पर 2X3 लघु सेतु निर्माण कार्य। | 34.90 | 3.49 | 2714.00 | 06 Month | A, B & C (Bridge Work) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 249151 दिनांक: 02/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(वन्दना सोनकर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लोनिवि, बदायूँ

(के0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियंता
बदायूँ/पीलीभीत वृत, लोनिवि, बरेली


# कुशीनगर में घरेलू विवाद में अधिवक्ता की हत्या

**कुशीनगर, एजेंसी:** जिले के एक गांव में कथित तौर पर घरेलू विवाद में एक अधिवक्ता की लोहे की रॉड से सिर पर वार कर कथित रूप से हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सवेरा मल छपरा गांव निवासी प्रसिद्ध नारायण दीक्षित (53) का शुक्रवार देर रात करीब आठ बजे घर में ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसने बताया कि विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई तभी परिवार के ही एक सदस्य ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें गोरखपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दीक्षित, रविन्द्र नगर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ता थे और बार एसोसिएशन के पांच बार अध्यक्ष रहे थे। अधिवक्ता के छोटे बेटे ने अपने बड़े भाई और भाभी पर पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि देर रात परिजन शव को लेकर जिला मेडिकल कॉलेज, कुशीनगर पहुंचे, जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया है। इस संबंध में पडरौना कोतवाली प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि अब तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है।

# हेरोइन के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

सोनभद्र, एजेंसी : जिले की एसओजी और राबर्ट्सगंज कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार को एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 22 लाख रुपये मूल्य की हेरोइन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के बभनौली चौराहे पर एक संदिग्ध बाइक सवार को पुलिस ने रोका तो वह भागने लगा। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार का पीछा कर उसे पकड़ लिया तथा तलाशी के दौरान उसके पास से 101.76 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड–द्वितीय, बरेली।

UTTAR PRADESH IRRIGATION DEPARTMENT

सार्वजनिक नीलामी की सूचना संख्या–02/नख2ब/2025–2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नलकूप मण्डल बरेली कार्यालय के पुनर्निर्माण की परियोजना के दृष्टिगत मण्डल कार्यालय के ध्वस्तीकरण उपरान्त अर्जित टीन शेड व मलबे जिनका विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है, जैसे तथा जहाँ मौजूद है के आधार पर नीलामी गठित समिति के द्वारा की जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति/फर्म नीलामी प्रकाशन के उपरान्त सामग्री का अवलोकन करना चाहें तो दिनांक– 08.04.2026 से 09.04.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक नलकूप मण्डल बरेली/नलकूप खण्ड द्वितीय बरेली में कर सकते हैं। नीलामी स्वीकृत होने के पश्चात सामग्री के सम्बन्ध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति अपना मूल फोटो युक्त पहचान पत्र, मूल जी0एस0टी0एन0 नम्बर प्रपत्र तथा इच्छुक फर्म के प्रोपराइटर अथवा प्रतिनिधि अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र, मूल जी0एस0टी0एन0 नम्बर तथा प्राधिकार पत्र दिखाकर तथा जमानत धनराशि डिमान्ड ड्राफ्ट (जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड द्वितीय, बरेली के नाम देय हो) के रूप में जमा कर निविदा प्रपत्र दिनांक–08.04.2026 से 09.04.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड द्वितीय, 133 मढ़ीनाथ बरेली से क्रय कर सकते है। वांछित अभिलेख एवं जमानत धनराशि जमा करने के उपरान्त टोकन उसी समय निर्गत किया जायेगा।

नीलामी हेतु सामग्री का विवरण

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा (नग में) | नीलामी का स्थान | नीलामी की तिथि | नीलामी का समय | नीलामी हेतु जमानत धनराशि (रू0 में) | आवेदन पत्र का मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | मलबा व टीन शेड | – | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड–द्वितीय, 133–मढ़ीनाथ,बरेली। | 10.04.2026 | 12:00 बजे अपरान्ह | रू0 13900.00 | मू0150+ जी0एस0टी0 |

निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी से सम्बन्धित नियम, शर्तें एवं विवरण विभागीय बेवसाइट www.idup.gov.in पर उपलब्ध है।

UP - 249119 दिनांक: 02/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विनोद कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड–द्वितीय,बरेली




## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां जनपद-शाहजहांपुर

पत्रांक: 03/न.पा.पं.–पु./15वां वि.आ./ई–टेण्डर/26–27 दिनांक: 02.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/ अन्य सरकारी विभाग में 'ए' 'बी' 'सी' एवं 'डी' श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए ई–निविदा दे सकता है। 1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा का मूल्य 18% जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 वां वित्त आयोग (Untied Grant) के अन्तर्गत कार्य | | | | | | |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | शाहजहांपुर | वार्ड नं. 03 मो. अम्बेडकर नगर में वाल्मीकि मन्दिर के सामने शिवा के मकान से राजकुमार के मकान के पीछे होते हुए वहादुर के मकान तक आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। | 991828.00 | 84053.00 | 992.00 | दो माह |
| 2. | शाहजहांपुर | वार्ड नं. 06 मो. आनन्दवाटिका में सखीबाबा स्थान के खुशीराम के मकान तक एवं सुरेन्द्र के मकान से सनी के मकान तक नाली व इन्टरलॉक सड़क का निर्माण कार्य। | 1108352.00 | 93928.00 | 1108.00 | दो माह |
| 3. | शाहजहांपुर | वार्ड नं. 15 मो. रामनगर में विश्वराज के मकान से अनूप के मकान तक एवं विवेक मिश्रा के मकान से गोविन्द पाण्डे के मकान तक नाली व इंटरलॉक सड़क का निर्माण कार्य। | 1858317.00 | 157484.00 | 1858.00 | दो माह |
| 4. | शाहजहांपुर | वार्ड नं. 04 मो. कसबरा अस्तल में पंकज के मकान से सुरेन्द्रपाल के मकान तक नाली व इन्टरलॉक सड़क का निर्माण कार्य। | 881706.00 | 74721.00 | 882.00 | दो माह |
| 15 वां वित्त आयोग (Tied Grant) के अन्तर्गत कार्य | | | | | | |
| 5. | शाहजहांपुर | वार्ड नं. 01 काशीरामनगर में स्थापित मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस हेतु 10000 ली. क्षमता की पानी की टंकी व आर.सी.सी. स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | 597917.00 | 50671.00 | 598.00 | दो माह |
| 6. | शाहजहांपुर | वार्ड नं. 05 हरदयाल कूंचा (नौगवां) में स्थापित मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस हेतु 10000 ली. क्षमता की पानी की टंकी व आर.सी.सी. स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | 593798.00 | 50322.00 | 594.00 | दो माह |
| 7. | शाहजहांपुर | वार्ड नं.–06 आनन्द वाटिका में स्थापित मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस हेतु 10000 ली. क्षमता की पानी की टंकी व आर.सी.सी. स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | 593403.00 | 50288.00 | 593.00 | दो माह |
| 8. | शाहजहांपुर | वार्ड नं.–09 छावनी (लखहा) में स्थापित मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस हेतु 10000 ली. क्षमता की पानी की टंकी व आर.सी.सी. स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | 598765.00 | 50743.00 | 599.00 | दो माह |
| 9. | शाहजहांपुर | वार्ड नं.–12 कसबरा तकिया में स्थापित मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस हेतु 10000 जी. क्षमता की पानी की टंकी व आर.सी.सी. स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | 589650.00 | 49970.00 | 590.00 | दो माह |
| 10. | शाहजहांपुर | वार्ड नं.–15 रामनगर में स्थापित मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस हेतु 10000 ली. क्षमता की पानी की टंकी व आर.सी.सी. स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | 584683.00 | 49549.00 | 585.00 | दो माह |
| 11. | शाहजहांपुर | इण्डिया मार्का हैण्डपम्प से निकलने वाले निष्प्रयोज्य जल हेतु 10 स्थानों पर वाटर सोकपिट का निर्माण। | 212130.00 | 17998.00 | 250.00 | दो माह |
| 12. | शाहजहांपुर | ओवरहेड टैंक की सफाई का कार्य। | 49560.00 | 10500.00 | 250.00 | दो माह |

2. वेबसाइट पर विड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 15.04.2026 समय 10:00 बजे से।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 22.04.2026 को 05:00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 23.04.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए तथा निविदा शर्तो/नियमों आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

कल्पना शर्मा
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पुवायां
शाहजहांपुर

संजय गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पुवायां
शाहजहांपुर

# मानव व्यक्तित्व का आधार है दिनचर्या

अनुशासनविहीन जीवन में स्वस्ति और लोकमंगल नहीं होते। प्रकृति स्वयं अनुशासन में गतिशील है। मनुष्य के लिए इसी अनुशासन का पालन उपयोगी दिनचर्या है। इसका संबंध स्वस्थ मन से है। स्वस्थ बुद्धि से है और निर्मल आत्मा से भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मस्त व्यक्तित्व के धनी हैं। उच्च कोटि के संसद विज्ञ, 5 बार के सांसद व दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं। व्यवहार में अनुशासित अखिल भारतीय स्तर पर चर्चित जनप्रिय राजनेता हैं। योगी हैं। सो अनुशासन में रहते हैं और अपने परिचितों से भी अनुशासित रहने की अपेक्षा करते हैं। वे हमारे प्रति शुभेच्छु हैं। हम लोग भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा करते रहते हैं। वे योग विज्ञानी भी हैं। योग का हमारा ज्ञान किताबी है, लेकिन उनका ज्ञान अनुभव अनुभूति और व्यावहारिक जीवन से भरा पूरा है।

चार दिन पहले आकाशवाणी का 89 वां स्थापना वर्ष मनाया गया था। उसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों को सम्मानित किया गया था। आकाशवाणी के वरिष्ठ महानुभाव भी सम्मानित किए गए थे। पद्मश्री में मेरा भी नाम था। योगी जी ने उस कार्यक्रम में मेरी दिनचर्या पर चर्चा की। उन्होंने कुछ पुरानी बातें खोलीं और याद कराया कि हमारी दिनचर्या अनुशासित नहीं थी। उन्होंने मुझे याद कराया की देर रात तक जागना स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं होता। मैंने उनसे बताया के दिन भर राजनीतिक कारणों से व्यस्त रहता हूं और रात में लिखने-पढ़ने का समय मिलता है। उन्होंने हंसते हुए कहा कि यही दिनचर्या उलट दी जाए और सुबह जल्दी उठा जाए और रात्रि में जल्दी सोया जाए। इन्हीं पुरानी बातों को उन्होंने आकाशवाणी के कार्यक्रम में फिर से दोहराया।

दिनचर्या व्यक्तित्व का आधार है। दिनचर्या का अनुशासन प्रायः हमारा निर्णय होता है। इसमें थोड़ी सी चूक भी क्षतिकारी होती है। दिनचर्या पर देशकाल का भी प्रभाव पड़ता है। ठंडी जलवायु वाले देशों में शरीर के ताप को विशेष स्तर पर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। ऐसे देशों में अधिक ऊष्मा देने वाली दिनचर्या चलती है। आदर्श दिनचर्या पर प्राचीन भारत में अच्छा और परिश्रम हुआ है। अच्छी दिनचर्या में अच्छी नींद, अच्छा जागरण और अच्छे आहार की आवश्यकता होती है। उसे कालखंड में अन्न की विशेष महत्ता पर जोर दिया गया है। अन्य भौतिक पदार्थ है। प्राचीन अनुभूति में वह दिव्य है। तैत्तरीय उपनिषद के एक सुंदर मंत्र में कहते हैं, "कि यह व्रत संकल्प है कि अन्न की निंदा न करें। अन्न ही प्राण है। प्राण ही अन्न है। शरीर भी अन्न है। शरीर और प्राण का अंतरसंबंध है। अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है, जो यह जान लेता है उसकी दिनचर्या आदर्श हो जाती है।" उपनिषद में कहते हैं कि "आहार का अर्थ अन्न है।" आहार साधारण खाद्य वस्तु नहीं है। आहार का संबंध अनुशासित दिनचर्या से भी है। व्यापक अर्थों में अनुशासित दिनचर्या के पांच द्वार हैं। देखना भी एक आहार है। देखे गए दृश्य चित्र को प्रसन्न या अप्रसन्न करते हैं। सुंदर दर्शन में मन प्रसन्न होता है। अभद्र दर्शन में मन अप्रसन्न होता है। इसलिए देखने में भी संयम की आवश्यकता है। पढ़ना भी एक आहार है। अनुशासित दिनचर्या वाला ज्ञानवर्धक अध्ययन मन स्वस्थ रखता है। निराश करने वाली सूचनाएं कष्ट पहुंचाती हैं।

> इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है। दृश्य, श्रव्य, नाक, स्पर्श और रसना पांच द्वार हैं। इनसे हम कुछ न कुछ लिया करते हैं। जीवनचर्या के अनुशासन में इन पांचों द्वारों की भूमिका है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में 10 दिशाएं हैं। काल गणना भी है। वासना भी जन्म और जीवन के साथ आई है। वासना का अनुशासन प्रार्थना है। जीवन ऊर्जा का अधोगामी प्रवाह वासना है। वासना भी एक दिशा है, लेकिन इसका कार्यव्यवहार दुखदायी है। लोकमंगल के विपरीत भी है। जीवन ऊर्जा की दूसरी दिशा प्रार्थना है। वासना और प्रार्थना दोनों में ही हमारी चेतन ऊर्जा ही मुख्य कारक है। दोनों में स्वयं के प्रति आस्तिकता है, लेकिन प्रार्थना में प्रार्थना के प्रति गजब का विश्वास है। ऋग्वेद में प्रार्थना है-हे देवो! हमारा मन शुभ करो। यजुर्वेद में प्रार्थना है-तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु-हमारे मन को कल्याणकारी संकल्प से भरो। विरोधाभास ध्यान देने योग्य है। मन हमारा है, इसे शुभ या शिव बनाने की प्रार्थना हम दूसरे से क्यों करते हैं? प्रार्थना का अंतर्भूत तत्व ऐसा नहीं है। कोई देवता प्रार्थना सुनकर हमारा मन ठीक करे या न करे? लेकिन चित्त से उगी प्रार्थना हमारे चित्त के अणु-परमाणु को शिव तत्व से भर देती है। मैंने हजारों निबंध लिखे हैं। कोई पूछे कि इन सबका आधारभूत तत्व क्या है? मैं उत्तर देता हूं कि हमारा लेखन, भाषण और समूचा राजनैतिक कार्य-व्यवहार प्रार्थना ही है। सिर्फ प्रार्थना ही। प्रार्थना है कि हिंसा से भरे स्वजन संवेदनशील हों। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनों का मंतव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः- अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) अभ्यास का संकल्प महत्वपूर्ण है। अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36)

पतंजलि योग सूत्रं में दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रांति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है, तब मनुष्य स्वस्थ रहता है, जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है।

पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है, लेकिन योग का विज्ञान पढ़ने से ही समझ में नहीं आता। यह पठनीय कम करणीय ज्यादा है। लेकिन हमारी लत है कि पठन-पाठन ही ज्यादा है, करणीय कम।

# पहाड़ों की धुंधली होती आवाजें

कुमाऊंनी भाषा ने उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान में लंबे समय से एक केंद्रीय स्थान बनाए रखा है। यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्मृतियों, लोक ज्ञान और सांस्कृतिक निरंतरता की एक महत्वपूर्ण वाहक भी है। हालांकि वर्तमान समय में यह भाषा एक गंभीर अस्तित्वगत संकट का सामना कर रही है। दैनिक जीवन में इसका उपयोग लगातार कम हो रहा है और युवा पीढ़ी के बीच इससे जुड़ाव या इसकी जानकारी भी तेजी से सीमित होती जा रही है।



अपूर्वा लोहुमी
असिस्टेंट प्रोफेसर

> सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके।

दरअसल, भाषा किसी भी समुदाय की ज्ञान प्रणाली की नींव होती है। कुमाऊंनी भाषा में रची-बसी लोक कथाएं, गीत, कहावतें और पारंपरिक अभिव्यक्तियां इस क्षेत्र के पारिस्थितिक और सामाजिक अनुभवों का एक समृद्ध संग्रह प्रस्तुत करती हैं, इसलिए किसी भाषा का विलुप्त होना केवल शब्दों का खोना ही नहीं, बल्कि एक विशिष्ट ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विश्व दृष्टिकोण का विघटन भी है। कुमाऊंनी भाषा के पतन के लिए कई सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक कारक जिम्मेदार हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कारक है पलायन। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी केंद्रों की ओर लोगों के पलायन से उनके भाषाई व्यवहार में बदलाव आता है। शहरों में, हिंदी और अंग्रेजी जैसी प्रमुख भाषाएं सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक और आजीविका के साधन के रूप में कार्य करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुमाऊंनी जैसी क्षेत्रीय भाषाएं हाशिए पर चली जाती हैं। शिक्षा प्रणाली इस असंतुलन को और भी गहरा कर देती है। औपचारिक स्कूली शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं को शायद ही कभी कोई स्थान दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे मुख्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी में ही भाषाई दक्षता हासिल कर पाते हैं। नतीजतन, कुमाऊंनी भाषा केवल घरेलू और अनौपचारिक परिवेश तक ही सीमित होकर रह जाती है और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इसका हस्तांतरण धीरे-धीरे बाधित हो जाता है।

इसके अतिरिक्त बदलती सामाजिक आकांक्षाएं भी इस समस्या को बढ़ाने में योगदान देती हैं। विशेष रूप से, अंग्रेजी भाषा को अक्सर आधुनिकता और प्रगति से जोड़कर देखा जाता है, जिसके चलते माता-पिता अपने बच्चों को इस भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इससे भाषाओं के बीच एक प्रकार का पदानुक्रम निर्मित हो जाता है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं को कम महत्व का समझा जाता है और परिणामस्वरूप वे धीरे-धीरे उपेक्षित होती चली जाती हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, कुमाऊंनी भाषा के पुनरुद्धार की संभावनाएं अभी भी मौजूद हैं। इसके लिए कई स्तरों पर प्रयासों की आवश्यकता है। सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके। दूसरे, जनसंचार माध्यमों और डिजिटल मंचों का उपयोग करके कुमाऊंनी भाषा को समकालीन संदर्भों में जीवंत बनाए रखने में मदद मिल सकती है। सोशल मीडिया पर कुमाऊंनी भाषा में सामग्री तैयार करने और उसे साझा करने से यह भाषा युवा पीढ़ी के लिए अधिक प्रासंगिक और आकर्षक बन सकेगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# मन से मंजिल तक विचारों का सफर

विचार मानव मन की वह शक्ति हैं, जो हमारे व्यक्तित्व, व्यवहार और जीवन की दिशा तय करते हैं। यह किसी विषय पर गहराई से सोचने, सही-गलत में भेद करने या मानसिक रूप से किसी कार्य की योजना बनाने की प्रक्रिया है। विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि मेहमान की तरह होते हैं, जो आते हैं और चले जाते हैं। उनका कोई घर नहीं है। वे बादलों की तरह भटकते हैं। विचार तरंगों की भांति हैं। वह मनुष्य के चित्त पर अपना प्रभाव शुभ या अशुभ के लिए छोड़ते हैं। बिना विचारों के न तो नवाचार संभव है, न ही आगे बढ़ना। जितने अधिक विचार उत्पन्न होंगे, उतनी ही नई संभावनाएं खुलेंगी। हर बड़ी खोज की शुरुआत एक छोटी-सी चिंगारी से होती है, पर वह चिंगारी अकेले नहीं, बल्कि अनगिनत छोटे-छोटे विचारों की भीड़ से जलती है। रचनात्मक लोग इसलिए हमेशा विचारों के दरवाजे खुले रखते हैं। वे डरते नहीं, बल्कि उन्हें न्योता देते हैं। ज्यादातर विचार अधूरे, कमजोर या बेकार लग सकते हैं, पर यही असफल प्रयास ही इतिहास की बड़ी सफलताओं की नींव बनते हैं। हर विचार, चाहे छोटा हो या बड़ा, एक संभावित बीज है। असफलता को डरने की बजाय सीखने का मौका समझें। अपने जूनियर या साथियों के विचारों को भी सम्मान दें। कभी-कभी वही अगला बड़ा कदम बन जाता है। विचार को शब्दों से आगे ले जाने से ही आपके विकास की नींव मजबूत बनती है। जब आप एक विचार को लिखते हैं, फिर उसे योजना में बदलते हैं और अंत में उसे लागू करते हैं, तभी वह प्रगति की धड़कन बनता है।



डॉ. नंदकिशोर शाह
लखनऊ

छोटे- छोटे कदम से बड़ी जीत हो सकती है। हर बात को ध्यान से सुनें, चाहे वह किसी भी स्तर का हो। विचार को कागज या नोट-ऐप पर लिखें। लिखने से वह स्पष्ट होता है। छोटा-सा प्रयोग करें, परिणाम देखें। टीम के साथ चर्चा करें, बहुमत से बेहतर समाधान निकलता है। विचार केवल मन में रहने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें पोषित करें, उन्हें परखें और सबसे जरूरी है कि उन पर अमल करें। तभी वह एक धड़कन, एक स्थायी ताल बन जाएगी, जो हर कदम को आगे बढ़ाएगी। मनुष्य के दिमाग में हर दिन लगभग 50 हज़ार विचार आते है। ये विचार अक्सर छोटे-छोटे, स्वचालित और अक्सर अनजाने होते हैं, जैसे सांस लेना या यादों का धुंधलापन। इसलिए, हर दिन आपके सिर में एक निरंतर विचार-धारा चलती रहती है, चाहे आप उसे महसूस करें या न करें। उनमें से सिर्फ 1-2 फीसदी स्मृति में टिकते हैं, जो भावनात्मक या महत्वपूर्ण होते है। बाकी बहुत से विचार क्षणिक फ्लैश की तरह गायब हो जाते हैं, जो भी विचार आते हैं, उन्हें कागज या नोट-ऐप में लिख दें। लिखते-लिखते अक्सर वो खुद ही साफ हो जाते हैं और दिमाग को बांध देते हैं। जिस विचार को हम अपनाते नहीं है, वह विचार बेकार ही है। व्यक्ति अपनी सोच का गुलाम होता है। आप जैसा सोचते हैं, वैसा ही बनते है। दुःख पर ध्यान देंगे, तो हमेशा दुःखी ही रहेंगे, सुख पर ध्यान देना शुरू करें। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# किन्नर पहचान और नया कानून

एक उभरता संवैधानिक द्वंद भारतीय समाज में किन्नर समुदाय सदियों से अपनी एक अनोखी और विशिष्ट जगह रखता है। शादी-व्याहा में मंगल गीत गाना हो, नवजात शिशु के जन्म पर नाच-गाकर बधाइयां देना या आशीर्वाद देना हो। यह इनका पारंपरिक पेशा रहा है। ज्योतिष गण भी बुध ग्रह की शांति के लिए इन हिजड़ों को दान-पुण्य करने, भोजन कराने और इनका आशीर्वाद लेने की सलाह देते हैं, लेकिन इसी समुदाय के साथ भेदभाव, अपमान, शिक्षा और नौकरी में बाधाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं में दिक्कतें भी कम नहीं हैं।

समाज की इन पारंपरिक रस्मों के साथ-साथ एक बहुत बड़ी और गंभीर समस्या भी उभरकर सामने आई है और वह है इनकी पहचान का प्रश्न। समाज में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कुछ व्यक्तियों ने किन्नर होने का दावा कर आम लोगों से जबरन धन वसूला, अराजकता फैलाई और कानून-व्यवस्था को चुनौती दी। वहीं कुछ मामलों में बच्चों और किशोरों के अपहरण कर, उन्हें जबरन किन्नर बनाने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आए हैं।

वहीं दूसरी तरफ, हमारे जो वास्तविक किन्नर समुदाय के भाई-बहन हैं, वे आज भी सामाजिक भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इन्हें संघर्ष करना पड़ता है और उनकी पहुंच सीमित है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 लेकर आई है। यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है।



आलोक तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

सरकार का दावा है कि यह कानून समाज में किन्नरों के नाम पर हो रहे दुरुपयोग को रोकने और वास्तविक किन्नर समुदाय को बेहतर सुरक्षा देने के लिए लाया गया है। इस कानून में प्रावधान है कि यदि किसी वयस्क या बच्चे को जबरन अंग-भंग, हार्मोनल प्रक्रिया या किसी अन्य तरीके से किन्नर बनाने की कोशिश की जाती है, तो 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। बच्चों के मामलों में सजा और भी कड़ी होगी। 2019 के मूल कानून में इस प्रकार के गंभीर अपराधों के लिए ऐसा विशिष्ट और कठोर प्रावधान नहीं था। किसी को जबरन किन्नर के रूप में प्रस्तुत कर भीख मंगवाने या श्रम कराने पर भी 5 से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून का सबसे बड़ा और सबसे विवादित बदलाव ही पूरे मामले का केंद्र है, जिसने एक बड़ी बहस को

> यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है।

जन्म दिया है। पहले 2019 के कानून में व्यवस्था यह थी कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को ट्रांसजेंडर या किन्नर मानता था, तो वह जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के पास आवेदन देकर अपनी स्वयं की घोषणा के आधार पर पहचान प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता था। अर्थात यदि किसी ने कहा- स्वीकार किया कि वह किन्नर है, तो उसे मान लिया जाता था। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2014 में NALSA (नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी) मामले में यही कहा था कि gender identity व्यक्ति की अपनी स्वीकृति और समझ पर आधारित होनी चाहिए।


NALSA मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि व्यक्ति की लिंग पहचान उसकी गरिमा, स्वायत्तता और वैयक्तिक स्वतंत्रता का हिस्सा है अर्थात व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, अपनी पहचान तय करने और अपने जीवन के बारे में स्वयं निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार है। उसके यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत संरक्षित है। अब बदलाव यह है कि डीएम अकेले निर्णय नहीं करेगा। उसे मेडिकल बोर्ड (मुख्य चिकित्सा अधिकारी या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता वाली टीम) की सिफारिश और जांच के बाद ही प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि व्यक्ति किन्नर/ट्रांसजेंडर है या नहीं। आवश्यकता पड़ने पर अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों को भी शामिल किया जा सकता है। इस प्रकार स्व-घोषणा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। एक तरफ समाज में हो रहे कानूनों और नियमों के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है, दूसरी तरफ किसी नागरिक की गरिमा, निजता और स्वतंत्रता पर अनावश्यक नियंत्रण भी सरकार के अधिकार में नहीं होना चाहिए। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है और समाज को अब इस पर गंभीर चिंतन और विमर्श करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समुद्र के समान है शरीर

मित्रों एवं परिचितों की लंबी सूची है। इन लोगों से मिलते-जुलते समय व्यतीत हो जाता है। हर तरह की बात होती है। हंसी-ठहाका भी होता है। इसके अलावा लंबा-चौड़ा परिवार है। परिवार में भी आपस में बातचीत होती है। समय कैसे बीत जाता है, पता नहीं चलता है।

वर्तमान युग में तो स्मार्ट फोन पर ढेरों मित्र हैं। आपस में संदेशों का आना-जाना होता है। पैसों की कमी नहीं। सारे भौतिक उपकरण घर में मौजूद है। घर के हर सदस्य के पास मोबाइल फोन है। कोई बात होती है, तो वह टेलीफोन से हो जाती है। दिन कैसे बीत गया यह पता नहीं चलता है। यह तो रहा बाहरी दुनिया का हालचाल। कभी खुद से मुलाकात करने की कोशिश करनी चाहिए। अंतर्मन से बात करनी चाहिए कि क्या भौतिक सुख-सुविधा के लिए ही जीवन मिला है? भौतिक पदार्थों का अत्यधिक उपयोग व्यक्ति को पंगु बनाता है। दोस्तों एवं ढेरों परिचितों का साथ तभी तक रहेगा, जब तक भौतिक संपन्नता रहेगी। दुर्भाग्यवश कोई ऐसी घटना घट गई, जो कष्टदायी है, तो मित्रों एवं परिचितों तथा मोबाइल पर बने फ्रेंड काम नहीं आएंगे। उस समय सब किनारा कस लेंगे। कहा भी गया है कि सुख के सब साथी होते हैं, दुःख में कोई नहीं होता है। ऐसी स्थिति में पता चलता है कि व्यक्ति बिल्कुल अकेला है। ढाढस देने वाला कोई नहीं है। अतः व्यक्ति को चाहिए कि वह अति भौतिकता के पीछे न भागे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

भौतिक आवश्यकताओं को तो पूरा करना चाहिए, लेकिन इसके लिए नैतिक तरीका भी अपनाना चाहिए। नैतिक तरीके से जब धन अर्जित होता है, तो उसका दुरुपयोग नहीं होता, जबकि अनैतिक तरीके से धनार्जन में विलासिता की आदत पड़ जाती है। बुरी लतें भी घेर सकती हैं। ऐसे माहौल में बाहरी मित्र बहुत जुट जाएंगे, लेकिन जब नैतिक दृष्टि से धनार्जन होगा, तो उससे परिवार में आत्मनिर्भरता तो आएगी ही, साथ ही मन को संतोष मिलेगा कि किसी दूसरे का हिस्सा नहीं लिया गया है। फिजूलखर्ची की आदत नहीं बनेगी। एकांत में बैठकर जब अंतरात्मा में झांकेंगे, तो सुख-शांति मिलेगी। केवल पैसा कमाने के लिए जीवन नहीं मिला है। मन को संतोष देने के लिए खुद आत्मा में झांकना चाहिए। हो सके तो ध्यान मन पर लगाना चाहिए।


संभव है कि बाहरी लोगों के साथ हंसी-मजाक से जो आनंद मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन पर ध्यान लगाने से मिलने लगेगा। ऐसा महसूस होगा कि जैसे शरीर में अमृत की बरसात हो रही है। ऐसी स्थिति में भौतिक उपकरणों से जो सुख मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन से साक्षात्कार करने से मिलने लगेगा। शरीर एक समुद्र के समान है। इसके मंथन से विष भी निकलता है और अमृत भी निकलता है। विष रूपी नकारात्मकता को त्याग कर अमृत रूपी आनंद का पान करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# चाइनीज मांझे के प्रयोग पर प्रतिबंध की जरूरत

चाकू के प्रहार से तो कोई एक बार बच जाएगा, लेकिन चाइनीज मांझे की रगड़ से नहीं? खून का प्यासा ये मांझा लगातार निर्दोष राहगीरों का खून पी रहा है। ऐसी घटनाओं पर एकाध दिन तो खूब शोर मचता है, लेकिन थोड़े दिन बाद मुद्दा आया-गया हो जाता है। फिलहाल इस मसले को लेकर सरकार के एक धड़े ने अच्छी पहल आरंभ की है। चाइनीज मांझे से जुड़ी घटनाओं पर उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ा निर्णय लिया है। आरोपियों पर तुरंत एफआईआई दर्ज करने का आदेश पारित हुआ है। गौरतलब बीते दो सालों में पूरे देशभर में करीब 1590 घटनाएं विभिन्न प्रदेशों के पुलिस थानों में रिपोर्ट हुईं। इसमें मरने वालों की संख्या 65 फीसदी है और बाकी गंभीर रूप से घायलों की। मौत के मामलों में 90 फीसदी दोपहिया वाहन चालक हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 2021 की तुलना में 2022-2023 में 18 फीसदी केसों में वृद्धि हुई। मांझे की घटनाओं पर उत्तर प्रदेश शासन का कड़ा रूख अख्तियार करना निश्चित रूप से स्वागत योग्य कहा जाएगा। बिलावजह बेकसूर लोगों की जान गंवाने की दिशा ये सुधारक कदम भी होगा। ऐसी पहल सभी राज्य हुकमतों को और केंद्र सरकार को बिना देर किए करनी चाहिए।

दशक भर पहले तक चाइनीज मांझे का रिवाज नहीं था। पहले कच्चे सूत के धागे वाले मांझे का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर जब से चाइनीज मांझे का प्रचलन आया, लोगों ने अपना लिया। अपनाने का कारण एक ये भी है कि चाइनीज मांझा, अन्य मांझों के मुकाबले मजबूत बहुत है। इसमें मेटल, नाइनॉल और कॉरबोनाइट का प्रयोग होता है, जिसकी रगड़ मात्र से हड्डी तक कट जाती है, जबकि पंतगबाजी के दौरान देशी मांझा टूट जाता है, लेकिन चाइनीज मांझे का कुछ नहीं बिगड़ता? लेकिन लोग इसके दुष्परिणामों को भूल जाते हैं। कुल मिलाकर चाइनीज मांझे से घटती खूनी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए इस मांझे की ब्रिकी और इस्तेमाल पर सख्ती और कड़े प्रावधान की अब दरकार है। मांझे की जानलेवा घटनाएं सिर्फ वसंत या किसी विशेष दिनों पर ही नहीं घटती, बल्कि चौबीसों घंटे और 12 महीने होती हैं। 2016 में एनजीटी ने भी समूचे भारत में बैन का आदेश दिया था, जो धरातल पर कारगर साबित नहीं हुए।



डॉ.रमेश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में चाइनीज मांझे का इस्तेमाल अब चोरी-छिपे अन्य कार्यों में भी होने लगा है। पुलिस रिपोर्ट में इस तरह की बातें सिद्ध भी हुई हैं कि लोगों के मर्डर में क्रिमिनलों ने चाइनीज मांझे का प्रयोग किया। गला रेतने में ये धागा तलवार की धार से भी तेज होता है। वहीं, मछुआरों द्वारा मछली पकड़ने से लेकर किसानों का खेतों में आवारा पशुओं से फसलों के बचाव में भी मांझे का इस्तेमाल बेधड़क होने लगा है, जबकि ये मांझा सभी राज्यों में पूर्ण प्रतिबंध है, बावजूद इसके कहीं भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है। साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई थी। मौखिक रूप से प्रदेशों को बचाव हेतु आदेशित भी किया था, लेकिन शीर्ष अदालत के आदेश को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। मध्य प्रदेश और इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यहां तक कह दिया है कि अगर कोई नाबालिग बच्चा मांझे से घायल हुआ, तो उसके अभिभावक जिम्मेदार होंगे। ये खूनी मांझा पर्यावरण को भी खासा नुकसान पहुंचाता है। पंतगबाजी के दौरान जो मांझा पेड़ों में फंस जाता है वह कई महीनों तक फंसा रहता है, उसमें बेजुबान पक्षी फंसकर मरते रहते हैं।

इंडियन वाइल्ड लाइफ की रिपोर्ट बताती है कि साल 2017-2025 के बीच गुजरात में 17000 हजार पक्षी मांझे में फंसकर हताहत हुए, जिनमें 1500 से अधिक पक्षियों की मौत हुई। वहीं, बेंगलुरु में पिछले साल सबसे ज्यादा पक्षी मरे, जिनमें 790 पक्षियों को रेस्क्यू करके बचाया भी गया। वाइल्ड लाइफ रिपोर्ट पूरे भारत में सालाना 5 लाख बेजुबान पक्षियों को इस अदृश्य मांझे में फंसकर घायल होने तस्दीक करती है। मांझे से उपजी हृदय विदारक घटनाओं के सिलसिले को कैसे रोका जाए, इसको लेकर केंद्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता अब महसूस होने लगी है। केंद्रीय स्तर पर इस मसल को कानूनी जद में लाना ही होगा। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



वाराणसी :'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत के मौके पर बच्चों को मिड डे मील परोसते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# योगी ने परोसा मिड डे मील, बच्चों से बोले- रोज स्कूल आना

## मुख्यमंत्री ने बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें व उपहार दिए, वाराणसी के पांच निपुण विद्यालय पुरस्कृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ ने 'स्कूल चलो अभियान' के शुभारंभ अवसर पर शनिवार को शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के बीच पहुंचकर मिड-डे मील परोसा और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार से बच्चे उत्साहित दिखे और मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन परोसते हुए कहा कि वे प्रतिदिन स्कूल आएं और मन लगाकर पढ़ाई करें। बच्चों ने भी सिर हिलाकर उनकी बात का समर्थन किया और मासूमियत से हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इस दौरान उनके साथ मौजूद मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने भी बच्चों को भोजन परोसने में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें, किट, उपहार और चॉकलेट वितरित किए। मंच पर विभिन्न कक्षाओं के चयनित छात्र-छात्राओं को ये सामग्री प्रदान की गई। बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी और उनकी सहज मुस्कान ने कार्यक्रम को भावनात्मक स्पर्श दिया।

सीएम योगी ने जिले के पांच निपुण विद्यालयों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच निपुण विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना और अन्य विद्यालयों व विद्यार्थियों को प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने 'शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियां' पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही 'स्कूल चलो अभियान' पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें शिक्षा के महत्व और सरकारी प्रयासों को दर्शाया गया।

### काशी कोतवाल और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ/वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह 'काशी कोतवाल' के रूप में विख्यात काल भैरव के दरबार में माथा टेका। तत्पश्चात वे श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचे, जहां गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोकमंगल की कामना के साथ षोडशोपचार पूजन-अभिषेक और आरती भी की। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने आसपास के दुकानदारों और बच्चों से भी संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों को उन्होंने उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, अनिल राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, राज्य मंत्री संदीप सिंह तथा विधायक नीलकंठ तिवारी, सुशील सिंह और अवधेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी दर्शन-पूजन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश शुरू, आवेदन 30 तक मांगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए सत्र 2026-27 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन www.jeecup.admissions.nic.in पर कर सकते हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उप्र. के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 300 रुपये है, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 है। प्रवेश के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए दूरभाष नंबर 0522-2630106, 2630695, 2630667, 2636589 पर संपर्क किया जा सकता है।

### यूपीईएसएससी की परिचर्चा में मिशन कर्मयोगी पर जोर

**अमृत विचार, प्रयागराज/लखनऊ :** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज (यूपीईएसएससी) के 'साधना सप्ताह' में परिचर्चा के दौरान अधिकारियों ने संकल्प लिया कि निर्धारित समय-सीमा में अधिक से अधिक पाठ्यक्रम पूरा करेंगे। 2 से 8 अप्रैल तक आयोजित साधना सप्ताह में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को न्यूनतम 4 घंटे के पाठ्यक्रम पूर्ण करना अनिवार्य है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार के नेतृत्व में शनिवार को 'साधना सप्ताह' के दौरान अधिकारी और कर्मचारी परिचर्चा कर रहे थे। साधना सप्ताह में एआई से संबंधित तीन पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले अधिकारी 'एआई दक्षता बैज' और आईजीओटी मार्केटप्लेस के कम से कम एक पाठ्यक्रम पूरा करने पर 'कर्मयोगी उत्कर्ष बैज' प्राप्त करेंगे। परिचर्चा में मिशन कर्मयोगी के माध्यम से डिजिटल दक्षता, कार्य कुशलता और कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया। आयोग ने यह भी घोषणा की कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कार्मिकों की दक्षता और क्षमता को मजबूत बनाकर प्रदेश के प्रशासनिक सुधार में योगदान देना है।

### ओडीओपी योजना से आत्मनिर्भर बन रहे युवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवा उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना युवाओं के लिए अवसरों का मजबूत आधार बनकर उभरी है। जिला इटावा के रामगंज निवासी जैनुल आबदीन ने इस योजना के माध्यम से अपने फैशन और टेक्सटाइल कारोबार की नींव रखी। जैनुल को वर्ष 2025 में जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 10 लाख रुपये का ऋण मिला। इसके सहारे उन्होंने मैक्सी और कुर्ती जैसे परिधानों का निर्माण शुरू किया। आज उनकी यूनिट से हर महीने लगभग 50 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी हो रही है। जैनुल ने खुद के अलावा 4 से 6 अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया। ओडीओपी योजना के तहत प्रति जिले की विशिष्ट ओडीओपी इकाइयों को 6.25 लाख से 20 लाख रुपये तक की मार्जिन मनी सहायता दी जाती है।

# आतंकियों की पुलिस रिमांड मंजूर

## साजिश नाकाम करते हुए एटीएस ने चार आरोपियों को लखनऊ से किया था गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



साकित उर्फ डेविल



लोकेश उर्फ पपला



विकास गहलावत उर्फ रौनक



अरबाब

- देश के प्रमुख स्थानों, रेलवे ट्रैक के सिग्नल बॉक्स और वाहनों को उड़ाने की रच रहे थे साजिश

**अमृत विचार:** एटीएस ने गुरुवार देर रात को चार आतंकियों को लखनऊ के चारबाग स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आतंकी साकिब उर्फ डेविल, अरबाब, गौतमबुद्धनगर छपरौला स्थित राम विहार का विकाश गहलावत उर्फ रौनक और लोकेश उर्फ पपला पंडित उर्फ बाबू उर्फ संजू मेरठ और गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। चारों ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के निर्देश पर देश के प्रमुख स्थानों रेलवे स्टेशनों, रेलवे ट्रैक पर लगे सिग्नल बॉक्स व वाहनों को उड़ाने की साजिश रची थी। एटीएस ने चारों से पूछताछ के लिए कोर्ट में पुलिस कस्टडी रिमांड डाली थी। जिस पर सुनवाई करते हुए एटीएस के न्यायाधीश जैनेंद्र कुमार पांडेय ने पांच दिन की रिमांड मंजूर कर दी है। एटीएस आरोपियों को रविवार 5 अप्रैल की सुबह 10 बजे से 9 अप्रैल की शाम छह बजे तक पूछताछ कर सकेगी।

एटीएस ने आरोपियों से पूछताछ के लिए कोर्ट में दस दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी डाली थी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए शनिवार की तारीख दी थी। शनिवार को आरोपियों को जेल से कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद रिमांड अर्जी स्वीकार कर ली गई। एटीएस के मुताबिक, कुछ भारतीय व्यक्तियों का एक गिरोह है, जो पाकिस्तानी हैंडलरों के लगातार संपर्क में है। पूरा गिरोह सोशल मीडिया पर संचालित हो रहा है। इसी के माध्यम से देश विरोधी गतिविधियों को संचालित की जा रही है। साथ ही प्रमुख भवनों एवं राजनैतिक व्यक्तियों की रेकी कर उनकी डिटेल जुटा रही है। इसके बाद सभी जानकारी पाकिस्तानी हैंडलरों को उपलब्ध कराना है। एटीएस ने कोर्ट के सामने आरोपियों के पास से मिले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का डाटा परीक्षण कराने, किन स्थानों की रेकी की गई है। इस बारे में जानकारी हासिल करना है। साथ ही आरोपियों के बैंक खातों की जांच की जाएगी। रेकी किये गये स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। उनके सुरक्षा के बंदोबस्त किये जाएंगे।

# असमय बारिश पर किसानों को 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से मौके पर जाकर नुकसान का आकलन करने को कहा

**अमृत विचार:** प्रदेश में शनिवार को हो रही असमय बारिश से प्रभावित किसानों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का आकलन करें और किसानों को जल्द राहत दिलाएं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

सीएम योगी ने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनियां मिलकर फसल नुकसान का संयुक्त सर्वे करें, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा मिल सके। उन्होंने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को भी निर्देशित किया कि वे फील्ड अधिकारियों से लगातार समन्वय बनाए रखें और सभी सूचनाएं समय पर शासन तक पहुंचाएं।

**किसान भी उपलब्ध कराएं जानकारी :** मुख्यमंत्री ने किसानों से भी अपील की है कि वे अपनी फसल के नुकसान की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है, वे 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। क्योंकि बीमा अंतर्गत यदि फसल कटकर खलिहान में रखी हो और इसका नुकसान हुआ हो तो यह फसल 14 दिन तक बीमा से कवर्ड है। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी अन्नदाता को नुकसान का सामना न करना पड़े।

# भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत: पंकज चौधरी

राज्य ब्यूरो, महराजगंज/लखनऊ

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है, जो पार्टी की विचारधारा और सेवा भाव को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाता है।

प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को महाराजगंज में अभियान शुरू करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व विकास का माध्यम है। भाजपा को अन्य दलों से अलग बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी "राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और अंत्योदय" के सिद्धांतों पर कार्य करती है।

पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी की वैचारिक नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों ने रखी, जिनके विचार आज भी भाजपा की कार्यशैली का आधार हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने धारा 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक समाप्ति, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं को बड़ी उपलब्धियां बताया।

# इजराइल से सकुशल लौटे अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अंबेडकरनगर



स्वदेश लौटे अखिलेश कुमार।

**अमृत विचार :** युद्धग्रस्त इजराइल में फंसे अंबेडकरनगर के युवक अखिलेश कुमार को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की त्वरित पहल से यह संभव हो सका। युवक को जॉर्डन के रास्ते भारत लाया गया, जिसके बाद वह सकुशल अपने घर पहुंच गया।

अकबरपुर निवासी अखिलेश कुमार रोजगार के लिए इजराइल गए थे, लेकिन वहां संघर्षपूर्ण हालात और नियोक्ता के असहयोग के कारण मानसिक रूप से परेशान हो गए। खुद लौट पाने में असमर्थ होने पर उनकी पत्नी किरण देवी ने 25 मार्च को जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिलकर मदद की गुहार लगाई थी।

अखिलेश कुमार ने बताया कि कठिन समय में सरकार और प्रशासन के प्रयासों से ही उनकी सुरक्षित वापसी संभव हो सकी।

### प्रशासन की सक्रियता से बनी राह

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल शासन को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्च स्तर पर प्रयास शुरू हुए और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के माध्यम से इजराइल व जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावासों से समन्वय स्थापित किया गया। इजराइल के हवाई अड्डे बंद होने के कारण वैकल्पिक योजना के तहत अखिलेश को पहले तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास लाया गया, वहां से स्थल मार्ग से जॉर्डन सीमा तक पहुंचाया गया। जॉर्डन प्रशासन के सहयोग से उन्हें राजधानी अम्मान पहुंचाया गया।

# खेत में ड्रोन गिरने पर सपा ने सरकार को घेरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/इटावा

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि युद्ध के माहौल में अचानक इटावा जिले के सैफई क्षेत्र के नंदपुर गांव में एक बड़ा ड्रोन गिरने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। ड्रोन गेहूं के खेत में गिरा, जिससे आसपास के लोग घबरा गए।

सपा प्रमुख ने शनिवार को सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर यह किसी सरकारी परीक्षण या प्रयोग का हिस्सा था तो नागरिकों को पहले से सूचना देनी चाहिए थी। चेताया कि यदि यह ड्रोन किसी बस्ती पर गिरता तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और किसान को खेत में हुई आर्थिक हानि और मानसिक आघात का उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, भविष्य में ऐसे सभी परीक्षण केवल निर्जन क्षेत्रों में ही किए जाएं।

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के तहत कोई भी परीक्षण सफल नहीं हो पाता। इस घटना ने स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# बाबू जगजीवन राम के विचार आज भी प्रासंगिक: मीरा कुमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व उप प्रधानमंत्री की जयंती की पूर्व संध्या पर गोष्ठी आयोजित



पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते पीएल पूनिया, अजय राय, अविनाश पांडेय व अन्य।

**अमृत विचार:** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय और समता की मिसाल है। आज के दौर में जब समाज में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, तब उनके विचार हमें "पहले आप" की संस्कृति और समावेशी सोच की प्रेरणा देते हैं।

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं बाबू जगजीवन राम की पुत्री मीरा कुमार शनिवार को उप्र. कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने छुआछूत और ऊंच-नीच की मानसिकता को समाज के लिए घातक बताते हुए इससे ऊपर उठने का आह्वान किया। गोष्ठी का विषय "समकालीन भारत में बाबू जगजीवन राम की प्रासंगिकताः सामाजिक न्याय और समावेशी विकास" रहा।

मुख्य वक्ता प्रो. रतन लाल, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम के आदर्शों पर चलते हुए कांग्रेस समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 2027 के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का विश्वास भी जताया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के जीवन, सामाजिक योगदान और राजनीतिक विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उनके जीवन पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया और दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**उपलब्धि** | डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के 4 वर्ष पूरे

# नगर निकायों की मॉनिटरिंग में नई मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- इंटीग्रेटेड अप्रोच से बदली नगर निकायों की व्यवस्था: एके शर्मा

**अमृत विचार :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) ने नगरीय सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था की मॉनिटरिंग में नई मिसाल कायम की है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग सुधारने में इस केंद्र की अहम भूमिका रही है और इंटीग्रेटेड अप्रोच के जरिए व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है।

डीसीसीसी के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को वर्चुअल बैठक हुई। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद 4 अप्रैल 2022 को इस केंद्र की स्थापना की गई थी। तब से यह लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। मंत्री ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि डीसीसीसी ने नगर निकायों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई है। आने वाले समय में इसे और सशक्त बनाकर नागरिक सुविधाओं को बेहतर किया।

### 1533 हेल्पलाइन और 'संभव' पोर्टल बना सहारा

नगर विकास मंत्री ने बताया कि शुरुआत में हेल्पलाइन की सुविधा नहीं थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार के सहयोग से 1533 टोल फ्री नंबर शुरू किया गया। इसके साथ ही 'संभव' पोर्टल को भी लागू किया गया, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता और अधिकारी ऑनलाइन जुड़कर समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करते हैं।

### 3.63 लाख में से 3.62 लाख शिकायतों का समाधान

बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 से अब तक कुल 3,63,510 शिकायतों के सापेक्ष 3,62,517 का निस्तारण किया जा चुका है। साथ ही करीब 7000 घंटे की लाइव मॉनिटरिंग भी की गई है, जो इस केंद्र की कार्यक्षमता को दर्शाता है।

### स्वच्छता अभियानों की निगरानी

डीसीसीसी के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों- "स्वच्छता ही सेवा", "क्लीन टॉयलेट अभियान", "स्वच्छ तीर्थ" और "प्लास्टिक उन्मूलन अभियान" आदि की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। मंत्री ने कहा कि जिन निकायों की रैंकिंग अभी भी नीचे है, उनके लिए विशेष रणनीति बनाकर सुधार किया जाए।

# विभागीय कार्यों का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करें : केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/प्रयागराज

- प्रदेश में ग्रामीण विकास के कार्यों की उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा



**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मनरेगा के तहत मानव दिवसों का समय से सृजन, स्वयं सहायता समूहों का सक्रिय करना और 'लखपति दीदी' अभियान में प्रयागराज को अग्रणी बनाना आवश्यक बताया।

प्रयागराज में शनिवार को उप मुख्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने विकसित भारत- जी राम जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी सरल ढंग से जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। केशव प्रसाद मौर्या ने विभागीय कार्यों की छोटी वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों के चयन व तैयारियों को समय पर पूरा करने पर बल दिया।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आय वृद्धि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई और कहा कि समन्वित प्रयास, मजबूत कार्ययोजना और प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रदेश के समग्र विकास को नई गति देगा।

**कैग ने जम्मू-कश्मीर में बजटीय उल्लंघनों को चिह्नित किया**

**जम्मू।** कैग ने जम्मू और कश्मीर में वित्तीय प्रबंधन के उल्लंघनों को उजागर किया है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत राशि को निर्धारित बजटीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए वापस नहीं किया गया।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 5 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



# ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी

## सरकार ने कहा- घबराहट में न खरीदें, 2 अप्रैल को पहुंचे जहाज सीबर्ड से उतारी जा रही 44 हजार टन एलपीजी

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से जुड़े व्यवधानों के बावजूद ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त है। 'ग्रीन सानवी' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर चुका है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और ऊर्जा की बचत करने की सलाह दी गई है।

सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दी है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोकको सख्ती बढ़ाई गई है। अब तक 3,700 से अधिक छापेमारी की गई है, एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और अब तक 27 डीलरों को निलंबित किया जा चुका है।




● पेट्रोलियम मंत्रालय ने लोगों से कहा-एलपीजी और पीएनजी हमारी प्राथमिकता, केवल आधिकारिक सूचनाओं पर करें भरोसा

वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को पहले के स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि केरोसिन (मिट्टी का तेल) और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है ताकि दबाव कम किया जा सके। प्राकृतिक गैस के मामले में घरों और परिवहन क्षेत्र को पूरी आपूर्ति दी जा रही है, उद्योग और उर्वरक क्षेत्रों के लिए आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है।

मंत्रालय ने बताया कि बढ़ती वैश्विक कीमतों से राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और निर्यात पर शुल्क लगाया है।

इसी बीच लगभग आधे दिन की खाना पकाने की गैस की आपूर्ति ले जा रहा एक एलपीजी टैंकर होर्मुज को पार कर चुका है।

सरकार ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि 'ग्रीन सानवी' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस और 25 नाविकों के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। ग्रीन सानवी इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाला सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर है। ग्रीन सानवी के गुजरने के बाद भी 17 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि 'सी बर्ड' नामक एलपीजी टैंकर जहाज, जो लगभग 44,000 टन ईरानी रसोई गैस लेकर आया है, बीती दो अप्रैल को हमारे मंगलौरु बंदरगाह पर पहुंचा और फिलहाल उससे गैस उतारी जा रही है।

### रोजाना 15.2 लाख सिलेंडर दे रही एचपीसीएल

**मुंबई, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम उत्पाद वितरक कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि (एचपीसीएल) ने शनिवार को अपने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद घरेलू एलपीजी की उसकी आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त रूप से जारी है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एलपीजी वितरण का काम इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी निर्बाध रूप से घरों तक प्रतिदिन 15,20,000 से अधिक सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही है उसका जो सामान्य वितरण है। एचपीसीएल अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेब पोर्टल और टोल-फ्री नंबर (1800-2333-555) के माध्यम से ग्राहकों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

### डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें

सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि उपभोक्ता मौजूदा परिस्थितियों के बीच एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करें। सरकार ने नागरिकों को स्पष्ट सलाह दी है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। वर्तमान में इंडस्ट्री के स्तर पर 94% एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हो रही है। मांग को नियंत्रित करने के लिए, शहरी क्षेत्रों में बुकिंग का अंतराल 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 45 दिन तक कर दिया गया है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2670, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2200, सचिन 2350, सूरज 2200, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2190, क्लासिक (kg) 2575, मोर 2405, चक्र टिन 2640, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2625

**किराना**-निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल-(प्रति कु0)**-डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 9000, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 9000, गौरी प्रीमियम 10800, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4200

**दाल दलहन**- मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**-पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**- सोना पक्के आभूषण 151300, सोना गिन्नी 147300, चांदी (पक्की) 2360 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### पुरी में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को वन मंजूरी

**भुवनेश्वर।** केंद्र सरकार ने पुरी में प्रस्तावित श्री जगन्नाथ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा परियोजना के लिए वन मंजूरी के पहले चरण को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हवाईअड्डा परियोजना वर्ष 2021 में ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसके तहत निर्माण के लिए लगभग 27 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग की सशर्त अनुमति दी गई है।

# वैश्विक निर्यात केंद्र बनेगा ललितपुर फार्मा हब

## यूपीसीडा-जेएनपीए के बीच हुआ एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

**अमृत विचारः** फार्मास्यूटिकल विनिर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अग्रणी बनेगा। उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जेएनपीए) के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता ललितपुर फार्मा पार्क को वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

एमओयू पर यूपीसीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय किरण आनंद और जेएनपीए के अध्यक्ष गौरव दयाल ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य उत्तर भारत के औद्योगिक क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से सीधे जोड़ना है।

### मल्टीमोडल नेटवर्क से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

समझौते के तहत दादरी-खुर्जा रेल लिंक के जरिए ललितपुर फार्मा पार्क को पश्चिमी और पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। इससे औषधीय उत्पादों का तेज, सुरक्षित और किफायती परिवहन संभव होगा। यह कनेक्टिविटी उत्पादों को सीधे जेएनपीए बंदरगाह तक पहुंचाएगी, जिससे निर्यात प्रक्रिया आसान होगी। यूपीसीडा के सीईओ विजय किरण आनंद ने बताया कि यह पहल योगी आदित्यनाथ की उस परिकल्पना को साकार करेगी, जिसके तहत प्रदेश को फार्मा और हेल्थ सेक्टर में अग्रणी बनाना है। इस समझौते से निवेशकों को विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स सुविधाएं मिलेंगी और उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी।

### सप्लाई चेन होगी मजबूत

एमओयू के तहत फार्मा सेक्टर की जरूरतों के अनुसार तकनीकी और परिचालन सहयोग भी दिया जाएगा। इससे उद्योग, लॉजिस्टिक्स कंपनियों और अन्य हितधारकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा और सप्लाई चेन अधिक सुदृढ़ बनेगी। यह पहल न केवल औद्योगिक विकास को गति देगी, बल्कि रोजगार सृजन, निवेश आकर्षण और निर्यात बढ़ाने में भी सहायक होगी।

### रेलवे से माल भेजेंगे कश्मीर के फल उत्पादक

**जम्मू।** कश्मीर के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और उसके फल उद्योग व पार्सल व्यापार को राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने के लिए उत्तरी रेलवे के जम्मू डिवीजन ने घाटी से रेल द्वारा पार्सल परिवहन बढ़ाने के उद्देश्य से हितधारकों की बैठक आयोजित की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैठक शुक्रवार को श्रीनगर में हुई।

# ईरान संग भुगतान की समस्या नहीं, कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित: सरकार

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान से कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है और रिफाइनरियां उस देश के साथ ही दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से तेल हासिल कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरानी कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर अपने पहले से संकेतित गंतव्य भारत के बजाय चीन की ओर मुड़ गया है।

मंत्रालय ने कहा कि ये दावे उद्योग के उस सामान्य अभ्यास की अनदेखी करते हैं, जहां परिचालन लचीलेपन के आधार पर यात्रा के दौरान कार्गो अपना गंतव्य बदल सकते हैं। मंत्रालय ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया कि भुगतान बाधाओं के कारण कार्गो को गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन की ओर मोड़ा गया था। मंत्रालय ने कह कि ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, और कंपनियों के पास विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूर्ण लचीलापन है।

● प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने खारिज किया ईरानी तेल ले जा रहे टैंकर के चीन की ओर मुड़ने का दावा

# स्वदेशी इस्पात से मिली है युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को मज़बूती

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना को सौंपे गये नये युद्धक पोत आईएनएस तारागिरी के लिए देश में ही विशेष प्रकार का इस्पात विकसित कर उसकी आपूर्ति की। नीलगिरी-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17 ए) के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट, इस युद्धपोत को शुक्रवार को नौसेना में शामिल किया गया। सेल की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उसने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड को इस युद्ध पोत के निर्माण के लिए लगभग 4,000 टन विशेष ग्रेड के स्टील प्लेट की आपूर्ति की जो इस पोत की जरूरतों के लिए पूरी थी। इस विशेष इस्पात का उत्पादन सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों में किया गया है।

# घाटमपुर : 660 मेगावाट यूनिट-3 का सिंक्रोनाइजेशन

## विद्युत उत्पादन क्षमता में ऐतिहासिक वृद्धि, उद्योग व विकास को मिलेगा बल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा चुका है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के नेतृत्व में घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-3 का सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइजेशन किया गया है। जो कि प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने और औद्योगिक विकास को बल देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

यह ऐतिहासिक परियोजना नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड (एनयूपीपीएल) द्वारा संचालित है, जो एनएलसी इंडिया लिमिटेड (51प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (49 प्रतिशत) का संयुक्त उपक्रम है। यूनिट-3 का सिंक्रोनाइजेशन 765 केवी ग्रिड से सफलतापूर्वक किया गया है, जो परियोजना के वाणिज्यिक संचालन (सीओडी) की दिशा में अहम उपलब्धि मानी जा रही है। परियोजना के पूर्ण रूप से संचालित होने के बाद प्रतिदिन



लगभग 47.52 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इससे प्रदेश की निरंतर बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी और आमजन को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। यूनिट-3 के जुड़ने से उत्तर प्रदेश की कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता लगभग 13,388 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। उल्लेखनीय है कि यूनिट-1 और यूनिट-2 क्रमशः दिसंबर 2024 और दिसंबर 2025 से सफलतापूर्वक संचालन में हैं।

> इस उपलब्धि से न केवल ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश की प्रगति दिखाई देती है, बल्कि औद्योगिक विकास, निवेश आकर्षण और समग्र आर्थिक वृद्धि को भी नई गति मिलेगी। उत्तर प्रदेश अब ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।
>
> **-एके शर्मा**, ऊर्जा मंत्री यूपी

### परियोजना से उत्पादित 93.11 % बिजली यूपी को

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्धारित आवंटन के अनुसार, परियोजना से उत्पादित लगभग 93.11 प्रतिशत बिजली उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जबकि शेष अन्य राज्यों को वितरित की जाएगी। इसके अलावा, झारखंड स्थित पचवारा साउथ कोल ब्लॉक के विकास के साथ दीर्घकालिक ईंधन सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे भविष्य में सतत और निर्बाध विद्युत उत्पादन सुनिश्चित होगा। परियोजना पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। इसमें एफजीडी (फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन) और एससीआर (सेलेक्टिव कैटेलिटिक रिडक्शन) जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग किया गया है। इन तकनीकों के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण के साथ जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# एलडीएफ सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरूः मोदी

तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और केरल में भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आयेगा। मोदी ने पथनमथिट्टा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलडीएफ सरकार की विदाई करने के लिए काफी उत्साह दिखाया है।

राज्य विधानसभा की 140 सीट के लिए नौ अप्रैल को चुनाव होगा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है, तो वह केरल में विकास सुनिश्चित करेगी, जैसा कि उसने गोवा और पूर्वोत्तर के सात राज्यों में से छह में किया है, जहां वह सत्ता में है और वहां ईसाई आबादी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि केरल में अपार संभावनाएं हैं, फिर भी विकास की दौड़ में यह अन्य राज्यों से पीछे है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केरल के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की स्थिति खराब है, क्योंकि एलडीएफ और यूडीएफ ने इस पर ध्यान नहीं दिया। कहा कि जब केरल में भाजपा की 'डबल इंजन' वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी और यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में, अगर किसी समूह को राजग की नीतियों से सबसे ज्यादा फायदा होता है, तो वे मेरी माताएं, बहनें, बेटियां हैं। मोदी ने केरल से रोजगार के लिए युवाओं के पलायन का भी जिक्र किया और कहा कि यह राज्य की सबसे बड़ी समस्या है।



जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनन्दन करते स्थानीय नेता।

# असम : उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में विधानसभा चुनावों भाग लेने वाले उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़ रुपये है। यह औसत पांच वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनावों में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की औसत संपत्ति से 54 प्रतिशत अधिक है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और असम इलेक्शन वॉच ने शनिवार को अपनी रिपोर्टों में कहा कि 2021 के असम विधानसभा चुनावों में प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 2.10 करोड़ रुपये थी। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ रहे सभी 722 उम्मीदवारों के स्व-घोषित शपथ पत्रों का विश्लेषण किया। पिछले चुनावों में 941 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इस बार उम्मीदवारों की कुल संपत्ति 2,352 करोड़ रुपये है। इनमें से 39% करोड़पति हैं जबकि पांच साल पहले यह 28 % था।

# असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता

मालदा (बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले के मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा के असली आरोपी फरार हो गए जबकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) निर्दोष स्थानीय लोगों को पकड़कर परेशान कर रहा है।

वह मालदा के मानिकचक में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एसआईआर के बाद 'विचाराधीन' मामलों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों के पास जाने के बजाय मतदाता सूची में नामों को दोबारा शामिल कराने के लिए न्यायाधिकरणों में आवेदन करें। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के संदर्भ में कहा कि दो सांप्रदायिक दलों ने न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया और भाग निकले। अब एनआईए स्थानीय युवाओं को परेशान कर रही है।

जांच के नाम पर करीब 50 निर्दोष लोगों को उठा लिया गया है। जब बनर्जी ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाए, जिसे देखकर उन्होंने आश्चर्य जताया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मंच पर मौजूद पार्टी के स्थानीय नेताओं से कहा कि हमें राजनीतिक रैलियां और सभाएं करने की जरूरत नहीं है।

मेरी प्राथमिकता इन लोगों की मदद करना है, ताकि वे न्यायाधिकरणों में आवेदन देकर अपने नाम फिर से जुड़वा सकें।



● बोलीं-मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को न्यायाधिकरणों में करें आवेदन

# तमिलनाडु : एफसीआरए विधेयक दमनकारी, विदेश नीति विफल - स्टालिन

**नागरकोइल (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को केंद्र द्वारा प्रस्तावित एफसीआरए संशोधन विधेयक 2026 को दमनकारी करार दिया। आरोप लगाया कि इसके जरिये अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से ईसाई सेवा संगठनों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने मछुआरों के लिए सहायता राशि बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली द्रविड़ शैली की सरकार मछुआरों की सच्ची मित्र और करीबी सहयोगी है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि विदेश नीति की बागडोर अपने हाथों में रखने वाली भाजपा विदेश नीति में भी नाकाम रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि भारत का अपने छोटे पड़ोसी देशों पर भी कोई प्रभाव नहीं रह गया है। दावा किया कि यह खेदजनक है कि भाजपा सरकार तमिलनाडु के मछुआरों को भारतीय मछुआरे नहीं मानती और इसका परिणाम श्रीलंका की नौसेना द्वारा हमारे मछुआरों पर लगातार किए गए हमले हैं।

● बोले-मछुआरे कर रहे श्रीलंका के हमलों का सामना

# केरल में एलडीएफ और प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बरसे राहुल गांधी

**अलप्पुझा, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया तथा उन पर अहंकार, राजनीतिक सुविधा एवं चुनिंदा चुप्पी साधने का आरोप लगाया। श्री गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन या उनके परिवार को कभी सार्वजनिक रूप से निशाना क्यों नहीं बनाया जबकि वह लगातार उन पर और कांग्रेस पर हमले करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह चुप्पी भाजपा और एलडीएफ के कुछ वर्गों के बीच एक गुप्त समझौते का संकेत देती है। उन्होंने दावा किया कि एलडीएफ ने अपना वैचारिक स्वरूप खो दिया है और अब इसे सच्चा वामपंथी आंदोलन नहीं कहा जा सकता। अब इस मोर्चे में दो प्रकार के नेता हैं, एक वे जो आरएसएस और भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हैं और दूसरे वे जो अब भी वामपंथी विचारधारा में विश्वास रखते हैं लेकिन पार्टी के भीतर हाशिए पर चले गए हैं।

### कांग्रेस ने वायनाड पुनर्वास धनराशि का हिसाब सार्वजनिक किया

**कन्नूर (केरल), एजेंसी।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख सनी जोसेफ ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को वायनाड पुनर्वास के लिए खोले गए खाते में लगभग 5.38 करोड़ रुपये प्राप्त हुए और उसने इन धनराशि का उपयोग भूस्खलन पीड़ितों के लिए घर बनाने के मकसद से जमीन खरीदने में किया है। जोसेफ ने कहा कि उनके और विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित खाते में जितनी धनराशि प्राप्त हुई उसके अलावा युवा कांग्रेस ने भी पुनर्वास प्रयासों के लिए लगभग 1.05 करोड़ रुपये एकत्र किए। केपीसीसी प्रमुख ने यहां प्रेसवार्ता में कह कि इकट्ठा की गई राशि का इस्तेमाल वायनाड में दो चरणों में जमीन खरीदने के लिए किया गया, ताकि जुलाई 2024 के भूस्खलन में अपनी संपत्ति खोने वालों के लिए घर बनाए जा सकें। इस भूस्खलन की घटना में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

### त्रिभाषा फॉर्मूला हिंदी थोपने का तंत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** स्टालिन ने सीबीएसई द्वारा हाल में जारी की गयी पाठ्यक्रम रूपरेखा का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि तथाकथित तीन-भाषा फॉर्मूला वास्तव में गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी के विस्तार का एक गुप्त तंत्र है। यह पाठ्यक्रम रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप है। यह शैक्षणिक सुधार नहीं है, बल्कि भाषा थोपने की एक सोची समझी कोशिश है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस से जुड़े जहाजों की जब्ती का ब्रिटेन का प्रयास अस्वीकार्य

**मास्को।** रूस ने कहा है कि रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। ब्रिटेन में रूस के राजदूत आंद्रेई केलिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का ब्रिटिश जलक्षेत्र में हमारे देश से जुड़े नागरिक जहाजों को जब्त करने का घोषित इरादा रूस के प्रति एक और गहरा शत्रुतापूर्ण कदम है... हम हमारे देश से जुड़े जहाजों को जब्त करने के ब्रिटिश पक्ष के किसी भी प्रयास को अस्वीकार्य और अक्षम्य मानते हैं।" उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश सरकार ने मार्च में घोषणा की थी कि ब्रिटेन के सैन्य कर्मी अपने जलक्षेत्र से गुजरने वाले प्रतिबंधित जहाजों जब्त कर लेंगे। ब्रिटेन प्रतिबंधित जहाजों के लिए इंग्लिश चैनल सहित ब्रिटिश जलक्षेत्र को बंद करके और भी अधिक प्रतिबंध लगाएगा।

### रूस में नहीं हैं ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रूस दौरे की कथित खबरें सही नहीं हैं और उनकी चोटें उनके काम में बाधा नहीं डाल रही हैं। एक राजनयिक स्रोत से शनिवार को यह जानकारी मिली। मार्च में कुवैत के समाचार पत्र अल-जरीदा ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में रूस ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया, नए सर्वोच्च नेता कुछ घंटों के लिए भी रूस में नहीं रहे हैं। उनको आई चोटें गंभीर नहीं हैं और वे कामकाज में कोई बाधा नहीं डाल रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ था और नागरिक हताहत हुए थे।

### ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार : केलिन

**मॉस्को।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़रायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा कि दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिंगटन में ईरान-विरोधी हॉक्स का साथ दिया और संयुक्त कार्य योजना के पतन में योगदान दिया।

# रिनी संपत वाशिंगटन मेयर बनने की दौड़ में शामिल

वाशिंगटन, एजेंसी

● मेयर के चुनाव में भाग लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार

तमिलनाडु में जन्मीं रिनी संपत वाशिंगटन डीसी के मेयर पद के चुनाव में हिस्सा लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की 31 वर्षीय सरकारी अनुबंधक का चुनाव अभियान बुनियादी चीजों को ठीक करो के विषय और एक नए डीसी के वादे पर आधारित है।

संपत ने अपनी चुनावी वेबसाइट पर कहा कि मैं कोई नेता नहीं हूं। मेरा किसी विशेष हित समूह से कोई संबंध नहीं है। अब समय आ गया है कि कोई बाहर का व्यक्ति हमारे शहर की बुनियादी सेवाओं को सुधारने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करे। तमिलनाडु के थेनी में जन्मीं संपत सात साल की उम्र में अमेरिका आ गईं और एक दशक से अधिक समय से वाशिंगटन डीसी में रह रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि हमारे पास जीत की एक वास्तविक राह है। महज चार हफ्तों में मैं वाशिंगटन डीसी के इतिहास में मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन चुकी हूं। यही वह उपलब्धि है जो एक सीमित संसाधनों वाला, जन-समर्थित अभियान हासिल कर सकता है।

## आधी सदी के बाद चांद के द्वार इंसान

# मिशन आर्टेमिस-2



ब्रह्मांड की असीम गहराइयों को मापने की मानवीय जिज्ञासा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन के जरिए चार जांबाज अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की ओर रवाना कर दिया है। यह मिशन न केवल विज्ञान और तकनीक की विजय है, बल्कि यह उस 50 साल लंबे इंतजार का अंत भी है जो 1972 के अपोलो 17 मिशन के बाद शुरू हुआ था। इस बार का सफर सिर्फ चांद को छूने का नहीं, बल्कि वहां स्थायी रूप से बसने और भविष्य में मंगल ग्रह तक पहुंचने की नींव रखने का है। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से विशालकाय स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट के जरिए ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चार अंतरिक्ष यात्री रीड वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैंसन करीब 10 दिनों की यात्रा पर निकले हैं। ये चांद के सबसे करीब से उसकी परिक्रमा कर पृथ्वी पर लौटेंगे।

### चांद की कक्षा में क्या करेंगे यात्री

- शुरुआती परीक्षण : पृथ्वी की कक्षा में पहले 24 घंटों के दौरान वे यान के टॉयलेट, पानी की व्यवस्था और हवा की शुद्धता की जांच करेंगे।
- चंद्रमा की परिक्रमा : यान चांद के दूर वाले हिस्से के ऊपर से गुजरेगा, जिसे पृथ्वी से कभी नहीं देखा जा सकता। यात्री वहां की हाई-रेज़ोल्यूशन तस्वीरें लेंगे और आंखों देखा विवरण साझा करेंगे।
- वैज्ञानिक प्रयोग : चालक दल ऑर्गन-ऑन-ए-चिप जैसे उपकरणों का उपयोग करके यह देखेंगे कि अंतरिक्ष का वातावरण मानव ऊतकों को कैसे प्रभावित करता है।

### मिशन का खर्च

- आर्टेमिस-2 का खर्च : अनुमान है कि इस एकल मिशन की लॉन्चिंग लागत 4.1 बिलियन डॉलर (करीब 34,000 करोड़ रुपये) से अधिक है। पूरे आर्टेमिस प्रोग्राम का बजट 2025 तक 93 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ● तुलना : भारत के तीनों चंद्रयान मिशनों का कुल खर्च लगभग 2,000 करोड़ रुपये रहा है। नासा का एक आर्टेमिस-2 मिशन भारत के पूरे चंद्रयान कार्यक्रम से लगभग 17 गुना महंगा है।

### मिशन के मुख्य लक्ष्य

- प्रणालियों का सत्यापन : गहरे अंतरिक्ष में ओरियन अंतरिक्ष यान के लाइफ सपोर्ट, संचार और नेविगेशन सिस्टम की जांच करना।
- भविष्य की लैंडिंग की तैयारी : यह मिशन आर्टेमिस-3 और उसके बाद के मिशनों के लिए रास्ता साफ करेगा, जिसमें इंसान वास्तव में चांद की सतह पर कदम रखेगा।
- गहरे अंतरिक्ष का अनुभव : पृथ्वी की निचली कक्षा से बाहर निकलकर लंबी दूरी की यात्रा के दौरान विकिरण और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के मानवीय स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन।

### चांद की परिक्रमा

- यह चालक दल इस बार चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेगा, लेकिन वे चांद के सबसे करीब (लगभग 7,600 किमी की दूरी) से उसकी परिक्रमा करेंगे। यह मिशन साबित करेगा कि क्या हमारे आधुनिक लाइफ-सपोर्ट सिस्टम गहरे अंतरिक्ष की विकट परिस्थितियों में इंसानों को सुरक्षित रख सकते हैं।

### भारत और चंद्रमा

- भारत के चंद्र मिशनों ने पूरी दुनिया में अपनी धाक जमाई है। विशेष रूप से चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना दिया।
- अंतरिक्ष में भारतीय : भारत के राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष (सोवियत संघ के मिशन के तहत) जाने वाले पहले भारतीय थे, लेकिन वे चंद्रमा पर नहीं गए थे।
- भविष्य की योजना : भारत का गगनयान मिशन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने की तैयारी कर रहा है, इसरो का लक्ष्य 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर उतारने का है।

# भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया

## छत्तीसगढ़ में आईआईएम के दीक्षांत समारोह में पश्चिम एशिया संकट पर बोले विदेश मंत्री


रायपुर, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि वैश्विक सकंट के बीच भारत मजबूती से उभरा है और हालात का डटकर मुकाबला किया है। जयशंकर ने यहां स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर फरवरी में हमले शुरू किए जाने से उत्पन्न पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा हाइड्रोकार्बन की कमी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण की व्यापकता के चलते संघर्ष का असर दूर-दराज के समाजों पर भी गहराई से पड़ा है। जयशंकर ने कहा कि अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हाल ही में आए कई वैश्विक झटकों ने हमारी सहनशक्ति की परीक्षा ली है, और भारत उनसे मजबूती से उबरकर बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी, दोनों तरह की चुनौतियों का काफी हद तक सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है।

विदेश मंत्री ने कहा कि अधिक समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है, जिससे हम सभी अब ऊंची उम्मीदें रख सकते हैं। हमने न सिर्फ डिजिटल क्रांति को पूरे उत्साह के साथ अपनाया है, बल्कि असल में इसे अपने जीवन में एक मकसद के साथ लागू भी किया है। यहां तक कि कई विकसित समाजों ने भी ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मैंने जिन वैश्विक रुझानों का जिक्र किया है, उनकी रोशनी में राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करना अब और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। बड़े देशों के लिए तो यह बात खास तौर पर सच है। आप देखेंगे कि विकसित दुनिया में भी, वैश्वीकरण के पुराने मंत्रों की जगह अब आत्मनिर्भरता के प्रति एक नई जागरूकता ने ले ली है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में हमारे लिए, यह भावना आत्मनिर्भर भारत के रूप में व्यक्त होती है। इसका महत्व तब साफ नजर आता है जब बात भोजन, स्वास्थ्य या ऊर्जा सुरक्षा की हो, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा की। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा क्षमताएं अपने नियंत्रण में सुरक्षित कर सकें। जयशंकर ने कहा कि जाहिर है, कुछ क्षेत्र दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होंगे। ऐसे मामलों में, इसका हल भरोसेमंद या विश्वसनीय साझेदारियों तथा विविध स्रोतों से आपूर्ति में निहित है। लेकिन आखिरकार मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करने की कोई अनदेखी नहीं कर सकता। जोखिम कम करने और असल में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने का यह सबसे असरदार तरीका है।



### खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती

जयशंकर ने कहा कि ऐसे में, दुनिया के सामने एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती खड़ी हो गई है जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के चलते अब जोखिमों से बचाव, जोखिम कम करने और विविधता लाने की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है, चाहे वह कोई व्यावसायिक फैसला हो या फिर विदेश नीति से जुड़ा कोई निर्णय। घरेलू प्राथमिकताओं की ओर रुख करते हुए, जयशंकर ने राष्ट्र-निर्माण में व्यापार और उद्यम की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जाहिर है, राष्ट्र-निर्माण एक बेहद जटिल कार्य है जिसके कई आयाम हैं।

### दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक है। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया आज एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती का सामना कर रही है, जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में इस समय जो उथल-पुथल मची है, वह कई मायनों में ढांचागत भी है। वैश्विक व्यवस्था हमारी आंखों के सामने ही बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखे जा सकते हैं। कुछ समाजों की राजनीति के लिए इन बदलावों को स्वीकार कर पाना मुश्किल हो रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, सैन्य क्षमताओं, कनेक्टिविटी और संसाधनों के क्षेत्र में हो रहे नए विकासों ने, लगातार बढ़ते प्रतिस्पर्धी माहौल में, जोखिम उठाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। आज हर चीज का लाभ उठाया जा रहा है और अगर उसे सीधे तौर पर हथियार नहीं बनाया जा रहा है, तो भी उसका इस्तेमाल एक हथियार की तरह ही किया जा रहा है।

# मलप्पुरम में शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और चालक पर हमला

मलप्पुरम (केरल), एजेंसी



● पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, शशि थरूर सुरक्षित

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और वाहन चालक पर वंडूर में पांच लोगों के समूह ने कथित तौर पर हमला किया, जिसके बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वंडूर पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और एक व्यक्ति हिरासत में है।

पुलिस ने बताया कि थरूर के सुरक्षाकर्मी रतीश केपी. की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वंडूर के तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब चेल्लीथोडे पुल पर जाम था और थरूर कांग्रेस नेता ए. पी. अनिलकुमार के चुनावी अभियान कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। प्राथमिकी के मुताबिक, दो वाहनों में सवार आरोपियों ने सांसद के वाहन को रोक दिया। जब सुरक्षाकर्मी ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो उस पर और चालक पर कथित तौर पर हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि सड़क संकरी थी और सुरक्षाकर्मी ने सांसद के काफिले के मार्ग को सुगम बनाने के लिए आगे चल रहे वाहन को केवल गति बढ़ाने के लिए कहा था।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और शेष आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच, थरूर ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई। थरूर ने कहा कि बीती रात को उनके सुरक्षाकर्मी पर हुए हमले की अप्रिय घटना के बाद उन्हें कई संदेश और फोन कॉल आए जिसमें उनकी सलामती के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा कि उनके प्रति चिंता प्रकट करने वाले शुभचिंतकों के वह दिल से बहुत आभारी है।

## उज्बेक विश्वविद्यालयों में प्रवेश से पूर्व उनकी साख की जांच कर लें विद्यार्थी

● भारतीय दूतावास ने प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों को दी सलाह

**मॉस्को।** भारत ने उज्बेकिस्तान के विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अपने छात्रों को उक्त संस्थानों की साख की जांच करने की सलाह दी है। साथ ही एफएमजीएल नियमों के संभावित उल्लंघन को लेकर चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा विदेश में चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट लाइसेंशिएट्स (एफएमजीएल) प्रदान किया जाता है। ताशकंद स्थित भारतीय दूतावास ने छात्रों से आग्रह किया कि वे किसी भी व्यक्ति या एजेंट के बहकावे में न आएं और यह भी सुनिश्चित करें कि उज्बेकिस्तान के संस्थान अपनी क्षमता से अधिक छात्रों को प्रवेश तो नहीं दे रहे हैं। उज्बेकिस्तान के चिकित्सा महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर कई शिकायतें मिलने के बाद भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को छात्रों के लिए एक परामर्श जारी किया।

भारतीय दूतावास के मुताबिक उज्बेकिस्तान में भारतीय समुदाय की अनुमानित संख्या 21,000 है, जिसमें देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत 16,300 छात्र शामिल हैं।

## एप्स्टीन यौन अपराध : पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

● यौन शोषण का शिकार हुईं करीब 75 महिलाओं के लिए 7.25 करोड़ डॉलर मुआवजा कोष की मंजूरी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** जेफ्री एप्स्टीन द्वारा 2008 से यौन शोषण का शिकार हुईं करीब 75 महिलाओं को 7.25 करोड़ डॉलर के उस मुआवजा कोष से सहायता जारी की सकती है, जिसे बैंक ऑफ अमेरिका ने पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों के साथ समझौते के तहत स्थापित किया है। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जेड एस राकोफ ने बृहस्पतिवार को इस समझौते को प्रारंभिक मंजूरी दे दी और अंतिम मंजूरी के लिए 27 अगस्त को सुनवाई तय की है। उन्होंने वकीलों को यह भी निर्देश दिया कि वे शुक्रवार तक उन प्रकाशनों की विस्तृत सूची पेश करें, जिनके जरिए एप्स्टीन के पीड़ितों को इस मुआवजा कोष की जानकारी दी जा सके। न्यायाधीश ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी पीड़िता सहायता से वंचित न रह जाए। एप्स्टीन द्वारा यौन शोषण का शिकार हुई महिलाओं के वकीलों ने बैंक के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया कि जून 2008 से लेकर जुलाई 2019 की शुरुआत में यौन अपराधों के आरोपों में एप्स्टीन की गिरफ्तारी तक, बैंक ने उससे जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर ध्यान नहीं दिया, जबकि वह लगातार लड़कियों और महिलाओं का शोषण कर रहा था। एप्स्टीन की अगस्त 2019 में मैनहैटन की एक संघीय जेल में मौत हो गई थी, जिसे आत्महत्या करार दिया गया था। बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान वकील डेविड बोइस ने कहा कि पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों का अनुमान है कि 60 से 75 महिलाएं दावे पेश करेंगी, जिनके आधार पर वे इस समझौता कोष से मुआवजा पाने की पात्र होंगी।

## सीडीएस चौहान ने सीमा पर लिया सैन्य तैयारियों का जायजा

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को श्रीनगर में चिनार कोर के अंतर्गत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों का दौरा किया और सैन्य तैयारियों का जायजा लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने उत्तर कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ सुरक्षा परिदृश्य और परिचालन स्थिति की समीक्षा की तथा उत्कृष्ट परिचालन तैयारी, सैद्धांतिक सामंजस्य और दृढ़ पेशेवर क्षमता की सराहना की। बारामूला में उन्हें भविष्य में सेनाओं की प्रौद्योगिकी समावेशन पर जानकारी दी गई। चिनार कोर के अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसके कारण क्षेत्र-केंद्रित दृष्टिकोण से बहु-क्षेत्रीय अभियानों की ओर बदलाव आवश्यक है, जो एक सुदृढ़ और एकीकृत संरचना पर आधारित हो। उन्होंने संयुक्तता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भूमि, वायु, समुद्री, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य संबंधित क्षेत्रों में निर्बाध एकीकरण निर्णायक परिणाम प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने भविष्योन्मुख युद्ध के लिए त्वरित संयुक्त प्रशिक्षण, सिद्धांतों का सामंजस्य तथा परस्पर क्रियाशील कमान और नियंत्रण संरचनाओं के विकास का आह्वान किया, ताकि सभी क्षेत्रों में समन्वित परिणाम हासिल किए जा सकें। जनरल चौहान ने उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुनियोजित रोडमैप की आवश्यकता पर बल दिया-जो प्रौद्योगिकी अनुकूलन, सुदृढ़ता और एकीकृत प्रयासों के माध्यम से सामूहिक तैयारी को बढ़ावा दे।

## पेशावर में अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा ढहा

**पेशावर।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा पेशावर में कथित तौर पर हाल ही में हुई भारी बारिश और उसके बाद शुक्रवार रात आए भूकंप के कारण ढह गया। अधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों ने इसकी जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित सदी पुरानी कपूर हवेली को पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2016 में राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया था। खैबर पख्तूनख्वा हेरिटेज काउंसिल के सचिव शकील वहीदुल्लाह ने बताया कि भूकंप के झटकों के बाद हवेली की दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिससे शेष ढांचे की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीदुल्लाह ने पुरातत्व विभाग और प्रांतीय सरकार से ऐतिहासिक इमारत के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की और चेतावनी दी कि लापरवाही जारी रही तो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को अपूरणीय क्षति हो सकती है। हवेली पेशावर शहर के प्रसिद्ध किस्सा ख्वानी बाजार के मध्य स्थित है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज मेहनत का फल मिलेगा। दोपहर बाद व्यापार में लाभ के योग हैं। वैवाहिक संबंधों में स्पष्टता आवश्यक है।

**तुला** – आज चंद्र प्रभाव शुभ है। जीवन में आकर्षण और आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी से बचें।

**वृष** – आज धन की गति सुधरेगी। परिजनों से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। नक्षत्र परिवर्तन निर्णय-शक्ति बढ़ाएगा।

**वृश्चिक** – आज आध्यात्मिकता की ओर झुकाव रहेगा। विशाखा से ऊर्जा और साहस मिलेगा। पुराने अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन** – आज का दिन संचार, मीडिया, मार्केटिंग कार्य के लिए अनुकूल रहेगा। मन-मस्तिष्क में नए विचार जन्म लेंगे।

**धनु** – आज के दिन भाग्य सहयोगी रहेगा। कारोबार संबंधी यात्राएं शुभ रहेंगी। आर्थिक लाभ और मित्रों का भरपूर साथ मिलेगा।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। भावनाओं पर नियंत्रण रखें। निवेश पर विचार करें। परिवार से सहयोग मिलेगा।

**मकर** – आज करियर में उन्नति के योग हैं। वरिष्ठजनों का समर्थन मिलेगा। व्यापार में कार्यभार के साथ लाभ भी बढ़ेगा।

**सिंह** – आज आपकी कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। सामाजिक मान बढ़ेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।


**कुंभ** – आज के दिन शिक्षा, रणनीति और प्रतियोगिता आपके पक्ष में रहेगी। रचनात्मकता उच्च रहेगी। कार्यक्षेत्र में वर्कलोड बढ़ेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में लाभ के प्रबल योग हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। जीवन हेतु लिए गए निर्णय प्रभावी रहेंगे।

**मीन** – आज का दिन नया कार्य शुरू करने के लिए उत्तम है। शारीरिक ऊर्जा बढ़ी हुई रहेगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 5 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 11.59 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 6 अप्रैल 00.08 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

### सुडोकू -110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

## ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास दिखा ड्रोन, सीएम ने दिए जांच के आदेश

**मालदा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास शनिवार दोपहर मालदा के मालतीपुर में एक ड्रोन देखे जाने से सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल जांच के आदेश दिए। यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री मालतीपुर में अपनी जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर में सवार होने जा रही थीं। यह दिन में उनकी दूसरी रैली थी।

इससे पहले उन्होंने माणिकचक में सभा को संबोधित किया था और इसके बाद उन्हें गाजोल में तीसरी रैली के लिए रवाना होना था। जैसे ही वह हेलीपैड के पास पहुंचीं, हेलीकॉप्टर के सामने एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया। ड्रोन को देखते ही मुख्यमंत्री रुक गईं और माइक लेकर पुलिस को इस मामले पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

राष्ट्र सेवा | 15 दिन के भीतर 62 हजार से अधिक कार्यक्रम, 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने की भागीदारी

# राष्ट्रीय चेतना जगाने में आरएसएस ने दिखाई अद्भुत क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका ऑर्गनाइजर ने अपने नवीनतम संपादकीय में कहा है कि कुछ वर्गों द्वारा पहचान आधारित विभाजनों के जरिए समाज में खाई पैदा करने के प्रयासों के बावजूद संघ ने भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत और विस्तारित करने की अद्भुत क्षमता दिखाई है।

यह प्रक्रिया विजयादशमी उत्सव से शुरू हुई, जिसके तहत अक्टूबर 2025 से सक्रिय स्वयंसेवकों को व्यापक रूप से एकजुट किया गया। 15 दिनों में 62,000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके अलावा, 22,000 स्थानों पर पथ संचलन आयोजित हुए, जिनमें 25 लाख से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पत्रिका ने कहा कि पहले चरण में जागृत लोगों के एक महत्वपूर्ण समूह को संगठित किया गया, जो अभियान को दूसरे चरण तक ले जा सके। इसमें कहा गया है कि संघ के गृह संपर्क अभियान के जरिए अब तक 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंच बनाई गई है, जो 46 में से 37 प्रांतों को कवर करता है। संपादकीय में कहा गया कि इस अभियान के माध्यम से सक्रिय स्वयंसेवकों और संघ के कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले लोगों तक पहुंच बनाई गई।

इस प्रक्रिया ने राष्ट्र की सुप्त शक्ति को जागृत किया और स्वयंसेवकों को समाज के आम सवालों चाहे वे समर्थक हों या आलोचक, को समझने का अवसर मिला। बताया गया कि देशभर में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में जाति, पंथ, धर्म या राजनीतिक संबद्धता से परे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प

संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की बैठक हरियाणा के समालखा में हुई, जिसमें 2025-26 के कार्यों की समीक्षा और भविष्य की रणनीति तय की गई। पंद्रह मार्च को समाप्त हुई इस तीन दिवसीय बैठक में संगठनात्मक विस्तार, राष्ट्रीय हित में सकारात्मक ताकतों की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबाले सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा संघ से जुड़े 32 संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों ने भी इसमें भाग लिया, जिनमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी शामिल है।



> हमने ड्रेसिंग रूम में ये निर्णय लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को। इससे जब हम मैच खेलते हैं तो हमें भी एक तरह से काफी कुछ साफ पता रहता है।
> –श्रेयस अय्यर, पंजाब किंग्स के कप्तान


# स्टेडियम

बरेली, रविवार, 5 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

1. सनराइजर्स हैदराबाद बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

2. चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
समय - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट

## पायल ने शीतल को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण जीता



युवा तीरंदाज पायल नाग अपनी बहन बरशा के साथ। एजेंसी

**बैंकॉक।** दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुकी युवा तीरंदाज पायल नाग ने यहां विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में बड़ा उलटफेर करते हुए हमवतन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की जिसमें देश ने कुल सात स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। 18 साल की उभरती हुई तीरंदाज पायल ने कंपाउंड महिला वर्ग के फाइनल में 139-136 से जीत हासिल की।

# गेंदबाजों की कसावट के बाद रिजवी की लगातार दूसरी मैच जिताऊ पारी

## आईपीएल-2026 : दिल्ली ने मुंबई को छह विकेट से हरा लगातार दूसरी जीत दर्ज की



**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुकेश कुमार और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी (90) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन की पारी खेलने वाले रिजवी जब क्रीज पर आए, तब दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था। उन्होंने 51 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा पाथुम निसांका (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 66 रन और चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (नाबाद 21) के साथ 39 गेंदों में 78 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत दिलाई। मुंबई के लिए दीपक चाहर, मिचेल सैंटनर और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के अस्वस्थ होने के कारण टीम का नेतृत्व कर रहे सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए।

### मुंबई इंडियंस

**162/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रयान रिकेल्टन का अक्षर बो मुकेश | 09 |
| रोहित शर्मा का राणा बो अक्षर | 35 |
| तिलक वर्मा का एवं बो मुकेश | 00 |
| सूर्यकुमार यादव पगबाधा एनगिडी | 51 |
| शरफेन रदरफोर्ड का मुकेश बो निगम | 05 |
| नमन धीर का स्टब्स बो नटराजन | 28 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 18 |
| कोर्बिन बोश नाबाद | 11 |

अतिरिक्त : 05

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-26-2, एनगिडी 4-0-34-1, अक्षर 4-0-22-1, निगम 3-0-24-1, कुलदीप 3-0-31-0, टी नटराजन 3-0-24-1

### दिल्ली कैपिटल्स

**164/4** (18.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| केएल राहुल का रिकेल्टन बो चाहर | 01 |
| पथुम निसंका का मार्कंडेय बो सैंटनर | 44 |
| नीतिश राणा रन आउट | 00 |
| समीर रिज्वी का तिलक बो बोश | 90 |
| डेविड मिलर नाबाद | 21 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 03 |

अतिरिक्त : 05

गेंदबाजी : चाहर 3-0-20-1, बुमराह 4-0-21-0, सैंटनर 3-0-22-1, शारदुल 3-0-41-0, मार्कंडेय 2-0-20-0, बोश 3.1-0-39-1

उन्होंने रोहित शर्मा (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 और नमन धीर (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अहम साझेदारी की। रोहित ने 26 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, तो वहीं नमन ने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें अक्षर (22 रन पर एक विकेट), लुंगी एनगिडी (34 रन पर एक विकेट), विपराज निगम (24 रन पर एक विकेट) और टी. नटराजन (24 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल (एक) पहले ओवर में ही दीपक चाहर की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे, तो वहीं अगले ओवर में नीतिश राणा खाता खोले बगैर जसप्रीत बुमराह के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए। चाहर इस बीच अपनी ही गेंद पर निसांका के करारे प्रहार को लपकने में नाकाम रहे और श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने जीवनदान का जश्न अगले ओवर में सैंटनर के खिलाफ दो चौकों के साथ मनाया। वहीं, पिछले मैच में मैच जिताऊ पारी खेलने वाले समीर रिजवी ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। दिल्ली ने पावरप्ले में दो विकेट पर 42 रन बनाए, जबकि आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा हुआ। बोश की गेंद पर नमन ने निसंका का मुश्किल कैच टपका दिया और रिजवी ने अगली गेंद पर शानदार छक्का जड़कर मुंबई के जख्मों पर नमक छिड़का। उन्होंने अगले ओवर में सैंटनर का स्वागत चौके से किया, लेकिन न्यूजीलैंड के इस अनुभवी गेंदबाज ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए निसांका की पारी पर विराम लगा दिया। रिजवी ने बोश के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े। उन्होंने ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर मुंबई के गेंदबाजों द्वारा कायम दबाव को खत्म किया।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. राजस्थान रॉयल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 4.171 |
| 2. दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 3. पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 4. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 5. सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 6. मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. गुजरात टाइटंस | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.424 |
| 8. लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. चेन्नई सुपर किंग्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.562 |

### ऑरेंज कैप



समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन
कूपर कॉनली
पंजाब 108 रन

### पर्पल कैप



रवि विश्नोई
राजस्थान 5 विकेट
विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 4 विकेट

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई से संपर्क साधा

- बीसीबी अध्यक्ष बुलबुल का जल्द समाप्त हो सकता कार्यकाल

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर में भारत के सफेद गेंद के दौरे को बचाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है। दोनों देशों के बीच रिश्ता तब तनावपूर्ण हो गया था जब बीसीबी ने भारत में हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से हटने का फैसला किया था।

ऐसा माना जा रहा है कि बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल का कार्यकाल जल्द ही समाप्त हो सकता है और एक अंतरिम बोर्ड बीसीसीआई के साथ बातचीत शुरू कर सकता है। माना जाता है कि खेल मंत्रालय के सलाहकार और भारत-विरोधी कट्टरपंथी आसिफ नजरुल बीसीबी को चलाते हैं जिन्होंने ही सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था। यह फैसला तब लिया गया जब बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति नहीं दी थी।

बीसीबी ने अनुरोध किया था कि उनके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस तर्क में कोई दम नहीं लगा और उसने भारत में टीम के लिए किसी भी सुरक्षा खतरे की बात को खारिज कर दिया था।

# राजस्थान की गुजरात पर छह रन से रोमांचक जीत

- आर्चर-देशपांडे के बेहतरीन आखिरी दो ओवरों ने रबाडा-राशिद की मेहनत पर पानी फेरा

**अहमदाबाद , एजेंसी**



जीत का जश्न मनाते राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी। एजेंसी

तुषार देशपांडे के सटीक आखिरी ओवर की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के बेहद रोमांचक मुकाबले में शनिवार को गुजरात टाइटंस को छह रन से हरा दिया। रॉयल्स की यह लगातार दूसरी जीत और गुजरात की लगातार दूसरी हार थी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स ने ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल के अर्धशतकों के दम पर छह विकेट पर 210 रन बनाये थे लेकिन साइ सुदर्शन की 73 रन की पारी के बावजूद गुजरात की टीम आठ विकेट पर 204 रन ही बना सकी। एक समय सात विकेट 161 रन पर गिर गए थे लेकिन कैगिसो रबाडा (नाबाद 23) और कार्यवाहक कप्तान राशिद खान (24) टीम को जीत के करीब ले गए और आखिरी ओवर में दस रन की ही जरूरत थी।

ऐसे में रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने नांद्रे बर्गर की बजाय देशपांडे को गेंद सौंपकर सभी को चौंका दिया । गेंदबाज ने हालांकि अपने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए पहली वाइड गेंद के अलावा सभी सटीक गेंदें डाली । इस ओवर में चार रन ही बन सके और छक्का लगाने के प्रयास में राशिद सीमारेखा के पास जोफ्रा आर्चर को कैच दे बैठे । इससे पहले आर्चर ने 19वें ओवर में सिर्फ चार रन ही दिये थे । मांसपेशी में ऐंठन के कारण इस मैच से बाहर शुभमन गिल की जगह खेलने वाले कुमार कुशाग्र ने 14 गेंद में 18 रन बनाये । उन्होंने सुदर्शन (44 गेंद में 73 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 78 रन जोड़े ।सुदर्शन ने अपनी पारी में तीन छक्के और नौ चौके लगाये । गुजरात का स्कोर सुदर्शन के आउट होने से पहले एक विकेट पर 107 रन था लेकिन अचानक पांच विकेट पर 133 रन और सात विकेट पर 161 रन हो गया । राशिद और रबाडा ने हालांकि वापसी की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवर में बाजी पलट गई । इससे पहले जुरेल के 42 गेंद में 75 रन और जायसवाल के अर्धशतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट पर 210 रन बनाये । जायसवाल ने 36 गेंद में 55 रन बनाये जबकि वैभव सूर्यवंशी ने 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली । दोनों ने पहले विकेट के लिये सिर्फ 6 . 2 ओवर में 70 रन बना डाले । जुरेल ने तीसरे नंबर पर उम्दा बल्लेबाजी करते हुए 150 से ऊपर की स्ट्राइक रेट के बावजूद बेहतरीन क्रिकेट शॉट्स खेले । उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए।

### राजस्थान रॉयल्स

**210/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रबाडा | 55 |
| वैभव सूर्यवंशी का फिलिप्स बो राशिद | 31 |
| ध्रुव जुरेल का बटलर बो सिराज | 75 |
| रियान पराग का कुशाग्र बो प्रसिद्ध | 08 |
| शिमरोन हेटमायेर का सिराज बो शर्मा | 18 |
| डोनोवन फरेरा का फिलिप्स बो रबाडा | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 14 रन

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-48-1, रबाडा 4-0-42-2, शर्मा 4-0-37-1, प्रसिद्ध 4-0-43 -1, राशिद 4-0-39-1

### गुजरात टाइटंस

**204/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साइ सुदर्शन का देशपांडे बो बिश्नोई | 73 |
| कुमार कुशाग्र का हेटमायेर बो पराग | 18 |
| जोस बटलर का संदीप बो बर्गर | 26 |
| ग्लेन फिलिप्स का आर्चर बो बिश्नोई | 3 |
| वॉशिंगटन सुंदर का जडेजा बो बिश्नोई | 4 |
| राहुल तेवतिया का जुरेल बो बिश्नोई | 12 |
| एम शाहरूख खान रन आउट | 11 |
| राशिद खान का आर्चर बो देशपांडे | 24 |
| कैगिसो रबाडा नाबाद | 23 |
| अशोक शर्मा नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : 10 रन

गेंदबाजी : आर्चर 4-0-38-0, बर्गर 3-0-29-1, शर्मा 3 -0-34-0, देशपांडे 3-0-24-1, जडेजा 2-0-25-0, पराग 1-0-11-1, बिश्नोई 4-0-41-4

# सनराइजर्स के खिलाफ एलएसजी के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

**हैदराबाद, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर जीत दर्ज करनी है, तो उसके बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। सनराइजर्स की टीम ने अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराया था जिससे वह अपने घरेलू मैदान पर सत्र के पहले मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी।

उप्पल के स्टेडियम में दोपहर के खेल में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है जिससे कि एलएसजी के लिए यह मैच अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है। सनराइजर्स को यहां की परिस्थितियां पसंद हैं और इसलिए वह मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली एलएसजी की टीम पिछले कुछ वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान साथियों को टिप्स देते सनराइजर्स के कप्तान ईशान किशन।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद** : ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर . स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

**लखनऊ सुपर जायंट्स** : ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज़ अहमद, आकाश महाराज सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन सचिन तेंदुलकर, मयंक प्रभु यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिक नोर्किया, जोश इंग्लिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, सिद्धार्थ, मुकुल।

# आरसीबी की निगाह दूसरी जीत पर

- सीएसके को गेंदबाजी में करना होगा सुधार
- संजू सैमसन का फॉर्म भी चेन्नई के लिए चिंता का विषय

**बेंगलुरु, एजेंसी**

अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद पर्याप्त आराम पाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार दूसरी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। सीएसके के लिए संजू सैमसन की फॉर्म और गेंदबाजी विभाग का कमजोर होना चिंता का विषय है।

आरसीबी की टीम 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अच्छी तरह से आराम कर चुकी है और वह तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। मानसिक और शारीरिक ताजगी के अलावा आरसीबी अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कहीं बेहतर टीम नजर आ रही है। आरसीबी के पास विराट कोहली की अगुवाई में शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। कोहली ने अपने बेजोड़ कौशल के दम पर पावर हिटिंग के इस जमाने में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है। देवदत्त पडिक्कल ने अपने भीतर के असली बल्लेबाज को जगा दिया है जो सनराइजर्स के खिलाफ उनकी 26 गेंद पर खेली गई 61 रन की तूफानी पारी में स्पष्ट नजर आया। रजत पाटीदार टीम की कप्तानी करने और आरसीबी के मध्य क्रम को मजबूती देने की दोहरी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। आरसीबी में अपनी गेंदबाजी में बहुत ज्यादा सुधार किया है। उसने कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल करके इसे सुधार का प्रयास किया है।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की, देसवाल।

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, सरफराज खान, अमन खान।

# गेंदबाजी सीएसके के लिए सबसे बड़ी परेशानी : गावस्कर

**चेन्नई।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी है और उन्हें अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए इस विभाग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

सीएसके को मौजूदा सत्र के अपने पहले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें शुक्रवार को पंजाब किंग्स के हाथों पांच विकेट से मिली हार भी शामिल है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमने अब तक जो देखा है उससे लगता है कि टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों में सीएसके के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी होगी। इसका मतलब है कि उन्हें अपने गेंदबाजों को मौका देने के लिए लगातार 225-230 के आसपास रन बनाने होंगे।

### आया बदलाव

**सीएसके के मुख्य कोच फ्लेमिंग ने कहा–टी20 में शुरुआत से ही आक्रामक हो गया खेल**

# औचित्यहीन हो गई फिनिशर की भूमिका

**चेन्नई, एजेंसी**



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में पारंपरिक फिनिशर की भूमिका बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई है, क्योंकि मैच की शुरुआत से ही पूरी तरह से आक्रामक खेल खेला जा रहा है।

सीएसके ने अपनी टीम में काफी फेरबदल किया है। उसकी बल्लेबाजी इकाई में शीर्ष क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों का दबदबा है, जिससे मध्य और निचले क्रम में विशेष रूप से फिनिशर की भूमिका की कमी महसूस हो रही है। फ्लेमिंग ने पंजाब किंग्स के हाथों सीएसके की पांच विकेट से हार के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं लगता कि अब फिनिशर जैसी कोई चीज रह गई है। पहली गेंद से ही हर कोई ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहा है। अब ऐसा नहीं है कि 16वें ओवर तक रन गति कुछ धीमी रखकर फिर तेजी से रन बनाए जाएं। पहली गेंद से ही प्रत्येक बल्लेबाज आक्रामक अंदाज में खेल रहा है।

उन्होंने कहा इसलिए पारी की शुरुआत से ही 10, 11, 12 का रन रेट अपेक्षित है। आपको 40 रन तक पहुंचने के लिए अधिक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इसलिए आपके पास ऐसे बल्लेबाज होने चाहिए जो शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक खेल खेलें और निश्चित रूप से हमारे पास वही टीम है। फ्लेमिंग ने कहा डेवाल्ड ब्रेविस चोट के कारण बाहर हैं और सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में से एक महेंद्र सिंह धोनी चोटिल हैं। इसलिए हमारे पास कुछ ताकत तो है। हमें उम्मीद है कि ब्रेविस की वापसी के बाद बीच के ओवरों में उनका दबदबा रहेगा। मैं अपनी टीम के खेल के तरीके से संतुष्ट हूं। भारत को टी20 विश्व कप में चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन पहले दो मैचों में संघर्ष करते नजर आए हैं। फ्लेमिंग ने हालांकि उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा वह अच्छा अभ्यास कर रहा है और जब वह लय में आ जाता है तो अक्सर मैच विजेता खिलाड़ी साबित होता है।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने बढ़ाई बल्लेबाजी की गति

फ्लेमिंग ने बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन बनाए रखने की भी अपील की और कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने खेल को बल्लेबाजी के पक्ष में झुका दिया है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से इम्पैक्ट प्लेयर नियम की बहुत बड़ी भूमिका है। मुझे नहीं पता कि यह कब तक रहेगा, लेकिन यह निश्चित रूप से क्रिकेट की गति को प्रभावित करता है। इससे खेल कुछ हद तक बल्लेबाजों के पक्ष में झुक गया है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 11 गेंदों पर खेली गई 39 रन की पारी ने 210 रन की लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब किंग्स को अच्छी शुरुआत दिलाई।